डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | पौष कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 25 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक- 71, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

हैप्पी क्रिसमस

# फेक न्यूज समाज में भ्रम पैदा करती है, इसे रोकने की जिम्मेदारी हर नागरिक की है : डॉ. एल. मुरुगन

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन ने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में हर व्यक्ति एक पत्रकार, संपादक और प्रकाशक बन चुका है। ऐसे में हर नागरिक का दायित्व है कि वह खबरों का सत्यापन करे और केवल प्रमाणित जानकारी ही साझा करे।

डॉ. मुरूगन ने टाउन हॉल में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज केवल सरकार की समस्या नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। हमें यह देखना होगा कि जो खबरें सोशल मीडिया पर दी जा रही हैं, वे समाज, व्यक्ति और समुदाय के लिए कितनी प्रभावी हैं।

डॉ. मुरूगन ने एक सवाल के जवाब में बताया कि डाल्टनगंज दूरदर्शन केंद्र की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर राज्य में एक दूरदर्शन केंद्र है, और क्षेत्रीय स्तर पर इनकी उपयोगिता को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। यहां के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया जाएगा कि केंद्र को फिर से प्रोग्राम प्रसारित करने के लिए सक्रिय किया जाए या कोई अन्य



आवश्यक कदम उठाया जाए।

- **स्कूल छोड़ चुके बच्चों को फिर से शिक्षा से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा।**
- **डाल्टनगंज दूरदर्शन केंद्र की समीक्षा कर फिर से शुरू करने पर होगा निर्णय।**
- **फेक न्यूज रोकने के लिए सरकार व्यापक नियम लाने की तैयारी में, मंथन जारी।**

एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। स्कूल छोड़ चुके बच्चों का सर्वे किया जाएगा और उन्हें फिर से स्कूल से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें विशेष ध्यान देने की जरूरत है।' डॉ. मुरूगन ने फेक न्यूज को समाज में भ्रम फैलाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि सोशल मीडिया पर साझा की जाने वाली खबरों का सत्यापन हो। उन्होंने कहा कि हमने इस मुद्दे को संसद में भी उठाया है। सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर लगातार चिंतन हो रहा है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे और सही जानकारी साझा करे। केवल सामूहिक प्रयास से ही सकारात्मक बदलाव संभव है।

डॉ. मुरूगन ने नागरिकों से अपील की कि वे समाज और समुदाय के हित में सोच-समझकर काम करें और अपने दायित्व का सही निर्वहन करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार इन मुद्दों पर गंभीरता से काम कर रही है और बेहतर परिणाम जल्द ही दिखेंगे।

## सीएम ने क्रिसमस और नववर्ष पर दी लोगों को शुभकामनाएं



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के लोगों को क्रिसमस और नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनकी खुशहाली की कामना की है। मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में राज्य कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्ष 2024 अपने अंतिम पड़ाव पर है और एक नया साल आने वाला है। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि जनकल्याण और विकास की जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं, वह इस राज्य के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास होगा कि हम ऐसे लोगों को राज्य के सर्वांगीण विकास का हिस्सा बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को बेहतर और दूरदर्शी दिशा की ओर आगे बढ़ाने के लिए हमलोग तैयार हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईसाई धर्मगुरुओं के साथ क्रिसमस की खुशियां बांटीं। एनडब्ल्यू चर्च के आर्च बिशप राजीव सतीश टोप्पो, बिशप निस्तार कुजूर और जीईएल चर्च के बिशप ने सीएम आवास पहुंचकर सोरेन से मुलाकात की। सीएम ने उनके साथ केक काटा और उन्हें क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।

## झारखंड के राज्य कर्मियों को क्रिसमस व नववर्ष का तोहफा

# तीन प्रतिशत बढ़ा महंगाई भत्ता

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड की हेमंत सरकार की कैबिनेट ने क्रिसमस और नववर्ष पर राज्य के सरकारी कर्मियों को बड़ा तोहफा दिया है। कैबिनेट ने राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता तीन प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया है। पहले महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत मिलता था, अब 53 प्रतिशत दिया जाएगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। तीन प्रतिशत बढ़े महंगाई भत्ता (डीए) का लाभ सातवां वेतन आयोग प्राप्त करने वाले सभी कर्मियों को मिलेगा। इनके अलावा, पेंशनधारी और पारिवारिक पेंशनधारियों को भी बढ़े हुए महंगाई भत्ता का लाभ दिया जाएगा। बढ़ा डीए एक जुलाई 2024 की तिथि से प्रभावी होगा। उन्हें करीब पांच से छह महीने का बकाया भुगतान भी किया जाएगा। बैठक के बाद अपर सचिव कैबिनेट राजीव रंजन ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में कुल 10 प्रस्ताव पास किए गए हैं। राजीव रंजन ने बताया कि कैबिनेट (मंत्रिपरिषद) में भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का झारखंड में सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (कैग रिपोर्ट) को झारखंड विधानसभा के पटल पर आगामी सत्र में रखने की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा, भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकारों के कल्याण पर प्रतिवेदन को झारखंड विधानसभा के पटल पर आगामी सत्र में उपस्थापन की मंजूरी दी गई। साथ ही, षष्ठम झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र



में राज्यपाल द्वारा दिए गए अभिभाषण पर मंत्रिपरिषद की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

इसी तरह, प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड (पीएबी) की प्रथम बैठक में अवयव मल्टी दिससिप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटीज (एमईआरयू) के अंतर्गत स्वीकृत योजना विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के लिए 99,56,10,604 रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दी गई। झारखंड उच्च न्यायालय में दर्ज याचिका में पारित आदेश के अनुपालन में वादी डॉ तुलसी महतो, तत्कालीन प्राध्यापक, एफएमटी विभाग, रिम्स, रांची सम्प्रति सेवानिवृत्त को भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। इसी प्रकार, झारखंड हाईकोर्ट, रांची में दायर निशांत अभिषेक एवं अन्य बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में न्यायालय की ओर से तीन जुलाई को पारित आदेश से उद्भूत अवमाननावाद में न्यायालय के जरिए 29 नवंबर को पारित आदेश के आलोक में वादीगणों / वर्ष 2017 में नियुक्त/कार्यरत सहायक खनन पदाधिकारियों को देय तिथि से सेवा संपुष्टि एवं वेतनवृद्धि अनुमान्य किए जाने के लिए एकबारीय व्यवस्था के तहत सेवा नियमावली में प्रावधानित विभागीय परीक्षा में उत्तीर्णता के आवश्यक शर्त/अर्हता में छूट प्रदान करने के निमित्त अधिसूचित झारखंड खनन अभियंत्रण सेवा नियमावली के संबंधित प्रावधान को, झारखंड हाईकोर्ट में 21 अक्टूबर 2024 को दायर एलपीए के आदेश के फलाफल से प्रभावित होने तथा पूर्वोद्धारण नहीं समझे जाने की शर्त के साथ शिथिल करने की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा, षष्ठम झारखंड विधान सभा का प्रथम सत्र के सत्रावसान के लिए मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दी गई। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का वित्त लेखे भाग -1 एवं 2 तथा विनियोग लेखे से संबंधित लेखा परीक्षा प्रतिवेदन को झारखंड विधानसभा के पटल पर आगामी सत्र में उपस्थापन की स्वीकृति दी गई।

### कैबिनेट के फैसले

- **डीए 50 से बढ़कर 53 प्रतिशत हुआ, 01 जुलाई 2024 से होगा प्रभावी**
- **पेंशनधारी और पारिवारिक पेंशनधारियों को भी मिलेगा बढ़े हुए डीए का लाभ**
- **मंत्रिपरिषद की बैठक में लगी कुल 10 प्रस्तावों पर मुहर**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने सुशासन सप्ताह पर कहा-

# पलामू में विकास और योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना है प्राथमिकता




**● पलामू में कृषि, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन पर हो रहे हैं बेहतर प्रयास : डॉ. एल मुरूगन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने देश को सड़कों से जोड़ने के साथ-साथ देश की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने सड़कों के फोर लेन और सिक्स लेन योजनाओं को धरातल पर उतारा। सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया है।

डॉ. मुरुगन ने बताया कि पलामू आकांक्षी जिला बनने के बाद क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं का सीधा लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। पलामू जिले में शत प्रतिशत लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रशासन सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। मंत्री ने पलामू में कृषि क्षेत्र में नवाचार के लिए उपलब्ध अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को लाभ मिल रहा है, जिससे कृषि क्षेत्र में विस्तार हो सके। डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत भी योजनाएं लॉन्च की जा रही हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है। सुशासन सप्ताह के तहत केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण एवं राज्य मंत्री आज पलामू में त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों से नगर भवन में रूबरू हो रहे थे। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि प्रशासन द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं के लिए मेडिकल और इंजीनियरिंग में **शेष पेज 11 पर**

## आज कल




# अटल की 100वीं जयंती आज प्रधानमंत्री मोदी देंगे श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बुधवार को 100वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेता उनकी समाधि स्थल 'सदैव अटल' पर जाकर श्रद्धांजलि देंगे। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित एनडीए के अन्य नेता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के मौके पर बुधवार सुबह 9 बजे 'सदैव अटल' पर जाएंगे और उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के बाद पीएम मोदी मध्य प्रदेश के खजुराहो जाएंगे। यहां वह अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। इसके साथ वह 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों की आधारशिला भी रखेंगे।

# रघुवर दास ने दिया इस्तीफा राष्ट्रपति ने किया स्वीकृत

- **पांच राज्यों में हुई नए राज्यपालों की नियुक्ति**
- **आरिफ मोहम्मद खान बनेंगे बिहार के गवर्नर**

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही राष्ट्रपति ने पांच राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति भी की है। उन्होंने राज्यपालों की नियुक्ति को लेकर खुशी भी जताई है। सभी नियुक्तियां संबंधित कार्यालयों के कार्यभार को



संभालने की तारीख से प्रभावी होंगी। इधर, सूत्रों के अनुसार, रघुवर दास को झारखंड भाजपा की कमान सौंपी जा सकती है।

राष्ट्रपति कार्यालय से मंगलवार शाम को जारी सूची के मुताबिक मिजोरम के राज्यपाल डॉ हरि बाबू कंभमपति को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति ने जनरल डॉ विजय कुमार सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम (सेवानिवृत्त) को मिजोरम का राज्यपाल नियुक्त किया है।

इसके अलावा, भी कुछ अन्य राज्यों में राज्यपालों की नई नियुक्तियां की गई हैं। इसमें केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आरिफ मोहम्मद खान अपने बयानों को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं। उनकी जगह अभी तक बिहार के राज्यपाल के **शेष पेज 11 पर**

# सावधान रहें अंतरराष्ट्रीय कॉल से, हो सकती है धोखाधड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने लोगों को सलाह दी है कि अपरिचित अंतरराष्ट्रीय नंबरों से कॉल लेते समय सावधानी बरतें। +91 के अलावा किसी अन्य नंबर (जैसे +8, +85, +65) से आने वाली कॉल धोखाधड़ी से जुड़ी हो सकती है। संचार मंत्रालय का कहना है कि धोखेबाज अब अंतरराष्ट्रीय नंबरों का उपयोग कर रहे हैं। इससे निपटने के लिए 22 अक्टूबर को ह्यइंटरनेशनल इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल्स प्रिवेंशन सिस्टमह्व लांच किया गया है। 24 घंटों के अंदर भारतीय फोन नंबरों से की जाने वाली अंतरराष्ट्रीय कॉलों में से लगभग 1.35 करोड़ या 90 प्रतिशत पहचान और ब्लॉक किया गया है। मंत्रालय का कहना है कि धोखाधड़ी के खिलाफ बनी टास्क फोर्स ने सिफारिश की थी कि देश के बाहर से आने वाली कॉल को दूरसंचार प्रदाता 'अंतरराष्ट्रीय कॉल' के तौर पर दिखाएं। एयरटेल ने ऐसा करना शुरू कर दिया है। अन्य सेवा प्रदाता भी इसे लागू करने के लिए तकनीकी व्यवहार्यता तलाश रहे हैं।

## इंडिया

# शराब पीकर हुड़दंग मचाने या नए संकल्प लेने से हो नववर्ष की शुरूआत?

कहते हैं नए साल में जैसा पहले दिन किया जाए वैसा ही बीतता है और देखते देखते 2024 जाने को है जिनके लिए यह वर्ष खट्टी कम मीठी ज्यादा यादों से जुड़ा रहा उन्हें ऐसा लग रहा होगा जैसे कब साल बीत गया पता नहीं चला जबकि अनेक लोगों के जीवन में जो उतार चढ़ाव आए उनसे मीठी कम खट्टी ज्यादा यादें उन्हें साल के 12 महीने के 365 दिन गिनने में बीत गए की कब यह बड़ा वर्ष बीत जाए और 2025 उनके लिए कुछ अच्छी बातें लेकर आए क्योंकि ज्योतिषियों से लेकर सामान्य व्यक्ति तक यह धारणा बनी हुई है की हर वर्ष अलग फल देता है जबकि बहुत हद तक यह हमारे ऊपर भी निर्भर करता है कि हम बीत रहे वर्ष की अपनी कमियों भूलों और गलत फैसलों पर खुले दिल से विचार करते हुए नए वर्ष में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करें । नववर्ष का पहला दिन शराब पीकर हुड़दंग मचाते, डीजे बजाते और गलत ड्राइविंग करते हुए महिलाओं पर छींटाकशी करते हुए लोगों के कारण बहुत सारे लोग घर की छतों पर पिकनिक मनाते हुए नया साल मनाते हैं जो कहीं ना कहीं हमारी आधुनिकता और हमारे विकास की पोल खोलता है। यह भी सही है कि हर वर्ष पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ा दी जाती है पर हर पिकनिक स्थल पर कुछ ना कुछ अप्रिय घटनाएं घटना की सूचना मिलती है और कई बार झरनों या तालाबों में डूब कर कई लोग अपने परिजन के लिए एक दुखद स्मृति छोड़ जाते कहीं ना कहीं इसके मूल में शराब पीना या दुस्साहस करना शामिल होता है। इसी प्रकार वर्ष के अंत में या नव वर्ष के प्रारंभ में सड़क दुर्घटनाएं हर वर्ष होती इसके मूल में शराब या किसी ने किसी नशे का सेवन और उदंडता से गाड़ी चलाना होता है।हाल के वर्षों में सनातन समाज में एकता और भाईचारा बनाने में अग्रणी समूहों ने सोशल मीडिया से लेकर सभा सोसायटी तक में इस नववर्ष को अपना मानने से मना कर दिया है और संवत आधारित भारतीय कैलेंडर के चैत्र माह के संवत्सर को नया साल मनाने की कोशिश की है।इनका कहना है कि इनके संवत आधारित भारतीय कैलेंडर की शुरूआत ईसाई कैलेंडर से बहुत पहले हुई है और सारे पर्व त्योहार उसी के अनुसार मनाए जाते हैं। ऐसे लोग नए साल के पहले दिन मंदिर जाते हैं और अपने गुरुजन,परिवार के बड़ों या माता पिता का आशीर्वाद लेते हैं।इसी तरह अन्य धर्मावलंबी भी अपनी आस्था के अनुरूप अपने धार्मिक स्थलों में जाने से नए साल की शुरूआत करते हैं। बहुत से लोग अपनी बुराइयों को त्यागने का संकल्प लेते हैं तो कुछ लोग नए लक्ष्य तय करते हैं।यह हमारे ऊपर निर्भर है कि हम नए साल की शुरूआत या स्वागत पिछली गलतियों से सीख लेकर करते हैं या नई गलतियां करते हैं।



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक



# पीएलएफआई का कुख्यात उग्रवादी हथियार समेत गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** पुलिस ने मंगलवार को बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन में पीएलएफआई का कुख्यात उग्रवादी कैला यादव उर्फ संदीप जी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार उग्रवादी पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उग्रवादी के पास से एक पिस्टल और साथ में कई गोलियां भी बरामद की गई है। दरअसल लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का उग्रवादी कैला यादव लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के डोंकी गांव के आस पास किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर उग्रवादी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर जब छापेमारी अभियान चलाया तो उग्रवादी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस के तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा के साथ सात गोलियां बरामद हुई।

**कई जिलों में था आतंक का पर्याय :** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी ने लातेहार के अलावा पलामू, रामगढ़, चतरा समेत कई अन्य जिलों में आतंक मचा रखा था। गिरफ्तार उग्रवादी के खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्र में 20 से अधिक मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी से पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त मिली है। जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संदीप के गिरफ्तार होने के बाद पीएलएफआई उग्रवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। इस क्षेत्र में संगठन अब काफी कमजोर हो गया है। उग्रवादी के खिलाफ चलाए गए छापेमारी अभियान में डीएसपी भरत राम, इंस्पेक्टर दुलर चौड़े, थाना प्रभारी शशि कुमार, रणधीर कुमार सिंह, पप्पू यादव, उदित कुमार, रामाश्रय पासवान समेत अन्य पुलिस कर्मी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## जेई ने किया गोल्हना में पथ का निरीक्षण

# स्कूल व मतदान केन्द्र तक नहीं है सुलभ मार्ग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हैदरनगर-पतरिया मुख्य पथ से उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोल्हना सह मतदान केन्द्र संख्या 51 दूरी करीब 1. 2 किमी तक आवागमन में कठिनाई व सुलभ मार्ग नहीं रहने का मामला बीते लोस चुनाव के दौरान सुर्खियों में रहा है। पीसीसी सड़क निर्माण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करना एक महत्वपूर्ण कदम है। इस संबध में सामाजिक युवा कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा के नेतृत्व में वार्ड सदस्य बच्चन सिंह, संजय सिंह, अभिषेक सिंह, त्रिपुंजय सिंह, विशाल सिंह ने उपायुक्त को आवेदन देकर इस समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने कहा है कि बरसात के दिनों में सड़क का अवरुद्ध होना और कीचड़ व गड्ढों की भरमार से आवागमन अवरुद्ध होना व आम ग्रामीणों के बीच दुर्घटनाएं की असीम संभावनाएं बनी रहती है। उन्होंने इस मार्ग पर सुरक्षित व सुविधाजनक आवागमन सुनिश्चित करने के लिये पीसीसी निर्माण की मांग के साथ कहा कि इससे यहां के किसानों व उनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में भी मदद व आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। साथ ही कहीं भी स्वास्थ्य केन्द्र तक लोगों को तत्काल आवागमन में सुविधा मिल सकेगी। इससे स्कूली बच्चों को स्कूल तक आने जाने की अत्यधिक कठिनाई भी दूर होगी। उपायुक्त के निर्देश पर मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग के कनीय अभियंता धीरेन्द्र कुमार ने उक्त गामीण पथ का जाएजा व निरीक्षण के बाद कहा कि ग्रामीणों की मांग शत प्रतिशत सही है। शीघ्र ही जिला प्रशासन को रिपोर्ट सौंपी जायेगी।

## कुआं में गिरा दो नील गाय,वन विभाग के कर्मियों ने किया रेस्क्यू

**विश्रामपुर।** थाना अंतर्गत भंडार गांव के एक कुआं में मंगलवार को दो नीलगाय गिर गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। इसके बाद मोहम्मदगंज वन प्रक्षेत्र के वनपाल संदीप कुमार वन कर्मियों के साथ भंडार गांव पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रेस्क्यू के टीम ने तीन घंटे के मसक्कत के बाद दोनों निलगाय को सकुशल कुआं से बाहर निकाला।रेस्क्यू टीम में वनरक्षी मिथलेश कुमार,मुन्ना चौधरी व जितेंद्र सोनी भी शामिल थे। मौके पर कई ग्रामीण भी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### एके सिंह कॉलेज जपला में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**हुसैनाबाद।** खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राहुल कुमार सिंह व उनके दो सहयोगियों अशोक कुमार सिंह,(प्रयोगशाला प्रभारी), अनिकराज पाल (लिपिक) ने संयुक्त रूप से इसका आयोजन किया। खेल का आरंभ प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, एकेडमिक इंचार्ज डॉ. राम सुभग सिंह ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुल 4 खेल कराया गया। उनमें वॉलीबॉल, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, चक्का फेंक। भारी संख्या में लड़कों एवं लड़कियों ने भागीदारी की। गोला फेंक (पुरुष वर्ग) के विजेताओं में हिमांशु कुमार सिंह (प्रथम) सैयद आकिब (द्वितीय), रमेश पाल (तृतीय)।गोला फेंक (महिला वर्ग) के विजेता है :- सीमा कुमारी (प्रथम), नीलम कुमारी (द्वितीय), प्रीति मेहता (तृतीय)। चक्का फेंक (पुरुष वर्ग) के विजेताओं में हिमांशु कुमार सिंह (प्रथम), आशीष कुमार सिंह (द्वितीय), राहुल कुमार (तृतीय)। चक्का फेंक (महिला वर्ग) के विजेताओं में अंजली चौधरी (प्रथम), नीलम कुमारी (द्वितीय), आरती कुमारी (तृतीय)। 100 मी दौड़ (पुरुष वर्ग) के विजेताओं में राहुल चौधरी (प्रथम), कौशल कुमार (द्वितीय), आलोक पासवान (तृतीय)। 100 मी दौड़ (महिला वर्ग) की विजेताओं में नीलम कुमारी (प्रथम), आरती कुमारी (द्वितीय), श्वेता कुमारी (तृतीय)। वॉलीबॉल (पुरुष वर्ग) के विजेता टीम 'सी' तथा महिला वर्ग की विजेता टीम 'ए' हैं, जिसमें कप्तान क्रमशः अंशु कुमार सिंह और अंजली चौधरी हैं। खेलकूद प्रतियोगिता में प्रो. रेखा कुमारी सिंह,डॉ.आलोक रंजन कुमार, अखिलेश कुमार सिंह, वृंदा कुमारी, मीना गुप्ता, अरविंद कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह (लिपिक), जय राम एवं प्रहलाद पाल ने अहम भूमिका निभाई। प्रचार महोदय ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए खेल का समापन किया।

### समाज सेवी ने विधायक के पास रखी क्षेत्र की समस्याएं

**हैदरनगर।** सामाजिक कार्यकर्ता एआर रहमान ने हुसैनाबाद के विधायक संजय कुमार सिंह यादव को औपचारिक भेंट किया। उन्होंने भारत का संविधान और लोगों की जनसमस्याओं से भी उन्हें कराया अवगत कराने के देशवासियों को इसी पथ पर चलकर अमन चैन कायम रखने की अपील की। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि उनका क्षेत्र के हर कोना में चप्पे चप्पे की जानकारी है। सभी स्थानों अति आवश्यक समस्याओं को दूर कराने के लिए समस्त जानकारी के साथ सूची भी तैयार कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र की सभी समस्याओं को हरसंभव और यथाशीघ्र दूर कराने का प्रयास होगा। मौके पर राजद के प्रदेश सचिव रिजवान, खान, खुर्शीद अहमद, मो. कलामुद्दीन खान, अजहर अली, युवा समाजसेवी सोनू कुमार, शहनवाज खान, सैफ अली, वसीम अंसारी, मोहसिन अहमद, अभिषेक कुमार आदि कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री बंधू तिर्की से मिले विश्रामपुर विधायक, राजनीतिक हालात पर की चर्चा

**विश्रामपुर।** झारखंड के पूर्व मंत्री सह वरीय कांग्रेसी नेता बंधु तिर्की से सोमवार को विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने औपचारिक मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात मेदिनीनगर के परिसदन भवन में हुई। नरेश प्रसाद सिंह ने पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को गुलदस्ता भेंट कर पलामू में उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं ने पलामू के वर्तमान राजनीतिक हालात पर भी चर्चा की। मौके पर राजद जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान,गढ़वा जिलाध्यक्ष सूरज सिंह,कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक सहित इंडिया महागठबंधन के कई नेता मौजूद थे।

## कुंभ स्नान से स्वयं सहित पूर्वजों के 88 पीढ़ियों को मिलती है पाप से मुक्तिः पं. कुंडल तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** सनातनी धर्मावलंबियों के बीच कुंभ स्नान की गूंज उभरने लगी है। इनके हित राज्य व केन्द्र की सरकार ने तीर्थस्थल तक आवागमन के लिये कई सुविधाएं व संसाधनों को पुख्ता करने में जुटी है। ज्योतिषाचार्य पं. कुंडल तिवारी ने एक भेंट में बताया कि धार्मिक मान्यताओं में कई कारणों से कुंभ स्नान का महत्व व स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि समुन्द्र मंथन के दौरान अमृत कलश देवताओं के द्वारा आकाश मार्ग से ले जाने के क्रम में इसकी बूंदे भारत के चार पवित्र स्थल पर प्रयागराज, नासिक, हरिद्वार व उज्जैन में गिरी थी। जिससे चारों स्थल के नदियों में स्नान करने का महत्व व मेला का आयोजन की विशेषता कायम है। उन्होंने कहा कि समुन्द्र मंथन के बाद देवताओं और असुरों के बीच अमृत कलश पाने के लिये 12 दिनों तक युद्ध होने से ही मानव जीवन में 12 वर्ष बाद कुंभ मेला आयोजन करने की परंपरा बनी है। कुंभ मेला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि यह सनातन धर्म समाज को आध्यात्मिक व नैतिक मूल्यों को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि बृहस्पति ग्रह के वृष राशि में होने और सूर्यदेव मकर राशि में आने पर प्रयागराज में कुंभ मेला लगता है। वहीं बृहस्पति ग्रह कुम्भ राशि में और सूर्यदेव के मेष राशि में होने पर हरिद्वार, सूर्यदेव व बृहस्पति ग्रह दोनों के सिंह राशि में आने पर नासिक जबकि बृहस्पति ग्रह के सिंह राशि व सूर्य देव के मेष राशि में आने पर उज्जैन में कुंभ मेला का आयोजन होता आया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की मान्यता है कि कुंभ में गंगा स्नान करने से उन्हें व उनके पूर्वजों की अट्ठासी पीढ़ियों तक के समस्त पाप से मुक्ति मिल जाती है।

## स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण



**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 19 के कैशियर राजकीय उत्क्रमित मध्य विधालय व पचघारा खुर्द राजकीय उत्क्रमित मध्य विधालय में छात्र छात्राओं को पोशाक व जूता दिया गया। बच्चों के बीच पोशाक का वितरण निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी,प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अखतर अंसारी व प्रध्यानाध्यापक संजय कुमार के संयुक्त रूप से वितरित किया।सलीमुदीन अंसारी ने कहा कि पोशाक से बच्चों में एकरुपता आती है।मौके पर बीआरसी कृष्णा कुमार,सहयोगी शिक्षक बिजय सिंह,जावेद अंसारी, मुमताज अंसारी,जयराम पासवान,बहादुर राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## युवती के साथ छेड़खानी का 10 दिन बाद प्राथमिकी, अब तक नहीं हुई कार्रवाई




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के साथ एक युवक द्वारा छेड़खानी के 10 दिन बीत जाने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी के बाद भी स्थानीय पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। पुलिस के रवैया से आम लोगों में नाराजगी है। यह बातें हुसैनाबाद भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार का अधिकारियों व पुलिस कर्मियों पर कोई कंट्रोल नहीं है। उन्हें मनमाना करने की पूरी छूट है। इसमें स्थानीय विधायक की भूमिका भी संदिग्ध है। विधायक आरोपी को बचाने का प्रयास कर रहे है। उन्हीं के प्रभाव में आकर स्थानीय पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास नहीं कर रही है। वरिष्ठ नेता रामराज मेहता ने कहा कि झारखंड में लड़कियां और महिलाएं सुरक्षित नहीं है। राजधानी रांची से लेकर हुसैनाबाद तक लड़कियों के साथ छेड़खानी की घटनाएं आम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन ने पुलिस प्रशासन को खुली छूट दे रखा है। उन्होंने हुसैनाबाद में छेड़खानी घटना के दोषी युवक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हुसैनाबाद में नर्तकी हत्या कांड खराब कानून व्यवस्था का जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि दोनों मामलों में उचित कार्रवाई नहीं होती है,तो भाजपा सड़क से सदन तक आंदोलन चलाने पर बाध्य होगी। मौके पर भाजपा नेता रामराज मेहता, रंजीत पासवान, उदय विश्वकर्मा, ओम प्रकाश राजवंशी, अखिलेश मेहता, रजनीश मिश्रा आदि मौजूद थे।

## यूपीआई पेमेंट से रेल टिकट बुकिंग शुरू, यात्रियों में हर्ष

### स्टेशन को 2024 की एक और बड़ी उपलब्धि हासिल




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** यूपीआई पेमेंट से रेल टिकट खरीदने की सुविधा अभी तक उपलब्ध नहीं, कैश या खुदरा नहीं होने की दिक्कत से मिलेगी मुक्ति शीर्षक से 16 दिसंबर को राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रकाशित खबर का बड़ा असर सामने आया है। इसके असर का आलम यह है कि सोमवार से स्थानीय स्टेशन पर क्यूआर कोड स्थापित करने के साथ ही यूपीआई पेमेंट से टिकट बुकिंग शुरू हो गई है। इसकी पुष्टि भी आधिकारिक तौर पर की गई। बता दें कि अगस्त में ही प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया था कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इस क्रम में इस मंडल के सभी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए टिकटिंग व्यवस्था को और सुविधाजनक बनाया जा रहा है। इसके लिए मंडल के सभी स्टेशनों पर यूटीएस तथा पीआरएस काउंटरों पर क्यूआर कोड डिस्प्ले डिवाइस लगाई गई है। क्यूआर कोड आधारित पेमेंट की सुविधा एकदम सरल एवं सुरक्षित है। काउंटर पर टिकट बुक करते समय यात्री सुविधा अनुसार डिस्प्ले डिवाइस पर अपने टिकट के राशि भुगतान संबंधी क्यूआर कोड को स्कैन कर यूपीआई के माध्यम से आसानी से भुगतान कर सकते हैं। यह सुविधा टिकट काउंटरों पर मौजूदा कैश लेनदेन के अतिरिक्त है। टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड आधारित पेमेंट सुविधा हो जाने से कैश या खुदरा पैसा न होने की दिक्कत से यात्रियों को मुक्ति मिलेगी। इसके बावजूद अबतक इस दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया था। मगर अब डीडीयू मंडल की यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में इस योजना के सफलतापूर्वक शुरू हो जाने पर यात्रियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि साल 2024 में अन्य के साथ ही यथा- थर्ड लाइन, मॉडर्न स्टेशन, नन इंटरलॉकिंग सिस्टम से ट्रेन परिचालन, वृहदाकार प्लेटफॉर्म, बेहतर रौशनी और फुट ओवरब्रिज व काली मंदिर का जीर्णोद्धार (निमार्णाधीन) जैसी उपलब्धियों में यह भी शामिल हो गया है। स्थानीय स्टेशन की ओर से इस दिशा में लगातार कोशिश जारी रखते हुए हाल में नए सिरे से संबंधित अधिकारी के स्तर से थिंक लाइन भेजा गया। अंततोगत्वा सोमवार की दोपहर तक इस सिस्टम से टिकटिंग की सुविधा उपलब्ध कराने में सफलता मिल ही गई।

## स्वायल हेल्थ कार्ड का वितरण

**छतरपुर।** प्रखंड अंतर्गत बगईया पंचायत के बगईया गांव में किसान दिवस के अवसर पर महिला किसानों को स्वायल हेल्थ कार्ड बीटीएम संजय कुमार द्वारा वितरित किया गया। मौके पर बीटीएम ने उपस्थित किसानों को कार्ड में वर्णित खाद की मात्रा के अनुरूप खेतों में प्रयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में किसान मित्र, संजय कुमार यादव, फूलमति देवी, ललिता देवी, इत्यादि महिला कृषक उपस्थित थे।

## नवगठित शासी निकाय के अध्यक्ष बने विधायक, कॉलेज कर्मियों ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के नवगठित शासी निकाय का अध्यक्ष विधायक नरेश प्रसाद सिंह को बनाया गया है। कॉलेज कर्मियों ने मंगलवार को बैठक कर नए अध्यक्ष सह विधायक नरेश प्रसाद सिंह को बधाई दी। शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने विश्वास जताया कि नए अध्यक्ष के नेतृत्व में महाविद्यालय उत्तरोत्तर विकास व प्रगति करेगा। इसके अलावा कॉलेज और कर्मियों की जो समस्याएं हैं उसका भी निदान त्वरित होगा। मौके पर व्याख्याता इबरार खलीफा,राजीव कुमार चौबे,शुशील कुमार यादव,संतोष कुमार ठाकुर,रेणु कुमारी,रूपा कुमारी,प्रभाकर कुमार सिंह,सुभाष पांडेय,अमित कुमार चौबे,सुजीत कुमार चौबे,पंकज कुमार चौबे,अनिल कुमार शुक्ला,अनिमेष तिवारी, चंद्रशेखर शुक्ला,लक्ष्मीकांत शुक्ला सहित सभी कॉलेज कर्मी मौजूद थे।

**पर्यटन स्थल** | लकड़ही पहाड़ी के अजूबे चट्टान को सेल्फी में कैद करने की लगी होड़

# पिकनिक टाइम पर पहुंचने लगे सैलानी

- पर्यटक के दृष्टिकोण से संरक्षित करने की जरूरत बताया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** संरक्षण की बाट जोह रहा लकड़ही पहाड़ी पर अवस्थित अजूबा चट्टान शीर्षक से 23 दिसंबर को राष्ट्रीय नवीन मेल में छपी खबर के सोशल मीडिया ग्रुप में शेयर करने के बाद इसका अवलोकन करने के लिए सैलानियों की टोलियां वहां पहुंचने लगी हैं। ऐसी ही एक टोली में शामिल युवक ने कुदरत के इस करिश्मा की सेल्फी लेते हुए सोशल मीडिया पर इसे शेयर भी किया है। जिसमें इस हजारों टन वजनी विशालकाय चट्टान के दो छोटे-छोटे पत्थरों पर टीके होने को केंद्रित करते हुए प्रकृति के गुरूत्वाकर्षण शक्ति को दशार्या है। जिसके नीचे टीम का एक अन्य व्यक्ति आराम फरमाते आह्लादित नजर आ रहा है। इस प्रकार चालू पिकनिक टाइम पर पर्यटक स्थल भीमचूल्हा, खंडहरनुमा भौंराहा पर्वतीय निरीक्षण भवन, काशीसोत डैम और सीताचुआं के साथ ही यह अजूबा चट्टान भी सैलानियों के लिए अवलोकन और भ्रमण को लेकर पसंदीदा जगह बन गया, बताया जाने लगा है। सैलानियों ने पिकनिक और भ्रमणकाल में भीमचूल्हा के बाद भौंराहा पर्वतीय निरीक्षण भवन काशीसोत डैम, और सीताचुआं जैसी उनकी पसंदीदा जगह के साथ ही लकड़ही पहाड़ी और इस अजूबे चट्टान को भी पर्यटन के दृष्टिकोण से संरक्षित और विकसित करने की जरूरत बताया है। बता दें कि आज से करीब पांच साल पूर्व इसे सबसे पहले पदारथडीह के रणजीत सिंह कुशवाहा और झरिवा के विकास कुमार मेहता ने इसकी तस्वीर को सोशल मीडिया में सामने लाया था। तब से यह सूर्खियों में छाया रहा था। इससे पहले लोग इसे महज एक चट्टान समझा था।



## केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री ने आकांक्षी जिले की प्रगति की समीक्षा, इंडिकेटरों के आधार पर कार्यों का मूल्यांकन किया

# जिले में 90 प्रतिशत से अधिक संस्थागत प्रसव, मातृत्व और शिशु मृत्यु दर में कमी आई



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री ने समाहरणालय सभागार में पदाधिकारियों संग बैठक कर आकांक्षी जिले के तहत विभिन्न इन्डीकेटरों पर किये गये कार्यों की समीक्षा की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल. मुरुगन तीन दिवस की यात्रा पर पलामू दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक कर आकांक्षी जिले के प्रगति के संबंध में विभिन्न इन्डीकेटरों पर किये गये कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के पूर्व जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने मंत्री को जिले की भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया।

**स्वास्थ्य और पोषण एवं शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली :** समीक्षा बैठक में मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने स्वास्थ्य और पोषण के तहत किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्हें बताया गया कि जिले में 90 प्रतिशत से अधिक संस्थागत प्रसव किये जा रहें हैं,जो मातृ और शिशु के मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में सहायक हैं। इस दौरान मंत्री ने गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे के विषय के बारे में जानकारी लेते हुए इन बच्चों का देखभाल कैसे किया जाता है,क्या उपचार हो रहा है इसकी पूरी जानकारी ली। उन्होंने सिविल सर्जन एवं समाज कल्यान पदाधिकारी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कक्षा 5 व 6 के तहत ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षा पदाधिकारी को ड्रॉप आउट विषय पर विषय ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा में पलामू का डेल्टा रैंकिंग 44 है इसे कम किये जाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।

**कृषि और जल संसाधन, वित्तिय समावेशन, कौशल विकास और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की समीक्षा :** बैठक में मंत्री को कृषि पदाधिकारी ने जिले में कृषि विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान बीज वितरण सहित अन्य जानकारी दी गयी। बैठक में मंत्री ने एनीमल वैक्सीनेशन में तेजी लाने पर बल दिया। इस तरह वित्तीय समावेशन में मुद्रा लोन,प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना के लाभुकों की संख्या, अटल पेंशन योजना की समीक्षा की गयी। वहीं बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत बिजली कनेक्टिविटी,ग्राम पंचायत में इंटरनेट कनेक्शन,ग्राम पंचायतों में सीएससी का कवरेज आदि की समीक्षा की गयी। उन्होंने नल-जल योजना व पीएम आवास योजना के तहत किया जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। मंत्री एल मुरुगन ने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी जिले के विभिन्न मानकों में अभी और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए लगातार प्रयास करने के लिए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही आकांक्षी जिला के मानकों में सुधार को लेकर सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद,नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी समेत कई अभियंता उपस्थित थे।

## केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री पहुंचे चियांकी, संतरा बगान का लिया जायजा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने मंगलवार को क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र (जोनल रिसर्च सेंटर/जेड.आर.एस), चियांकी परिसर में अवस्थित संतरा बागान का भ्रमण कर संतरा के पेड़ों एवं उसमें लगे फलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अनुसंधान केन्द्र में तैयार की जा रही पौधों, पॉली हाउस के माध्यम से खेती की विधि, उनके गुणवत्ता एवं उपज, आम, आंवला, अमरूद की बागवानी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संतरे के फ्रेश जूस का भी आनंद लिया।अनुसंधान केन्द्र के वरीय साइंटिस्ट ने मंत्री को केंद्र के सभी तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। मंत्री थाईलैंड अमरूद से भी प्रभावित हुए। उन्होंने संबंधितों से इसके मार्केटिंग, प्रमोशन की योजना पर कार्य करने की बात कही। पलामू के किसानों को इस क्षेत्र के माध्यम से कैसे अधिक लाभान्वित किया जा सके। इस पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के स्तर से प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के संदर्भ में क्या किया जा सकता है। इस पर संबंधित अधिकारियों संग आने वाले समय में चर्चा करने की बात कही। उन्होंने वैज्ञानिकों, कर्मचारियों को सरकार के स्तर से भविष्य में आवश्यक किसी प्रकार की सहायता को तत्परता से प्रदान करने को लेकर आश्वस्त किया। मौके पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल बस की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार की मौत

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत नावा वनांचल ग्रामीण बैंक के पास मोटरसाइकिल बस की टक्कर में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। नावा वनांचल ग्रामीण बैंक के पास 12:20 में मोटरसाइकिल और बस की टक्कर में बाइक सवार कुरकुटा निवासी कंचन उरांव (उम्र 25) पिता राजकुमार उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में नावा बाजार थाना के पीसीआर वाहन जो पेट्रोलिंग कर रहा था, उसके द्वारा घायल को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जिस बस से टक्कर हुई थी उसको नावा बाजार थाना परिसर में जब्त कर लगाया गया है। परिजनों के द्वारा बताया गया की कंचन अपने घर कुरकुटा से डाल्टनगंज के लिए निकला था, तभी नावा ग्रामीण बैंक के पास बस के साथ टक्कर हो गई। जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## क्रिसमस की पूर्व संध्या पर चर्च में हुई विशेष आराधना



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** क्रिसमस को लेकर शहर के विभिन्न गिरजाघर में पुण्य रात की आराधना की गई। क्रिसमस त्योहार 25 दिसंबर को जिला मुख्यालय में धूमधाम से मनाया जाएगा। मसीही समुदाय के लोग क्रिसमस की तैयारी पूरी कर चुके हैं। क्रिसमस का अवसर पर चर्चो को विशेष रूप से सजाया गया है। साथ ही चर्च में आकर्षक चरनी और यीशु मसीह के जन्म से जुड़ी झांकी सजाई गई है। क्रिसमस को लेकर स्टेशन रोड स्थित आरसी चर्च में रात 10 बजे से आराधना हुई। ऑल चर्च कमेटी के अध्यक्ष प्रताप तिर्की ने बताया कि मंगलवार को सीएनआई चर्च में शाम छह बजे मे विशेष आराधना हुई। बुधवार को क्रिसमस को लेकर मसीही समुदाय के लोग विभिन्न चरणों में विशेष आराधना करेंगे इसके बाद पूरे दिन क्रिसमस पर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप जर्जर सड़क निर्माण की मांग



नवीन मेल संवाददाता।

**मेदिनीनगर।** सामाजिक कार्यकर्ता विवेक सिंह ने नगर निगम आयुक्त जावेद अहमद को ज्ञापन सौंप कर वार्ड संख्या 15 में दक्षिणी काली मंदिर रेड़मा से लगे सड़क के जर्जर हालत देखते हुए इसके शीघ्र निर्माण की मांग की है। अपने ज्ञापन में श्री सिंह ने कहा कि उक्त सड़क से हजारों विद्यार्थियों का कोचिंग आना जाना लगा रहता है। साथ ही काली मंदिर में पूजा अर्चना करने हेतु सबसे अधिक इसी सड़क का उपयोग करते हैं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त शीघ्र इस जर्जर सड़क का निर्माण करने की मांग की है ताकि मोहल्ले वासियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बताते चले कि अपनी रिपोर्ट में राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में भी इस सड़क की जर्जर स्थिति का जिक्र किया था।

## डॉ. मनोरमा सिंह ने संभाला लातेहार महिला कॉलेज प्रिंसिपल का पदभार



**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मनोरमा सिंह ने मंगलवार को लातेहार महिला कॉलेज प्रिंसिपल का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. मनोरमा सिंह ने कहा कि लातेहार महिला कॉलेज को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। इसके बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा और शिक्षा का स्तर उठाने के साथ विद्यार्थियों की भलाई के लिए भी हर कार्य किया जाएगा। मौके पर एनपीयू के विजय कुमार ठाकुर,इतिहास असिस्टेंट प्रोफेसर ललिता, रंजन कुमार यादव, राहुल कुमार, शंभू चौकीदार ओमप्रकाश पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राजहरा से अज्ञात महिला का शव बरामद

**मेदिनीनगर।** मंगलवार की शाम चार बजे राजहरा रेलवे स्टेशन के समीप एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक जीआरपी को सूचना मिली थी कि राजहरा में रेलवे ट्रैक के समीप एक महिला का शव बरामद किया है। इसके बाद जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। अंदेशा जताया जा रहा है कि किसी मालवाहक या यात्री ट्रेन से धक्का लगने के बाद वह ट्रक के पास गिर गई जिस कारण उसकी मृत्यु हो गई। महिला ने लाल तथा काले रंग की स्वेटर पहनी है तथा उसके सिर के बाल मुंडे हुए हैं। जीआरपी थाना प्रभारी सतीश पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला विक्षिप्त प्रतीत हो रही है। जीआरपी को सूचना मिलने पर शव को मेदिनीनगर लाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## प्रेमी ने शूटर से करायी थी पूजा की हत्या, चार गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नर्तकी मुहल्ले की डांसर पूजा कुमारी की हत्या में पुलिस ने प्रेमी संदीप सिंह समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त देशी कट्टा व खोखा भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार अराधियों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकर कर लिया है। यह जानकारी मंगलवार को पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने दी। वह अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद थाना अंतर्गत हरिहर चौक स्थित जपला निवासी पूजा कुमारी उर्फ सावित्री की हत्या उसके कथित प्रेमी संदीप सिंह ने अपनी दोस्त रवि विश्वकर्मा, शुभम सिंह, पप्पू शर्मा के साथ मिलकर गोली मारकर कर दी थी। पूजा को शूटर पप्पू शर्मा ने गोली मारी थी। संदीप सिंह को शूटर पप्पू शर्मा ने मिलवाने व डील शुभम सिंह ने कराया था। घटना को अंजाम देने के लिए प्रेमी संदीप सिंह ने 10 हजार रुपए भी दिया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डांसर पूजा कुमारी हत्याकांड में पुलिस को कई तथ्यों की जानकारी मिली है। पूजा हत्या कांड में प्रेम प्रसंग का मामला है। प्रेमी संदीप सिंह पहले से ही शादीसुदा है। इस बात को लेकर संदीप व पूजा में हमेशा तकरार होता था। पूजा संदीप को अपनी पत्नी को छोड़ने का दबाव बना रही थी। पूजा अपने पति से पिछले एक साल से अलग रह रही थी। छापेमारी दल में हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी एस मोहम्मद याकूब, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार, लठेया पिकेट प्रभारी धर्मवीर कुमार यादव, रमन यादव के साथ तकनीकी पुलिस बल के साथ हुसैनाबाद व हरिहरगंज थाना पुलिस थी।

## एचआईवी पीड़ित महिला का सुरक्षित प्रसव, सम्मानित किए गए स्वास्थ्य कर्मी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमएमसीएच में गढ़वा जिला निवासी एक एचआईवी पीड़ित महिला का सुरक्षित प्रसव सोमवार को कराया गया। महिला का सुरक्षित प्रसव कराने वाले सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मंगलवार को एक सादे समारोह में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महिला का नॉर्मल प्रसव कराया गया। प्रसव से महिला को लड़का प्राप्त हुआ है, जो पूरी तरह से स्वस्थ है। सम्मानित होने वाले में डॉक्टर लवली, एनएएम शबाना खातून, शीला कुमारी, किशोर तिवारी, हैदर अली, आशा देवी, सुनीता देवी का नाम शामिल हैं। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान समय में जिला में कुल 1571 एचआईवी पॉजिटिव मरीज हैं, जिसमें से पुरुष 757, महिला 713 है। 15 साल के नीचे के बच्चे 59 तथा बच्चियों की संख्या 42 है। अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि 2023 में एचआईवी पॉजिटिव 158 लोग हुए थे, जबकि 2024 में 147 ही हुए हैं। हमारा लक्ष्य है कि 1571 से एक भी संख्या आगे ना बढ़े। इसको लेकर के जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एचआईवी पॉजिटिव लोगों पर भी नजर रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि जागरूकता के माध्यम से सेक्स वर्कर का भी एचआईवी टेस्टिंग समय-समय पर किया जाता है, ताकि एचआईवी की संख्या ज्यादा ना हो। कहा कि कई एचआईवी पॉजिटिव मरीज प्राइवेट अस्पतालों में भी चले जाते हैं, जो उनके लिए खतरा है। सरकारी अस्पताल में एचआईवी पॉजिटिव मरीज का प्रसव के दौरान खास ध्यान रखा जाता है। उसके बाद भी दवा दिया जाता है, ताकि एचआईवी बच्चा में ना हो। इसके लिए बच्चा का 2 से 3 बार टेस्ट किया जाता है। फाइनल टेस्ट 18 महीना के बाद किया जाता है। उन्होंने कहा कि एचआईवी पीड़ित कभी भी ठीक नहीं होगा, लेकिन दवा के सहारे बाकी की जिंदगी जी सकता है।

## पर्ची के लिए घंटों लाइन के बाद, दवा के लिए भी करना पड़ता है इंतजार

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ठंड बढ़ते ही अस्पताल के अलग-अलग विभाग में मरीजों की संख्या बढ़ते जा रही है। मरीजों की बढ़ती संख्या के आधार पर अस्पताल प्रशासन के द्वारा मरीज के लिए कोई भी उचित व्यवस्था नहीं की गई है। मरीज को पर्ची कटवाने के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है, तब कहीं जाकर के उनका पर्ची कटता है। जिसके बाद डॉक्टर को दिखने के बाद दवा लेने के लिए भी मरीजों को धक्का-मुक्की करना पड़ता है। कई मिनटों के बाद दावा मिल पाता है। यू कहे तो जो ज्यादा अच्छा होगा कि उसको दावा जल्दी मिल जाएगी। नहीं तो देर तक इंतजार करना पड़ता है। मरीज ममता कुमारी ने बताया कि दावा लेने के लिए 30 मिनट से लाइन में है पर अभी तक नहीं मिल पाया है। कई महिला मरीजों का कहना था कि पुरुष को जल्दी दवा मिल जाता है, पर हम लोगों को मिलने में भीड़ के वजह से दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बता दे कि मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पर्ची काउंटर और दवा वितरण केंद्र के पास महिला तथा पुरुष के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं है। जिस कारण महिला तथा पुरुष दोनों तरह के मरीज को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

## गंगा अस्पताल में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के पांकी रोड स्थित गंगा अस्पताल के चेयरमैन संजीव कुमार तिवारी के पिता स्व. कामेश्वर तिवारी की 17वीं पुण्यतिथि पर निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस जांच शिविर में पहुंचे मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। चेयरमैन की अनुपस्थिति में उनके भाई राजीव रंजन तिवारी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में सैकड़ों मरीजों का निःशुल्क इलाज और जांच की गई। इस अवसर पर विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दी। जेनरल फिजिशियन सुबोध कुमार,गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. अमिता कुमारी, जरनल सर्जन डॉ. अजय कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पी. मेहता ने विभिन्न रोगियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया उन्हें परामर्श दी। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिवर का उद्घाटन करने के बाद राजीव रंजन तिवारी ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन इलाज के साथ-साथ सामाजिक भागीदारी के लिए भी प्रतिबद्ध है। मौके पर पप्पू साहू, संजय तिवारी समेत अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## शीतकालीन छुट्टी में भी पढ़ाई जारी रखें छात्र: प्रधानाध्यापक



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने वर्ष-2024 को खट्टे-मीठे यादों के साथ हर्ष पूर्वक विदाई दी। इस मौके पर विद्यालय के छात्रों को नूडल्स खिलाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने पार्टी के दौरान कहा कि नूडल्स एक हेल्दी फूड नहीं है, तथापि हर उम्र के लोग इसे पसंद करते हैं। मैदा से बने होने एवं अन्य हानिकारक चीजों के डाले जाने के कारण स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बच्चों को चाहिए कि वे इसकी आदत ना डालें। बल्कि मन करें तो उसे घर पर पौष्टिक रूप देकर कभी-कभी खायें। उन्होंने छुट्टी के दौरान बच्चों को ठंड से बचने की हिदायत देते हुए कहा कि विद्यालय से कुछ दिनों की शीतकालीन छुट्टी है। इसलिए पढ़ाई लिखाई भी जारी रहना चाहिए। इस अवसर को शिक्षिका श्रीमती निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर, लैब इंस्टेक्टर अनूप मिश्रा, बीएड प्रशिक्षु अभिषेक तिवारी व अभय कुमार ने अपनी भागीदारी से प्रभावपूर्ण बनाया।

## वार्ड संख्या 16 में पेयजलापूर्ति, सफाई और स्ट्रीट लाइट की है समस्या

# क्षेत्रफल में सबसे बड़ा वार्ड, सुविधाएं सीमित

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 16 में मूलतः रेड़मा चौक, श्रीराम पथ, रेलवे कॉलोनी के कुछ हिस्से शामिल है। यह वार्ड पुराने शहरी ढांचे का हिस्सा है। हालांकि निगम के बनने के बाद वार्ड के क्षेत्रफल में काफी विस्तार रूप भी हुआ है। वार्ड वासियों की मानें तो यह वार्ड क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा है। वार्ड में कई हिस्सों में अब तक पेयजलापूर्ति नहीं पहुंच पाई है। हालांकि निवर्तमान वार्ड पार्षद हीरामणि तिर्की वार्ड का तीन बार पार्षद के तौर पर प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। यह दशार्ता है कि वह वार्ड में रहने वाले लोगों के बीच खासी लोकप्रिय है। निगम चुनाव के वक्त वार्ड नंबर 16 की आबादी 4406 थी। उत्तर में नहर बारालोटा नहर, दक्षिण में रेलवे अंडर पास से गोपू सिंह के घर तक,पूर्व में नहर से सुरेश चौक होते हुए भीम तिवारी के घर होते श्रीराम पथ से रांची रोड होते हुए ओल्ड इनकम टैक्स रोड होते गोपू सिंह के घर तक। पश्चिम में बारालोटा आहर से बाईपास रोड होते हुए रेडमा चौक से ओवरब्रीज होते हुए रेलवे लाईन अंडर पास तक विस्तार है।





*वार्ड का तीन बार प्रतिनिधित्व कर चुकी है निवर्तमान पार्षद हीरामणि तिर्की ने कहा कि वे बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों की यथासंभव मदद करती हैं। साथ ही जरूरतमंदों को सरकारी लाभ भी दिलवाने का काम करते हैं जिस कारण उन्हें चौथी बार भी चुनाव होने पर लोग चुनेंगे ऐसा उन्हें विश्वास है।*

### वार्ड 16 के निवासियों की राय







वार्ड की रहने वाली स्नेहलता ने बताया कि वार्ड में लगभग सारी सुविधाएं उपलब्ध है। वार्ड संख्या 15 के आनंद दुबे ने कहा कि मेरे गली में विशेषकर आज तक पेयजलापूर्ति नहीं हो पाई है जिससे लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। वार्ड मे रहने वाले अजीत सिंह ने कहा कि वार्ड में सड़के बनी है परंतु स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त किया जाना चाहिए।

### वार्ड में प्रयाप्त साफ-सफाई नहीं

इस वार्ड में अत्यधिक विभिन्न स्थानों से आकर बसे लोगों की जनसंख्या है। हालांकि वार्ड में रहने वाले लोगों को पर्याप्त साफ-सफाई नहीं होने के कारण वार्ड में रहने वाले लोगों ने बताया कि समय-समय पर निगम की तरफ से सफाई की जाती है, लेकिन कई दफा यह अपर्याप्त होती है। वार्ड के अधिकतर गलियों में पक्की सड़क दिखाई देते हैं।

## साइबर अपराध से सतर्क रहने की आवश्यकता : दिव्यांश शुक्ला

**ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का तृतीय वार्षिकोत्सव मना**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल न्यू टाउनशीप शाहपुर में मंगलवार को तृतीय वार्षिकोत्सव 'उड़ान' के तहत 'कलर्स ऑफ इंडिया' थीम पर आधारित कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि दिव्यांश शुक्ला आईपीएस, ऑक्सफोर्ड ग्रुप के निदेशक सह पांकी विधायक डॉ. एसबीपी मेहता व अन्य अतिथियों के स्वागत से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि दिव्यांश शुक्ला, डॉ. एसबीपी मेहता, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह व अन्य अतिथियोंने सामूहिक रूप से दीप जलाकर किया। स्वागत गीत, नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. एके सिंह द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विगत सत्र में बच्चों द्वारा उल्लेखनीय सफलता का वर्णन किया। मुख्य अतिथि दिव्यांश शुक्ला ने मंच से तृतीय वार्षिकोत्सव की सभी को शुभकामनाएं दी। अभिभावकों, छात्रों को संबोधित कर कहा कि-साइबर अपराध से सबको सतर्क रहने की आवश्यकता है। इसके अन्तर्गत कम्प्यूटर हैकिंग, कम्प्यूटर वर्क्स, वायरस वितरण, पहचान चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी एवं फिशिंग घोटाले आते हैं। बढ़ते साइबर अपराध हेतु सजगता ही एकमात्र बचाव के रास्ता हैं। सजग रहना, पछतावा से कहीं आसान काम है। स्कूल के चेयरमैन डॉ. एसबीपी मेहता ने वार्षिकोत्सव की बधाई देते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों का उत्साह बढ़ाया। उन्हें उंचे शिखर पर पहुंचने की प्रेरणा दी। विद्यालय स्थापना के साथ ही शिक्षा का बेहतरीन संचार कर अन्य कलाओं के समायोजन में महती भूमिका निभाते हुए खेल को महत्व दिया। क्रिसमस व नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी प्रभावशाली अध्ययन व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करते रहें। कार्यक्रम की अगली पंक्ति में प्री-नर्सरी से प्रेप के छात्र-छात्राओं द्वारा क्रिसमस गैदरिंग पर मनमोहक नृत्य पेश किया गया। प्राचार्य डॉ. एके सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल एवं विद्यालय स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन शिक्षिका शिवांगी आनन्द व मीनू सिंह ने सफलता पूर्वक किया। शिक्षिका तनुश्री ने धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्त हुई।

# लकड़ी लदे ट्रक को छोड़ने को लेकर पुलिव व वन विभाग हुआ आमने-सामने

## 15 घंटा तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** लकड़ी लदे ट्रक को अपने कब्जे मे लेने को लेकर भवनाथपुर थाना पुलिस और वनकर्मियों के बीच ठन गई। इसे लेकर दोनों विभाग में नहीं दिखा सामंजस्य। लगभग 15 घंटे के बाद मंगलवार की सुबह में ट्रक को छोड़ देने से चौक-चौराहों पर चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें कि सोमवार की देर शाम में भवनाथपुर थाना पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान ब्लॉक गेट के सामने लकड़ी लदे ट्रक को पकड़ा। ट्रक चालक गढ़वा निवासी सफिक अंसारी, उसके साथी के द्वारा बताया गया कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोनमंडरा निवासी गोपाल दुबे के रैयती जमीन से हरसैन (बबुल) का लकड़ी लोड किया हैं, जिसकी अनुमति पंचायत मुखिया द्वारा भी दी गई है। दलबल के साथ मौके पर मौजूद प्रभारी थाना प्रभारी प्रदीप उरांव द्वारा उक्त ट्रक को ट्रांसपोर्टिंग चालान नहीं होने पर ट्रक को रोककर थाना ले जाने को बोला। इस बीच वन विभाग के कर्मी भी वहां पहुंच



गये, और उक्त ट्रक को जांच के लिए वन परिसर में लाने का प्रयास करने लगे। इस बीच भवनाथपुर पुलिस द्वारा इसका विरोध करते हुए कहा गया कि इसे भवनाथपुर पुलिस पकड़ी है। इतना सुनकर वन कर्मी ट्रक से उतर कर चले गए। एक घंटे के बाद रात्रि 9 बजे के करीब पुलिस द्वारा उक्त ट्रक को छोड़ दिया गया। जिसे वन कर्मियों ने पेट्रोल पंप के समीप से ट्रक को पकड़ वन परिसर ले गए। वहां से मंगलवार की सुबह में जांच पड़ताल के बाद ट्रक को छोड़ दिया गया। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी प्रदीप उरांव ने बताया कि जांच के बाद ट्रक को छोड़ दिया गया। प्रभारी रेंजर प्रमोद कुमार ने कहा कि ट्रक पर बबुल का लकड़ी लोड था, जिसे वन परिसर में ले जाकर बारीकी से लकड़ी की जांच की गई। इसमें कोई दूसरा बेशकीमती लकड़ी तो लोड नहीं है। उसके बाद छोड़ा गया। उन्होंने कहा कि ट्रक की जांच वन विभाग करता है, क्योंकि झारखंड सरकार ने कई प्रकार की लकड़ी को फ्री कर दिया है। उसके बाद छोड़ा गया।

## एक नजर

### गुड गवर्नेंस को लेकर बैठक आयोजित

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में गुड गवर्नेंस कार्यक्रम को लेकर बैठक की गई। इस कार्यक्रम में आम ग्रामीण जनता के कार्यों को ससमय करने के लिए पदाधिकारी एवं कर्मियों को बताया गया। ताकि सरकार का कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आम ग्रामीणों को मिल सके तथा योजनाओं से संबंधित समस्याओं का यथा संभव निपटारा किया जाएं। इस मौके पर बीडीओ प्रशांत कुमार, थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी, बीपीओ निरज कुमार, पंचायत सचिव राम सुरेश राम, अमर भारती, राकेश कुमार, राजीव कुमार, अमरेन्द्र कुमार, आदित्य कुमार, आयुषी चौबे, रामकुमार प्रजापति, दीपक जयसवाल, धीरेन्द्र विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जिप सदस्य ने किया साइकिल वितरण

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवाडीह के सिगसीगा खुर्द गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मंगलवार को चिनियां प्रखंड जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, पंचायत समिति सदस्य, वह पंचायत के उप मुखिया मनदीप यादव की मौजूदगी में स्कूली छात्राओं के बीच 49 साइकिल का वितरण किया गया। साथ ही परीक्षा में आए सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को जनप्रतिनिधियों द्वारा परीक्षाफल का भी वितरण किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जो साइकिल दिया गया है, व गरीब बच्चों के लिए पढ़ाई मे जाने-आने में सहूलियत होगी। सभी छात्राओं को अच्छे से पढ़ाई कर बेहतर परिणाम के साथ अपने माता-पिता सहित चिनियां प्रखंड व गढ़वा जिले का नाम रोशन करना है। उन्होंने सबों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपमुखिया मंदीप यादव ने सरकार के प्रयास की सराहना की। मौके पर शिक्षा विभाग के अश्वनी कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुद्रिका मांझी, विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं वह अभिभावक मौजूद थे।

### निर्माणाधीन आवासीय क्वार्टर निरीक्षण किया

**भवनाथपुर।** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी व झामुमो गढ़वा जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम ने प्रखंड परिसर में स्वास्थ्य कर्मियों के लिए निमार्णाधीन आवासीय क्वार्टर का जांच किया। प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि संवेदक द्वारा घटिया गुणवत्ता का निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख ने कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए इसे तत्काल रोकने का निर्देश दिया। मौके पर विनोद सिंह, दीपक वर्मा, प्यारे मोहम्मद अंसारी, अख्तर अंसारी, उपेंद्र चौबे, दिलीप चौबे उपस्थित थे।

## महिला के खाते से 55 सौ रुपए उड़ाए



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड क्षेत्र में बैंकों के खाताधारी लगातार धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं। इससे खाताधारी आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान है। सिलीदाग पंचायत के सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा पालहे कला के खाताधारी प्रतिमा देवी पति पिंटू राम ने रमना थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि खाता संख्या 5102579063 से 24 व 26 नवंबर और 1, 2, 3 दिसंबर को चार बार एक-एक हजार और एक बार पंद्रह सौ रुपए की निकासी बिना जानकारी के ही निकाल लिया गया है। इस बात का पता जब उक्त महिला पैसे निकालने के लिए सीएसपी गयी तो तब चला। महिला ने खाता से पैसों की निकासी करने गई तब खाता में पैसे नहीं था। बैंक जाकर उक्त खाता का स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चला कि उसके खाता से पैसों की निकासी कर ली गई है। पीड़ित महिला का पति बाहर मजदूरी करते है और जब जरूरत होती है तो खाता द्वारा पैसा भेजते हैं। महिला पैसे का लेनदेन करती है। ठगी की शिकायत महिला ने थाना में की है।

## फसल बीमा का लाभ उठाएं किसान : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को बीडीओ प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में किसान मित्रों के साथ आयोजित बैठक में किसानों को जागरूक कर ज्यादा से ज्यादा फसल बीमा कराने को लेकर किसान मित्रों को निर्देश दिया गया। बीटीएम राकेश कुमार ने कहा कि रबी फसल के लिए किसान मात्र एक रूपए का भुगतान कर प्रज्ञा केंद्र में जाकर करा सकते हैं। इससे फसल नुकसान होने पर उन्हें इसका लाभ मिल सके। उन्होंने किसानों से अपील की कि 31 दिसंबर फसल बीमा की अंतिम तिथि निर्धारित है। वह अवश्य कराएं। बीडीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि किसान अपनी धान बिचौलिया के माध्यम से खुले बाजार में नहीं बेचें। इससे उन्हें कम मूल्य पर नुकसान हो सकता है।



उन्होंने कहा कि प्रखंड के किसान अपनी धान सरकार द्वारा खोली गई परसोडीह और लोहरगाड़ा अधिप्राप्ति केन्द्र (पैक्स) में ही बिक्री करें। यहां सरकार द्वारा निर्धारित मुल्य 2300 रू क्विंटल पर किसानों का धान खरीदी जा रही है। साथ ही किसानों को 100 रू बोनस भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पैक्स में धान बिक्री करने के लिए जिन किसानों ने निबंधन नहीं कराया है, वह प्रज्ञा केंद्र में जाकर अपनी निबंधन करा लें। मौके कृषि मित्र श्री राम सिंह, संतोष कुमार, प्रदिप कुमार, रामनिवास प्रसाद, विनय कुमार, मिथलेश तिवारी, रोहित शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## शिशु पंजी अद्यतन कार्य में धीमी गति, बीपीएम ने दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के सभी स्कूलों में शिशु पंजी अद्यतन कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो सका है। इस पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नवीन प्रकाश ने सभी स्कूलों को इस कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अब तक किए गए सर्वे के बावजूद कहीं से भी फोटोग्राफ प्राप्त नहीं हुए हैं, जिससे कार्य की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है।नवीन प्रकाश ने संबंधित सीआरपी (क्लस्टर रिसोर्स पर्सन) और बीआरपी को अविलंब इस कार्य को संपादित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिशु पंजी अद्यतन कार्य बच्चों की शिक्षा और विकास से संबंधित महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसे शीघ्रता से पूरा करना आवश्यक है।बीपीएम ने सभी स्कूलों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य को गति दें और आवश्यक फोटोग्राफ एवं दस्तावेजों को शीघ्र उपलब्ध कराएं। इस कार्य में लापरवाही या देरी से शिक्षा विभाग की योजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।शिशु पंजी अद्यतन कार्य का उद्देश्य बच्चों के शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित समग्र जानकारी एकत्रित करना है, ताकि सभी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। बीपीएम ने कहा कि कार्य को शीघ्रता से पूरा करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।



## 107 मरीजों का नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच की गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड के रारो बाजार स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में मंगलवार को डीबीसीएस गढ़वा और सीएचसी मेराल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में नेत्र सहायक डॉ सुशील कुमार व उनकी टीम की ओर से कुल 107 मरीजों को मोतियाबिंद की जांच की गई। जिसमें 56 मरीजों के आंखों में मोतियाबिंद के रूप में पहचान की गई। जिन मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया उन्हें उचित जांच कर 30 दिसंबर को गढ़वा ज़िला मुख्यालय के चिरौंजिया मोड स्थित राधिका नेत्रालय मे उक्त मरीजों का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन के साथ लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। इधर शिविर में कई मरीजों ने आंख से संबंधित बीमारी जैसे आंख लाल होना, आंख से पानी गिरना, आंख में खुजलाहट होना आदि के बारे में पूछताछ किया। जिसे डॉ सुशील कुमार द्वारा नेत्र संबंधी कई तरह के परामर्श दिए गए। डॉ सुशील कुमार ने कहा कि यह शिविर स्थानीय लोगों को नेत्र संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने और आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। ऐसे प्रयास क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने में अहम भूमिका निभाई जा रही है।

## प्रधानाध्यापक को दी गयी भावभीनी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय मानदोहर केरवा के प्रधानाध्यापक श्याम बिहारी द्विवेदी द्वारा 21 वर्षो के सेवा के बाद 31 दिसंबर को सेवानिवृत हो जायेंगे। चुकी विद्यालय में अवकाश हो रहा है और सेवा निवृति तिथि भी इसी में है। सेवानिवृति तिथि पूर्व ही समारोह पूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व बीईईओ भृगुनाथ राम ने कहा कि उम्र के एक पड़ाव पर सभी लोगों को इस कार्य से सेवानिवृत होना पड़ता है। लेकिन शिक्षक कभी सेवानिवृत नही होते, वे समाज को हमेशा सही दिशा दिखाने का काम करते रहते है। वहीं श्याम बिहारी द्विवेदी ने कहा कि लंबे समय तक केरवा-मानदोहर विद्यालय में सेवा देने का दायित्व विभाग की ओर से मिला। जिसे पुरी इमानदारी और निष्ठा से सेवा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उनकी नियुक्ति इसी विद्यालय में हुई और इसी विद्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस 21 वर्षों के दौरान यहां के लोगों ने काफी मान सम्मान दिया। कार्यक्रम को शिक्षक उमेश प्रसाद कर्ण, नीरज कुमार, नंदकिशोर चौबे एवं गिरेद्र सिंह सहित उपस्थित शिक्षकों ने संबोधित किया।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मदन मोहन मालवीय व अटल बिहारी बाजपेयी जयंती समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री वंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, आचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता, आचार्य प्रियंवदा ने भारत माता, ओम, मां शारदे, पंडित मदन मोहन मालवीय, अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर और पुष्पार्चन कर किया गया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि ये दोनों महान



विभूतियां हम लोगों के लिए गौरव और प्रेरणा श्रोत रहेंगे। आचार्या प्रियंवदा ने कहा कि मदन मोहन मालवीय काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक थे, उन्होंने लोगों से दान मांगकर इस विश्वविद्यालय की स्थापना की। मालवीय जी से संबंधित विभिन्न घटनाओं एवं प्रेरणास्पद बोध कथाओं का वर्णन किया। आचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की जीवन गाथा का ओजस्वी पूर्ण वर्णन किया। श्री गुप्ता ने कहा कि भारत रत्न श्री बाजपेयी एक महान कवि भी थे, उनकी ओजपूर्ण कविताऐं आज जन मानस के मुख पर रहती हैं। श्री बाजपेयी ने तीन बार भारत देश के प्रधानमंत्री पद को सुशोभित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी जी एवं भैया-बहनों की प्रमुख भूमिका रही।

## न्यूज बॉक्स

### खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन



**मेराल।** एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन विद्यालय में वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। खेलकूद की शुरूआत विद्यालय के डायरेक्टर धर्मेंद्र देव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। कबड्डी ,बॉक्स लंगडी, बॉक्सिंग, खो खो ,बैडमिंटन आदि खेल में विद्यालय के बच्चों लिया। इस खेल में बालक और बालिका की तीन-तीन टीमों ने भाग लिया। कबड्डी में सुपर 11 की टीम ने जनरल 11 की टीम को हराकर विजेता बना। जनरल 11 ने सुपर 11 को हराकर जीत हासिल किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता बालक वर्ग में आर्यन गिरी एवं विराट कुमार की जोड़ी ने प्रिया रंजन कुमार और अंश मंगलम को पराजित कर जीत हासिल किया। बालिका बैडमिंटन मैच में रितु कुमारी एवं कोमल कुमारी ने करुणा निधि और अर्पना कुमारी को हराकर जीत हासिल किया। प्रतियोगिता सुपर 11 ने जनरल 11 को हराकर जीत सुनिश्चित किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी बच्चों के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। खेल का समापन अभिभाषण में विद्यालय के डायरेक्टर ने खिलाड़ियों को खेल से जुड़ी जानकारियां बच्चों के सामने रखी तथा खेल के माध्यम से झारखंड सरकार के द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति के साथ-साथ नौकरी भी मिलने की बात कही।

### विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव संपन्न, जयकुमार बने अध्यक्ष

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के मध्य विद्यालय अरंगी में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। पर्यवेक्षक के रूप में बीआरपी पंकज कुमार, शिक्षक मृतुंजय दुबे और जितेंद्र शर्मा मौजूद रहे। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई।चुनाव के दौरान अभिभावकों ने सर्वसम्मति से जयकुमार पासवान को अध्यक्ष और संगीता देवी को उपाध्यक्ष चुना। अनिता देवी को संयोजिका के रूप में नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त 16 सदस्यीय टीम का गठन किया गया, जिसमें कई योग्य और सक्रिय व्यक्तियों को शामिल किया गया। टीम में मनीता देवी, राजू बैठा, भीम कुमार, अमित ठाकुर, उर्मिला देवी, सुनील कुमार, ज्ञानी सिंह, संगीता देवी, सीमा देवी और प्रमोद कुमार पटेल (उपमुखिया) को सदस्य के रूप में चुना गया। इसके अलावा, आयुषी कुमारी (प्रधानमंत्री) और सतेंद्र दास (प्रधानाध्यापक) को संयोजक बनाया गया।चुनाव का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के विकास, शिक्षण व्यवस्था में सुधार और बच्चों की शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाना है। इस प्रक्रिया में अभिभावकों और शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित की गई, जिससे विद्यालय प्रबंधन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बढ़ सके।पर्यवेक्षकों ने नवगठित समिति को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि यह समिति विद्यालय के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। चयनित अध्यक्ष जयकुमार पासवान ने समिति की ओर से विश्वास दिलाया कि विद्यालय के बच्चों की शिक्षा, अनुशासन और मूलभूत संरचना के विकास में हरसंभव प्रयास किया जाएगा।इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों और अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन पर संतोष व्यक्त किया और बेहतर भविष्य की कामना की।

### गृहमंत्री का पुतला दहन, भाकपा माले ने जताया विरोध




**खरौंधी।** बाजार स्थित कोण मोड़ पर भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। इससे पहले चंदनी मोड़ से कोन मोड़ तक एक जुलूस निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। गृहमंत्री द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्थान पर भगवान श्रीराम का नाम लेने और स्वर्ग पहुंच जाने की टिप्पणी के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। इसके बाद कोन मोड़ पर एक सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता भाकपा माले के प्रखंड सचिव भुनेश्वर राम ने की।सभा को सबोधित करते हुए एरिया सचिव दिलीप कुमार गुप्ता ने कहा कि जब तक गृहमंत्री अमित शाह माफी नहीं मांगते, भाकपा माले सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान देकर गरीबों को अधिकार दिलाया, जिसका अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस अवसर पर कामरेड पनवा देवी, पलटन राम, बसंत सिंह, सुधीर सिंह, सुमित्रा देवी, राधिका देवी, गिरधारी सिंह, त्रिभुवन सिंह, उदय सिंह, बाबूलाल सिंह और कृष्णा सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## निर्णय

### पंसस व सुशासन सप्ताह की बैठक में शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश

# अगले वित्तीय वर्ष के लिए लॉटरी के माध्यम से चार मुखिया बने पंचायत समिति सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड सभागार में पंचायत समिति व सुशासन सप्ताह को लेकर मंगलवार को प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बीडीओ सतीश भगत ने प्रखंड कर्मियों को पूरे एक सप्ताह तक प्रखंड में सुशासन सप्ताह कार्यक्रम चलाने की जानकारी दी। कहा कि सभी पदाधिकारी व कर्मचारी आमजनों से प्राप्त शिकायतों व आवेदन का निष्पादन तत्परता से करना सुनिश्चित करें। पंचायत समिति की बैठक में अबुआ आवास को लेकर सभी बीडीसी द्वारा अनियमितता का मामला उठाया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की स्वीकृत 4921



आवास का जांच कर ही पैसा छोड़ जाएगा। साथ ही इस कार्य में पंचायत स्वयंसेवक से कार्य नहीं कराया जाएगा। मनरेगा योजना के समीक्षा में बताया गया कि प्रखंड में कुल 5236 योजनाएं संचालित हैं, जिसमें 1047 सिंचाई कूप, मेड़बंदी और टीसीबी 1407, डोभा 931, शेड 147, पोषण वाटिका 9 तथा 85 वृक्षारोपण योजना शामिल है। सभी की समीक्षा की गई। बैठक में निजी विद्यालय संचालक का मामला छाया रहा। बीडीओ ने सभी निजी विद्यालय की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अंचल के समीक्षा में सीओ यशवंत नायक ने बताया कि अंचल में कुल 846 म्यूटेशन का केस आया है, जिसमें 576 का निष्पादन किया गया। शेष 270 का जांच चल रहा है। उन्होंने बताया कि आवंटित बालू घाट के पंचायत से रसीद लेकर बालू की ढुलाई कर सकते हैं। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। उप प्रमुख निजामुद्दीन खान ने प्रखंड में चल रहे चिमनी ईट भट्ठा की सूची की मांग की। बताया गया कि पंचायत समिति मद में 77 योजनाएं ली गई थी, जिसमें 43 पूर्ण हो चुका है। शेष पर कार्य चल रहा है। बैठक में थाना प्रभारी को थाना दिवस का आयोजन करने तथा अवैध शराब बनाने व बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। वन विभाग द्वारा नीलगाय तथा हाथियों से फसल की क्षतिपूर्ति के लिए फार्म उपलब्ध कराते हुए कहा गया कि एक सप्ताह में कृषक फॉर्म को पूर्ण कर विभाग में जमा करें। जिससे किसानों को क्षतिपूर्ति की राशि मिल सके। बैठक के दौरान 2025 वित्तीय वर्ष कैलेंडर के लिए लॉटरी के माध्यम से चार मुखिया को पंचायत समिति के लिए चयन किया गया, जिसमें करकोमा पंचायत के मुखिया बीरेंद्र तिवारी, लोवादाग के मुखिया जसीमा बीबी, तीसरटेटुका के मुखिया मनीषा देवी, खोरीडीह के मुखिया मेनू देवी का शामिल है।

# प्रभु यीशु के आमगन को लेकर मसीही समुदाय में उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में क्रिसमस पर्व की धूम है। इस मौके पर मसीही समुदाय के लोगों द्वारा मंगलवार को पर्व को लेकर विशेष तैयारी कि जा रही है। भंडरिया के स्थानीय सालेम चर्च, बेतल चर्च, बड़गड़ प्रखंड के कैथोलिक आश्रम बांड़ी खजुरी चर्च सहित अन्य सभी चर्चों में प्रभु यीशु मसीह की चरणी सजाने का काम लगभग अंतिम चरण में है। बड़ा पर्व के मौके पर स्थानीय बड़गड़ भंडरिया बाजार गुलजार है। कपड़े की दुकान सहित अन्य सभी तरह की दुकानों में लोगों कि काफी भीड़ देखी गयी। बड़ा दिन के शुभ अवसर पर बांड़ी खजुरी चर्च के फादर रेजी ने लोगों को अपना



संदेश देते हुए कहा कि क्रिसमस का त्योहार एक ऐसा त्योहार है कि इसमें प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन मनाते हैं। मानव जाति के लिये प्रभु यीशु ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि हम सबों को उनके बताए हुए पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। हम लोगों को एक दूसरे की मददगार बनने कि जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपसी द्वेष भावना को त्याग कर सभी लोगों को समरुपता के साथ रहना चाहिए। बड़ा पर्व का त्योहार हमलोग को यह संदेश देता है कि हमें सभी जीवों के प्रति प्रेम भावना रखनी चाहिए।

# जंगल में मवेशी चराने गए किसान को हाथियों ने कुचलकर मार डाला

**विरोध में बालूमाथ-मैक्लुस्कीगंज मार्ग 3 घंटा तक जाम**



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के पिंडारकोम ग्राम अंतर्गत चंदनिया टोला निवासी 65 वर्षीय गुलाब यादव को जंगली हाथियों ने कुचल कर मार डाला। ग्रामीण की मौत के विरोध में मंगलवार की सुबह 9 बजे से बालूमाथ-मैक्लुस्कीगंज मुख्य पथ को पिंडारकोम ग्राम के पास जाम कर देने से वाहनों की दोनों ओर लंबी कतार लग गई। लोगों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार मृतक गुलाब यादव प्रतिदिन की तरह सोमवार को ग्राम से सटे बिशनपुर मार्ग पर कुसुमाटांड़ के समीप मवेशियों को चराने के लिए जंगल जाने के बाद देर रात तक घर वापस नहीं लौटा। सुबह आठ बजे स्थानीय ग्रामीण और परिजन खोजबीन करने पर जंगल में ही गुलाब यादव का शव क्षत विक्षत अवस्था में कुसुमाटांड़ के पास पाया। इस घटना के बाद स्थानीय सैकड़ों ग्रामीणों ने आक्रोश में शव को सड़क पर रख सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। ग्रामीण मृतक के परिजन को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने के साथ बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र से हाथियों को भगाने की मांग कर रहे थे। स्थानीय ग्रामीण और भाजपा नेता लक्षण कुशवाहा,गणेश्वर यादव ,समाजसेवी संजय कुमार रवि,दिलीप यादव ने बताया कि पिछले 4 वर्षों से बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में हाथियों का आतंक जारी है, जिससे अब तक दर्जनों ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। इस दौरान सैकड़ों घरों को हाथियों ने नुकसान पहुंचा चुका है। जबकि हजारों एकड़ भूमि में लगी धान मक्का, टमाटर समेत अन्य फसलों को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि 4 वर्षों तक हाथियों का आतंक रहना वन विभाग के साथ जिले के पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी के उदासीनता और लापरवाही को दर्शाता है। सड़क जाम की सूचना पर वन विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन पहुंच ग्रामीणों को समझाने व रेंजर नंदकुमार महतो ने 1 से 2 दिन में बंगाल से हाथी भगाने वाली टीम को बुलाने के आश्वासन के बाद जाम हटा। मौके पर रेंजर ने सरकारी प्रावधान के तहत मृतक के परिजन को 40 हजार का तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराई। शेष राशि 3 लाख साठ हजार रूपया आने वाले दिनों में नियमानुसार देने की बात कही।

## आम्रपाली में फॉर्मेट नहीं मिलने से ट्रक मालिक परेशान

**टंडवा (चतरा)।** पिछले दिनों कोल वाहन मालिक संघ एवं सीसीएल प्रबंधन के बीच बनी सहमति के बाद भी आम्रपाली परियोजना में ट्रक मालिकों को फॉर्मेट नहीं मिलने से वाहन मालिक परेशान हैं। विस्थापित गांव के ट्रक मालिकों का कहना है कि घर जमीन देने वाले यहां दर -दर कि ठोकरें खाने को मजबूर हैं। सीसीएल प्रबंधन फॉर्मेट का कोटा लगभग समाप्त कर दिया गया है जबकि हर रोज पांच सौ ट्रकों को यहां फॉर्मेट की जरूरत है। संघ के आशुतोष मिश्रा की मानें तो सांकेतिक स्ट्राइक के दिन जीएम ने आश्वस्त किया था कि फॉमेट कोटा के समस्या को दो दिनों के अंदर समाधान कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए सभी बाध्य होंगे। बता दें,आठ दिन पूर्व चार सौ ट्रकों को फॉर्मेट दिये जाने पर सहमति बनी थी जो महज एक सौ पर अटक गया है।

# क्रिसमस को लेकर गिरजाघर में तैयारी पूरी



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड में क्रिसमस को लेकर बड़े गिरजाघर समेत माता पली पारिश व गोठगांव, पकरीपाठ, साले, टुनटोली चर्च अन्य गिरजाघर सज कर तैयार है। मसीही विश्वासियों के इंतजार की घड़ियां खत्म होने वाली है। कुछ ही समय में मंगलवार रात 11:59 के बाद प्रभु यीशु का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए बड़े गिरजाघर में क्रिसमस को खास बनाने के लिए युवा महिलाएं व वयस्कों की टीम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभ्यास पूरा कर चुकी है। युवा ग्रुप कौशल के माध्यम से प्रभु के आने का संदेश दे रहे हैं। प्रखंड में इस दिवस को खास बनाने के लिए मसीही विश्वासियों द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव चौक-चौराहा समेत गांव के चौपाल में विशेष आयोजन किया जाता है। इस दौरान चरणी का निर्माण कर उसे सजाते हुए प्रभु यीशु के बाल स्वरूप को स्थापित करते हुए उत्सव मनाते हैं। मंगलवार को क्रिसमस की तैयारी को लेकर महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार की दुकानों में भी जमकर खरीदारी हुई। क्रिसमस ट्री, रेडियम वाला जिंगल बेल, प्रभु यीशु, माता मरियम की मूर्ति व सजावट के लिए क्रिसमस कीट एवं लाइट की बिक्री हुई। नए कपड़ा व किराना की दुकानों में खूब खरीदारी की गई। चरणी को आकर्षित बनाने के लिए जिंगल बेल्स समेत अन्य सजावटी समान की भी जमकर खरीदारी हुई।

## परिवार नियोजन के तहत 10 महिलाओं का बंध्याकरण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को परिवार नियोजन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 10 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। महिलाओं का बंध्याकरण चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में प्रत्येक मंगलवार को बंध्याकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। बंध्याकरण करने को लेकर गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश सहिया दीदी, सहिया साथी, एएनएम, जीएनएम को दिया गया।

## दो गुटों के मारपीट में बच्ची को लगी गंभीर चोट, रेफर

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के समीप सोमवार की देर शाम किसी बात को लेकर दो गुटों में मारपीट के क्रम में कृष्णा भुइयां की पुत्री प्रीती कुमारी( 13 )बीच बचाव को गई थी। बीच बचाव क्रम में बच्ची को गंभीर चोट लग गई। आनन-फानन में परिजन व ग्रामीण द्वारा इलाज को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। लड़ाई झगड़े का कारण का पता नहीं चल पाया है।

# उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण जरूरी : अध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, लातेहार के तत्वावधान में 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया गया। कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोग के अध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि आम उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण आवश्यक है। उन्होने कहा कि यह दिन सभी उपभोक्ताओं के बुनियादी अधिकारों को बढ़ावा देने और उन अधिकारों का सम्मान और संरक्षण करने के लिए प्रोत्साहित करने का एक अवसर है। उपभोक्ता दिवस उपभोक्ता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होने आम उपभोक्ताओं से उनके अधिकारों की जानने की अपील की और कहा कि अगर कोई उपभोक्ता अधिकार हनन का मामला हो तो उसे आयोग के समक्ष अवश्य लायें। आयोग उन्हें न्याय दिलायेगा। आयोग की सदस्य वीणा कुमारी ने भी उपभोक्ता अधिकारों के हितों की बात कही। वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार ने कहा कि उपभोक्ता वह व्यक्ति होता है जो अपनी जरूरत के लिए उत्पाद खरीदता है और उसका उपयोग या उपभोग करता है। उपभोक्ता के पास जीवन के लिए नुकसानदेह व हानिकारक वस्तुओं और सेवाओं के खिलाफ शिकायत दायर करने का अधिकार है। कार्यक्रम में वरीय अधिवक्ता मिथिलेश कुमार सिन्हा, वासुदेव पांडेय, नवीन कुमार गुप्ता, राजीव रंजन पांडेय, धीरेंद्र शुक्ला, उपेंद्र कुमार, अमित कुमार गुप्ता, समाजसेवी व राजद नेता मोहर सिंह यादव, कार्यालय कर्मी भोला प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, दिवाकर गुप्ता, क्रिस्टीना कुजूर रोहित कुमार सुभाष लकड़ा आदित्य कुमार, रंजीत कुमार, जितेंद्र कुमार, संदीप उरांव, श्यामदेव सिंह व आदित्य कुमार आदि मौजूद थे।

## बकाया बिजली बिल वसूली शिविर का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के मुख्य चौक में मंगलवार को बिजली बिल वसूली शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य रूप से कनीय अभियंता तरुण कुमार उपस्थित थे। बताया गया कि प्रखंड के विभिन्न गांव के उपभोक्ताओं द्वारा करीब अस्सी हजार बकाया बिजली बिल जमा किया गया। मौके पर विकास कुमार,संतोष कुमार,पंकज कुमार, महावीर दांगी,विकास दांगी सहित अन्य विद्युत कर्मी मौजूद थे।

## एनडीपीएस एक्ट का अरोपी गिरफ्तार

**बारियातू।** एनडीपीएस एक्ट का नामजद आरोपी मनोज यादव पिता रुदन यादव, ग्राम इंदुआ थाना बारियातू को गिरफ्तार पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नामजद आरोपी मनोज को अपने घर इंदुआ मे रहने की सूचना पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी को मिली थी। गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी देवेंद्र, पुअनि रितेश तिग्गा, निर्मल मंडल ने पुलिस बल के साथ पहुंच कर गिरफ्तार की। उन्होंने ने कहा कि किसी भी तरह का मादक पदार्थ के लिए काम करने वाले और तस्करी करने वाले पर आगे भी ऐसी करवाई जारी रहेगी।

# पंचायत सचिवालय में पेसा एक्ट के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड परिसर स्थित पंचायत सचिवालय के सभागार मे मंगलवार को बीडीओ संदीप कुमार की अध्यक्षता में पेसा एक्ट कानून के शक्तियों के सबंध में जानकारी देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित पंचायत के जनप्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बीडीओ संदीप कुमार ने कहा कि पेसा कानून में दी गई ग्राम सभा के शक्तियों की जानकारी पंचायत के सभी जनप्रतिनियों को होनी चाहिए। पेसा कानून ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को तेज करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा एक्ट ग्राम सभाओं को विशेष रूप से प्राकृतिक संसाधनो के प्रबंधनो के लिए एक विशेष शक्तिया प्रदान की है। बीडीओ ने पेसा कानून के सबंध मे कई महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश भी डाला। प्रभारी अंचलाधिकारी नंदकुमार राम ने कहा कि पेसा कानून के तहत जल, जंगल, जमीन पर ग्राम सभा की विशेष शक्तिया निहित है। पेसा कानून की भूमिका राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी आत्मा सिंह ने कहा कि पेसा कानून राज्य के आदिवासी ग्रामीण क्षेत्रों में उनके हक व अधिकार को दिलाने का काम करती है। पेसा कानून के अंतर्गत इस क्षेत्र के जल, जंगल, जमीन पर विकास की गति प्रदान करने के लिए ग्राम सभा की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी हो जाती है। पेसा कानून के बावत मनिका के सभी पंचायतों में मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। उसमे सिंजो पंचायत सचिवालय, नामुदाग पंचायत सचिवालय, सहित अन्य पंचायत सचिवालय शामिल है। सिंजो पंचायत सचिवालय में ग्राम प्रधान मुनेश्वर यादव, क्यूम मियां, मुखिया निर्मला देवी , पंचायत सचिव मारवाड़ी उरांव, मनिका पंचायत सचिवालय में मुखिया सत्येंद्र कुमार सिंह, पंचायत सचिव आत्मा सिंह, ग्राम प्रधान रजत कुमार, टुनमून शिल्पी सेन, सहित सभी पंचायत के वार्ड सदस्य व पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित**

# ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान



नवीन मेल संवाददाता

**गारू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार और अंचल अधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और त्वरित कार्रवाई करते हुए कई मामलों का मौके पर ही निपटारा किया। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए दर्जनों ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इनमें से कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। शेष समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि किसी भी समस्या को लंबित नहीं रहने दिया जाएगा और सभी मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन किया जाएगा। अधिकतर शिकायतें आवास योजना, पेंशन, राशन कार्ड, भूमि विवाद और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी हुई थीं। अधिकारियों ने शिकायतकताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड और अंचल कार्यालय के कर्मी, बाल विकास परियोजना के अधिकारी और अन्य कर्मी भी मौजूद थे।

# जमीन पर कट रही अर्धविक्षिप्त का जीवन



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** शहर में इन दिनों अर्धविक्षिप्तों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। उन्हीं में से एक वृद्ध अर्धविक्षिप्त जो अपने जीवन के आखिरी पायदान पर है, वह किस तरह जमीन पर घीसट घीसट कर चलने को मजबूर है। उनकी जिंदगी जमीन पर रेंगते हुए कट रही है। शहर के इंदिरा गांधी चौक के आसपास काफी समय से इस वृद्ध को देखा जा रहा है। पहले तो वह अपने कंधे पर बैग,बोरी,वगैरह लेकर इधर-उधर भटकते रहते था, लेकिन कुछ दिनों से उनके पैरों में कुछ कठिनाइयां होने के कारण वह जमीन पर ही रेंग कर चलने को मजबूर हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 39 व 22 के आस पास कुछ होटलों से उन्हें खाने-पीने की चीज उपलब्ध हो जाती है। वृद्ध के लिए इस कड़कड़ाती ठंड में जिला परिषद बस स्टैंड के अंदर एक जर्जर भवन में सोने के लिए एकमात्र जगह है। जहां वह रात गुजारते हैं। आस पास के दुकानदारों ने बताया कि बीते कुछ महीने पहले उनके पैर में किसी जंतु ने काटा लिया था काफी दिनों तक वह लाचार बनकर इधर-उधर सड़कों पर फिरते रहे। कुछ दिन के बाद आस पास के लोगों ने देखा कि वह काफी मजबूर हैं और जमीन पर घीसट कर चल रहे हैं। उसके बाद स्थानीय लोगों ने वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा भेजवाया जहां उनके पैरों का उपचार किया गया। कुछ दिनों तक वह ठीक-ठाक चल रहे थे। एका एक देखा गया कि वह जमीन पर रेंग कर चल रहे हैं और दुकानदारों से मांग कर अपनी पेट की आग बुझा रहे हैं।

**आजादी के बाद से अभी तक लाधुप के रंगनिया टोला में नहीं पहुंची बिजली**

# आज भी ढिबरी जलाकर काम चलाते हैं ग्रामीण



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लाधुप पंचायत के हेसला गांव के रंगनिया टोला आज भी बिजली की सुविधा से कोसो दूर है। आजादी के इतने वर्ष बीतने के बावजूद रंगनिया टोला में बिजली नहीं पहुंचना विकास के सरकारी दावे की पोल खोल रहा है। लाधुप पंसस बुधन गंझु जब उक्त गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने बिजली की समस्या से उन्हें अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि रंगनिया टोला में कुल बीस-पच्चीस घर की आबादी है और आज भी यहां के ग्रामीण ढिबरी, लालटेन जलाकर रात गुजारने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अभी तक गांव में पक्की सड़क तक नहीं बन पाई है। जिसके कारण यहां के लोगों को गांव से बाजार हाट आने-जाने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर हेसला से भरी टोला होते रंगनिया तक बिजली लाई जाती तो 15 से 20 बिजली पोल लगेंगे और अगर माल्हन पंचायत के दालचुंवा से बिजली लाई जाये तो महज 3 से 4 पोल लगेंगे। पंसस बुधन गंझु ने जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और विद्युत विभाग से रंगनिया टोला में जल्द से जल्द बिजली बहाल करने की मांग की है। मौके पर सुकरा गंझू, बालमोहन गंझू, राजेश गंझू, मुकेश गंझू, परन गंझू, कुंवर कुमार, सधवा गंझू, संजय गंझू, विकास कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे। इस संबंध में पूछे जाने पर विद्युत कार्यपालक अभियंता शमशाद अलाम ने कहा कि जो भी गांव बिजली से नहीं जुड़ पाएं है, वैसे गांव का सर्वे कराकर जल्द ही वंहा तक बिजली सेवा बहाल करने का काम किया जायेगा।

## न्यूज बॉक्स

### व्यवसायी देवधारी महतो का निधन,गांव में शोक

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जाने-माने व्यवसायी देवधारी महतो (90) का निधन मंगलवार की सुबह हो गई। उनके निधन की खबर से प्रखंड मुख्यालय के साथ-साथ आसपास के गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि देवधारी महतो देश आजादी के पूर्व से किराना दुकान की व्यवसाय करते आ रहे थे। कुछ दिनों से वह अस्वस्थ चल रहे थे। मंगलवार की सुबह उन्होंने अपने निवास पर अंतिम सांस लिया। इनके शव यात्रा में महिला पुरुष की भी उमड़ पड़ी। इनका अंतिम संस्कार प्रखंड मुख्यालय के धोबिनिया गढ़ा शमशान घाट पर किया गया। हिंदू रीति रिवाज के साथ इनका मुखा अग्नि पुत्र राजेंद्र दांगी ने दिया। उनके निधन पर जन प्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने शोक व्यक्त किया।

### सांसद से की मुलाकात, बारियातु प्रखंड की समस्याओं से कराया अवगत



**बारियातू।** झारखंड प्रजापति कुंहार महासंघ प्रखंड सचिव सोनू प्रजापति व भोक्ता समाज प्रखंड सचिव योगेंद्र गंझू ने चतरा सांसद कालीचरण सिंह के आवास जाकर औपचारिक मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान भाजपा नेता सह भोगता समाज के प्रखंड सचिव योगेंद्र गंझू व भाजपा नेता सह झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ प्रखंड सचिव सोनू प्रजापति ने क्षेत्र के समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। मुख्य रूप से बारियातू प्रखंड में नीलांबर पीतांबर भवन निर्माण, प्रखंड मे अनुसूचित जाति जन जाति छात्रावास की व्यवस्था कराने, एनएच 22 से नीलांबर पीतांबर स्मारक तक पीसीसी पथ निर्माण करवाने, बारियातू प्रखंड में डिग्री कॉलेज खुलवाने तथा प्रजापति समाज के लिए प्रजापति भवन निर्माण करने हेतु सांसद आग्रह किया।

### प्रशासन गांव की ओर के तहत शिविर का आयोजन

**बारियातू।** उपायुक्त के निर्देश पर सुशासन सप्ताह व प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत साल्वे पंचायत सचिवालय में दो पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमे साल्वे व टोटी पंचायत को सम्मिलित किया गया। शिविर का उदघाटन उप मुखिया समुन्द्री कुमारी प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ अमित कुमार पासवान व पशु चिकित्सा प्रभारी शुशीला बागे ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शिविर में सरकार के विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं, जनहित में स्टॉल लगाए गए। उक्त शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया, एचबी, एचआईवी, बीपी, सुगर सहित कई जांच किया गया। साथ ही स्वास्थ्य व पशु चिकित्सा विभाग द्वारा दवाओं का भी वितरण की गई। शिविर में उपस्थित प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ अमित कुमार पासवान ने सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शिविर लगाने का मुख्य उदेश्य है सरकार के योजनाओं का लाभ सीधा आम लोगों को मिले। शिविर के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के लिए दोनों पंचायत से कुल 200 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 178 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके एमओ आशिस रंजन, बीपीओ केतन गुप्ता, नाजीर अजय मुंडा, जन सेवक प्रकाश कुमार, समाज सेवी नंदू उरांव, आलोक दुबे, रवि यादव, प्रखंड, अंचल कर्मी, पंचायत के ग्रामीण मौजूद थे।

### गृहमंत्री इस्तीफा दें, बाबा साहब का अपमान बर्दाश्त नहीं : विधायक

**लातेहार।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि बाबा साहब का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। केंद्रीय गृहमंत्री ने सदन में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के लिए अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। इसे देश कभी बरर्दाश्त नहीं करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री के द्वारा संसद मे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गयी अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में आयोजित पैदल मार्च कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला दहन से पहले कांग्रेसियों ने पैदल मार्च का शहर के अमवाटीकर स्थित आंबेडकर स्मारक पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सम्मान पैदल मार्च अमवाटीकर से प्रारंभ हो कर मेन रोड और धर्मपुर चौक होते हुए समाहरणालय गेट तक पहुंचा। वहां पर सामूहिक रूप से केंद्रीय गृह मंत्री का पुतल दहन किया। युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि देश का संविधान बनाने वाले के प्रति ऐसा अमर्यादित बयान निंदनीय है। कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने कहा कि अमित शाह को इस मामले में तुरंत इस्तीफा देने चाहिए। इस बयान से भाजपा का दोहरा चरित्र सबों के सामने आग गया। युवा जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने कहा कि जब भाजपा द्वारा संविधान निर्माता के बारे में ऐसी टिप्पणी कर सकती हैं, तो आप समझ सकते हैं कि आम नागरिकों के साथ क्या सलूक किया जाता होगा। गृह मंत्री के इस्तीफा की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया। मौके पर जिला अध्यक्ष गुंजर उरांव, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, मनोज पासवान, विजय बहादुर सिंह, प्रेम सिंह, पिंटू सिंह, नसीम अंसारी, समशुल अंसारी, सुरेंद्र भारती, विश?वनाथ पासवान, दरोगी यादव आदि मौजूद थे।

### मंझगावा व करमा पंचायत में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन



**मयूरहंड(चतरा)।** केंद्र सरकार के निर्देश पर सुशासन सप्ताह के तहत प्रखंड क्षेत्र के मंझगावा व करमा पंचायत सचिवालय में मंगलवार को प्रशासन गांव की ओर लगाया गया सुशासन सप्ताह संपन्न हो गया। सपामन कार्यक्रम का शुभारंभ करमा में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार, मुखिया रामनाथ यादव, मंझगावा में बीडीओ मनीष कुमार, उप मुखिया मंजीत सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर आम जनता को प्रखंड व अंचल कार्यालय में जमीन म्यूटेशन, जाती, आय, आवासीय संबंधी बनवाने, वृद्धा, विधवा पेंशन का कार्य कराने तथा अन्य कार्यो का परेशानियों के समाधान के लिए पंचायत स्तरीय जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनो लोगों को ऑन द स्पॉट वृद्धा, विधवा पेंशन की स्वीकृति देने के साथ जॉब कार्ड, जाति, आय, आवासीय के अलावा अन्य प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में सुशासन सप्ताह के तहत प्रखंड प्रशासन द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाया गया। जन समस्याओं का निवारण व योजनाओं को लाभ पहुंचाने को लेकर विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया था। पंचायत क्षेत्र से आने वाले ग्रामीणों व जरुरतमंदो को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। मौके पर बीपीओ सतीश कुमार मिश्रा, कल्याण पदाधिकारी चंदन कुमार,अंचल निरीक्षक सुदर्शन कुमार, बीपीएम पंकज कुमार,पंचायत सचिव शशि कुमार रवि, रोजगार सेवक अजय कुमार, बीएफटी सुबोध कुमार सिंह,कनिय अभियंता उमेश उरांव पंसस प्रतिनिधि सुरज कुमार सिंह, उप मुखिया उपेंद्र दांभिक, अमित कुमार के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अमित शाह के इस्तीफे की मांग पकड़ा तूल, कांग्रेस ने किया धरना- प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की इस्तीफा की मांग को लेकर समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इसके पूर्व समाहरणालय स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कांग्रेसजनों ने केंद्र सरकार और गृह मंत्री अमित शाह का पुरजोर विरोध करते हुए नारेबाजी किया। तत्पश्चात अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन उपायुक्त लोहरदगा के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को भेजा गया। धरना कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि बीजेपी आरएसएस के जीन में ही अंबेडकर का अपमान है। अमित शाह ने लोकतंत्र के मंदिर में बाबा साहब को जिस तरह अपमानित किया वह एक कुंठा और द्वेष से भरे मानसिकता वाला व्यक्ति ही कर सकता है। गृह मंत्री जैसे पद पर विराजमान व्यक्ति द्वारा संविधान निमार्ता का सरेआम अपमान करना बताता है कि भाजपा के नेताओं में दलितों के प्रति कितनी नफरत और घृणा भरी है। प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि सत्ता का अहंकार बीजेपी के सिर चढ़कर बोल रहा है। अमित शाह ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने के बाद माफी तक नहीं मांगी। देश के इतिहास को कलंकित करने वाली ऐसी घटना संसद में पहले कभी नहीं हुई। कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि अमित शाह को बाबा साहेब अंबेडकर के पैरों में नाक रगड़कर माफी मांगने ही पड़ेगी। अमित शाह को इस्तीफा देना ही पड़ेगा वरना देश के करोड़ों लोग बीजेपी को कभी माफ नहीं करेंगे। मौके पर प्रदेश सचिव जगदीप भगत, महासचिव सलीम अंसारी बड़े, निशीथ जायसवाल, संतोषी उरांव, सदरुल अंसारी, संदीप गुप्ता प्रदीप विश्वकर्मा मुजम्मिल अंसारी, रविंद्र सिंह खरवार मुस्ताक अहमद, दीपक महतो, परवेज सिद्दीकी, प्रकाश उरांव, कुणाल अभिषेक, जुगल भगत समेत सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## एक नजर

### पं. मालवीय और अटल जी की जयंती मनाई गई

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम में पंडित मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी और उपलब्धियां पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। नीतू कुमारी ने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रणेता तो थे ही इस युग के आदर्श पुरुष भी थे। वे भारत के पहले और अंतिम व्यक्ति थे, जिन्हें महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया।

### भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता व समाजसेवी कलेश्वर सिंह का निधन

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू प्रखंड भापजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और समाजसेवी ककरगढ़ निवासी कलेश्वर सिंह का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। वे पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे। कलेश्वर सिंह ने पार्टी के विभिन्न पदों पर कार्य किया था। इसके अलावा उनकी पहचान काफी शांतचित्त और व्यवहारकुशल व्यक्तित्व के रूप में थी। इनके निधन पर लोहरदगा जिला भाजपा ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। शोक प्रकट करने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, प्रदेश के वरिष्ठ ओम प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकु, अजय पंकज, पशुपतिनाथ पारस, अनिल उरांव, बालकृष्णा सिंह, सुदामा प्रसाद, राजेश प्रसाद, शशि कुमार, वरुण बैठा शामिल हैं।

## नीति आयोग मे अवार्ड मनी से निर्मित योजनाओं का डीसी ने किया निरीक्षण

उपायुक्त ने नीति आयोग अंतर्गत अवार्ड मनी से निर्मित योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने सर्वप्रथम कुडू प्रखंड के जीमा पंचायत में डेयरी यूनिट का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने योजना के अधिष्ठापन की प्रगति का अवलोकन किया। यूनिट में उत्पादन हेतु अधिष्ठापित मशीनों की गुणवत्ता संबंधित जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने इसके उपरांत किस्को प्रखंड में नीति आयोग योजना मद अंतर्गत 1.71 करोड़ रुपये की राशि से निर्मित 45 बेड के छात्रावास, इंडोर जिम का निरीक्षण किया।

## 194 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय के प्रांगण में प्रभारी कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के 194 छात्र छात्राओं के बीच कल्याण विभाग के तहत साइकिल का वितरण किया गया। वही त्रिवेणी भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024-25 में प्रखंड को 1056 साइकिल वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। सभी विद्यालय से छात्र-छात्राओं का सूची मांगी गई है। उसी निमित चितरी, अरु, भड़गांव, सेन्हा, चौकनी, डांडू विद्यालय के 194 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। बाकी अन्य विद्यालयों के छात्र छात्राओं को भी जल्द साइकिल दिया जायेगा। मौके पर प्रभारी कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत,उषा तिर्की, विकेश कुमार सिन्हा, फरजाना खातून सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक तस्वीर भेजकर ब्लैकमेल कर रहे साइबर अपराधी

नवीन मेल संवाददाता

**कुडू - लोहरदगा।** अब आप भी सावधान हो जाइए। यह मैसेज हर उस शख्स के लिए है जो मोबाइल फोन इस्तेमाल करता है। आपकी तस्वीर को आपत्तिजनक एडिटिंग कर साइबर अपराधी आपको ब्लैकमेल कर सकते हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला कुडू थाना क्षेत्र में घटित हुआ है। जिसमें एक लड़के की तस्वीर को महिला की आपत्तिनजक तस्वीर के साथ एडिट कर साइबर अपराधी ने एक 18 साल के लड़के को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पीड़ित लड़के के पिता थाना क्षेत्र के माराडीह गांव निवासी राजेश भारती ने बताया कि 24 दिसंबर की दोपहर करीब एक बजे उनके पुत्र आयुष भारती के मोबाइल पर एक अज्ञात नम्बर 9794901183 से एक फोन आया। उठाने पर फोन करने वाले ने बताया कि तुम्हारा एक लड़की के साथ आपत्तिजनक फोटो मेरे पास है पैसा दो नही तो वायरल कर देंगे। फिर आधे घण्टे बाद राजेश भारती की पत्नी के मोबाइल पर इसी नंबर से फोन कर बोला कि आपके बेटा का एक्सीडेंट हो गया है इलाज के लिए पैसा भेजिए। यह सिसिला लगातार चलता रहा। साइबर अपराधी ने फिर लड़के के नँबर पर एक अलग नम्बर 9651015590 से पहले व्हाट्सएप कॉल फिर एक मैसेज किया जिसमे उसकी तस्वीर को एक महिला की आपत्तिजनक तस्वीर के साथ एडिट कर साझा करते हुए एक क्यूआर कोड भी भेजा और पैसा नही डालने पर सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक तस्वीर को साझा कर देने की धमकी दी। जिसके बाद लड़के ने परिजनों को इसकी सूचना दी जिसके बाद परिजन स्थानीय थाना पहुंचे और दुरभाष पर साइबर थाना को भी जानकारी दी है। जहां अमुक दोनों नँबर को ब्लॉक करने की सलाह दी गयी है। कुल मिलाकर प्रशासन द्वारा बार बार नए और अनजान नंबर को लेकर सतर्क रहने की सलाह पर अमल करने की जरूरत है वरना आपकी खून पसीने की कमाई साइबर अपराधी पल भर में साफ कर सकते हैं।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रुप से घायल

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसमें एक गंभीर रुप से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। जबकि एक घायल को प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया। बता दें कि पहला सड़क दुर्घटना भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ भैंसमुंदो चवरा के समीप अज्ञात मारुती वैन की टक्कर मारने से हुई है। जिसमें पैदल सड़क पार कर रहे भंडरा थाना क्षेत्र के सेगरा टोली गांव निवासी बंदे उरांव के पुत्र एतवा उरांव (26वर्ष) गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे भंडरा के सामाजिक कार्यकर्ता बाल कृष्णा सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने एतवा को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। सड़क दुर्घटना में एतवा के सिर में काफी चोटें आई है। जबकि दूसरी सड़क दुर्घटना भंडरा लैंपस के समीप हुई है। जिसमें भंडरा थाना क्षेत्र के चरिमा सिंया टोली गांव निवासी देवराज उरांव के पुत्र अमर उरांव (22 वर्ष) मोटर साइकिल से अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इससे उसके शरीर में काफी चोटें आई है। इधर घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंच जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## प्रतिभा खोज व चयन परीक्षा से प्रतिभाओं की होती है पहचान

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विद्या भारती की ओर से प्रतिभा खोज एवं प्रतिभा चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में गुमला एवं लोहरदगा जिले के विद्यालय के चयनित कुल 136 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। प्रतिभा खोज में 61 भैया- बहन एवं प्रतिभा चयन में 75 भैया- बहन शामिल हुए। शिशु विद्या मंदिर गुमला,सिसई कुदरा ,शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा, सुंदरी देवी शिशु मंदिर लोहरदगा एवं बड़की चांपी लोहरदगा के विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा ओएमआर शीट पर हुई। परीक्षा के विषय में विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने बताया कि विद्या भारती प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की खोज के लिए वर्ष भर में दो बार यह परीक्षा आयोजित करती है।

## ट्रक आँनर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल गुमला खनन पदाधिकारी से मिला

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन ,झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ओनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन विमरला का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल गुमला जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार से मिला। मांग पत्र सौंपते हुए यह कहा कि लोहरदगा गुमला लातेहार की आर्थिक लाइफ लाइन कहे जाने वाले बॉक्साइट ट्रको के मालिको, चालकों, सहचालकों, को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि आपके निदेर्शानुसार लगभग 1500 ट्रकों को यह आदेश किया गया है कि 4 से 5 घंटे मे 40 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से माल खाली किया जाए। जबकि नेतरहाट ऊपर पाठ से बॉक्साइट लेने के बाद उसे लोहरदगा लातेहार रिचूघुटा चंदवा में खाली किया जाता है। विलंब होने पर फाइन भी किया जा रहा है। ट्रक भी जप्त कर लिए जा रहे हैं। जबकि इन माइंसों से अनलोडिंग पॉइंट पहुंचने में नेतरहाट चंदवा पाखर रिचुघुटा की घुमावदार व खतरनाक घाटी है। लोहरदगा घाघरा सेन्हा चंदवा बिशनपुर के शहरी क्षेत्र, कई बस्तियां ,ट्रैफिक जाम मिलता है। साप्ताहिक हाट बाजार, कुहासा, धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक आयोजन, चंदे के कारण विलंब, शिक्षालय, रेलवे फाटक, तीन फॉरेस्ट नाका में एंट्री करने के लिए घंटो की लाइन लगती है।

### सुशासन दिवस मनाया गया

## मालवीय जी भारतीय संस्कृति के अमूल्य धरोहर हैं : सुरेश चंद्र पांडे




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज पंडित मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी एक कुशल वक्ता अधिवक्ता समाजसेवी मृदु भाषी त्यागी तपस्वी एवं शिक्षाविद थे इनके पिताजी श्रीमद् भागवत गीता के कथावाचक थे। शिक्षा के क्षेत्र में पंडित मदन मोहन मालवीय ने भारत को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के रूप में गौरव प्रदान किए हैं जिसमें सभी तरह की शिक्षा दिया जाता है इनका त्याग एवं तपस्या चिर स्मरणीय है हमें समाज सेवा एवं राष्ट्र सेवा की शिक्षा उनके जीवन से सीखनी चाहिए। उन्हें भारत रत्न से सम्मानित भी किया गया है ऐसे महापुरुष के जीवन से हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। अटल बिहारी वाजपेई प्रखर वक्ता, कवि एवं कुशल राजनीतिज्ञ थे। भारतीय संस्कृति के संवर्धन हेतु वे सतत चिंतनशील रहते थे। वह 14 भाषाओं के ज्ञाता थे। वे प्रथम प्रधानमंत्री थे जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी में भाषण दिए थे। इससे उनकी मातृभाषा के प्रति आत्मीयता को दशार्ता है। देश की सेवा के लिए उन्हें तीन बार प्रधानमंत्री भी बनाया गया। कार्यक्रम के इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों द्वारा जन्मदिन की बधाई गीत राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम के अंत में प्रश्न मंच प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।


### कार्यालय, नगर पंचायत लातेहार

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र अंतर्गत लातेहार शहरी जलापूर्ति योजना के तहत दिनांक 31 जनवरी, 2025 तक निःशुल्क जल संयोजन (Water Connection) किया जायेगा। अतः आमजनों से अनुरोध हैं कि उक्त तिथि तक निःशुल्क जल संयोजन का लाभ उठावे एवंज ल संयोजन से संबंधित आवेदन एवं अन्य जानकारी हेतु कनीय अभियंता श्री अमित कुमार एवं जन सुविधा केन्द्र, नगर पचांयत, लातेहार से सम्पर्क स्थापित करते हुए प्राप्त कर सकते है।

साथ ही दिनांक 31 जनवरी, 2025 बीत जाने के उपरांत निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरांत ही जल संयोजन का कार्य किया जायेगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 342809 Urban Development and Housing (24-25)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार
Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

मे0 विशालकन्सट्रक्शन, चंदवा, लातेहार, झारखण्ड को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के पैकेज संख्या–*JH14AEC42B* के तहत लातेहार जिला प्रखण्ड चन्दवा अन्तर्गत मारमार से माल्हन पत्र में देवनाथ नदी में पुल निर्माण कार्य जिसका एकरारनामा संख्या–PMGSY/SBD-4/2017-18 है। आपका निर्माण कार्य पूण करने हेतु बार–बार पूर्व में स्मारपत्र दिया गया है। परन्तु आपके द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है। अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के पत्रांक 2307 दिनांक 09.12.2024 के द्वारा अभियंता प्रमुख आपको कारण पृच्छा नोटीश जारी करने हेतु निर्देश दिया गया है। अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के निर्देश के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक 1452 दिनांक 12.12.2024 के द्वारा निर्माण कार्य को माह दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करने हेतु अन्तिम स्मार दिया गया है। परन्तु आपके द्वारा नर्माण कार्य पूर्ण कराने में कोई रूची नहीं ली जा रही है।

अतः आपको इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से निर्देश दिया जाता है कि निर्माण कार्य हर हाल में दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के निर्देश के आलोक में आपके एकरारनामा को रद्द करते हुए आपके फर्म को काली सूची में डालने की अनुशंसा विभाग को कर दी जायेगी, जिसके लिए आपस्वय जिम्मेवार होंगे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

PR 342804 Rural Development(24-25)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार
Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्रीप्रमोद सिंह, ग्राम–देवीमण्डपन्यू एरिया, अंचल–औरंगाबाद जिला–औरंगाबाद, बिहार को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के पैकेज संख्या–*JH14AEC04* के तहत लातेहार जिला लातमोड़ से लात(L-1.02Km) एवंपैकेज संख्या–*JH14AEC06* के तहत लातेहार जिलाबालू से तुम्बागाड़ा(L-5.03 Km) पथ निर्माण जिसका एकरारनामा संख्या–PMGSY/SBD-19A/2018-19 एवं PMGSY/SBD-19B/2018-19 है। आपको निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु बार–बार पूर्व में स्मारपत्र दिया गया है। परन्तु आपके द्वारा नर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है। अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के पत्रांक 2307 दिनांक 09.12.2024 के द्वारा अभियंता प्रमुख आपको कारण पृच्छा नोटीश जारी करने हेतु निर्देश दिया गया है। अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के निर्देश के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक 1450 दिनांक 12.12.2024 के द्वारा निर्माण कार्य को माह दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करने हेतु अन्तिम स्मार दिया गया है। परन्तु आपके द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण कराने में कोई रूची नहीं ली जा रही है।

अतः आपको इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से निर्देश दिया जाता है कनिर्माण कार्य हर हाल में दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के निर्देश के आलोक में आपके एकरारनामा को रद्द करते हुए आपके फर्म को कालीसूची में डालने की अनुशंसा विभाग को कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,लातेहार

PR 342803 Rural Development(24-25).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार
Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्रीमति अनिता देवी ग्राम+पो0–बालुमाथ, थाना नं0–71, जिला–लातेहार, झारखण्ड को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के पैकेज संख्या–*JH14AEC036* के तहत लातेहार जिला के प्रखण्ड बालूमाथ में राजगुरू से भाटचतरा पथ निर्माण (L-3.82 KM) एवं पैकेज संख्या–*JH14AEC039* के तहत लातेहार जिला के प्रखण्ड बालूमाथ में झाबर से हाथडीह तक पथ निर्माण (L- 0.155 KM) जिसका एकरारनामा संख्या– PMGSY/SBD-12/2018-19 एवं PMGSY/SBD-11B/2018-19 है। आपको निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु बार–बार पूर्व में स्मार पत्र दिया गया है। परन्तु आपके द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है। अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के पत्रांक 2307 दिनांक 09.12.2024 के द्वारा अभियंता प्रमुख आपको कारण पृच्छानोटीश जारी करने हेतु निर्देश दिया गया है। अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के निर्देश के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक 1449 दिनांक 12.12.2024 एवं पत्रांक 1451 दिनांक 12.12.2024 के द्वारा निर्माण कार्य को माह दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करने हेतु अन्तिम स्मार दिया गया है। परन्तु आपके द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण कराने में कोई रूची नहीं ली जा रही है।

अतः आपको इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से निर्देश दिया जाता है कि निर्माण कार्य हर हाल में दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के निर्देश के आलोक में आपके एकरारनामा को रद्द करते हुए आपके फर्म को काली सूची में डालने की अनुशंसा विभाग को कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
लातेहार

PR 342798 Rural Development (24-25)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 342089 Building (24-25)_D है को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।

PR 342761 (Building) 24-25 (D)

### JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj • e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Tender Cancellation Notice**

Due to some unavoidable circumstances, Tender invited against **NIT No. 294/PR/JUSNL/2024-25** is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 340585)

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 342800 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)

### JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj
e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Tender Cancellation Notice**

Due to some unavoidable circumstances and reasons, Tender invited vide **NIT No. 297/PR/JUSNL/2024-25** is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR No. 340632

PR 342792 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)24-25*D

### Office of The Civil Surgeon - Cum-Chief Medical Officer, Latehar
Email ID- cslatehar@gmail.com

**Very Short e-Tender Notice**
**(E-Procurement Notice)**
**Memo No.-------------/Date:------------------------/**
**(Very Short E- Tender Notice No. 02CS/2024)**

जिला लातेहार अन्तर्गत सदर अस्पताल लातेहार के विभिन्न ईकायों में आवश्यक मशीन उपकरण/उपचार सामग्रियों का ई–निविदा के माध्यम से आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निबंधित आपूर्तिकर्ता/निर्माता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों से निम्न विवरण/शर्तों के अधीन निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for Supply & Installation Of Various Type of Machine Equipment etc In Sadar Hospital, Latehar. |
| 2 | Date of Publication of the Tender on Website | 28-12-2024 |
| 3 | Date & Time Online submission of BID | 28.12.2024 to 04.01.2025 |
| 4 | Bid submission closing date | 04.01.2025 by 5 P.M. |
| 5 | Bid Opening date | 06.01.2025 by 4 P.M. |
| 6 | Opening date online Financial proposal | After completion of Technical BID |
| 7 | Tender Document Fee (Non-refundable) | 500/- (Five Hundred Only) Non-Refundable should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e-Procurement portal of the tender inviting authority |
| 8 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 25000/- (Rs. Twenty Five Thousand only) should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e-Procurement portal of the tender inviting authority |
| 9 | Contact No. | 8340654868 |

Note : The specified dates and time may change due declaration of holidays or any other unforeseen circumstance. The same shall be informed through web-portal as and when required.

PR 342806 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D

Civil Surgeon-Cum-Chief Medical Officer, Latehar.

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से सिपाही की मौत

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र में स्थित टोटो पेट्रोल पंप के पास मंगलवार अपराह्न 3 बजे अज्ञात वाहन के टक्कर से एक सिपाही की मौत हो गई। घटना के बाद शव को एम्बुलेंस की मदद से सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सिपाही की पहचान अजीत कुमार के रूप में हुई है। मृतक के पॉकेट से एक कागज मिला, जिसमें गुमला सिविल कोर्ट में गार्ड के पद पर कार्य करने का लेटर था। हालांकि, मृतक के घर का पता अभी तक नहीं चल पाया है। घटनास्थल के पास एक बाइक भी गिरी पाई गई, और मृतक के सिर में गंभीर चोट लगी थी, जिससे अत्यधिक खून बह गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मृतक की पहचान व घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

### करौंदी में खेलते समय छत से गिरी 3 वर्षीय बच्ची, हालत गंभीर

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के करौंदी गांव में 3 वर्षीय अवनी कुमारी खेलते समय छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना उस समय हुई जब अवनी पड़ोसी पंकज साहू के घर की छत पर अन्य लड़कियों के साथ खेल रही थी। अचानक वह लगभग 15 फीट नीचे जमीन पर गिर गई, जिससे उसके शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है और अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर किया जा सकता है।

### होमगार्ड बहाली के तहत 109 अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण जारी

**गुमला।** गुमला जिले में होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में है। मंगलवार को सदर अस्पताल में 109 एसटी और एससी श्रेणी के अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण किया गया। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अनुपम किशोर ने जानकारी दी कि कुल 213 अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण निर्धारित है, जिसके लिए 26 दिसंबर तक मेडिकल सर्टिफिकेट जमा करने का निर्देश दिया गया है। 106 अभ्यर्थियों, जिनमें जेनरल और ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार शामिल थे, का मेडिकल परीक्षण पूरा किया गया। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों का किसी कारणवश मेडिकल परीक्षण छूट गया है, उन्हें 26 दिसंबर को अंतिम मौका दिया जाएगा।

### खड़ियापाड़ा के प्लास्टिक गोदाम में भीषण आग लाखों का नुकसान

**गुमला।** शहर के खड़ियापाड़ा स्थित व्यापार मंडल परिसर में एक प्लास्टिक सामग्री के गोदाम में रात अचानक भीषण आग लग गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग आग बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उन्हें पीछे हटना पड़ा। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय युवकों की मदद से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। जानकारी के मुताबिक, थाना रोड बाबर गली के मो. रियाज की प्लास्टिक सामग्री का गोदाम व्यापार मंडल स्थित सरकारी गोदाम परिसर में था, जिसमें लाखों रुपये का सामान रखा हुआ था। आग लगने से गोदाम में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि व्यापार मंडल परिसर असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। आशंका जताई जा रही है कि इन्हीं असामाजिक तत्वों ने गोदाम में आग लगाई होगी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर आग लगने के कारणों की जांच में जुट गई है।

# नकली नोट के रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया (गुमला)।** बसिया अनुमंडल के कामडारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को नकली नोट का रैकेट चलाने वाले एक का पदार्फाश किया है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कामडारा थाना क्षेत्र के विभिन्न हाट बाजारों में कुछ लोग गत कुछ समय से नकली नोटों का बेधड़ल्ले से कारोबार कर रहे थे। इस रैकेट में शामिल लोग अमूमन पांच पांच सौ के नोटों को खुला करते हुए संलिप्त थे। इनके निशाने पर छोटे दुकानदार होते। नोट खुला करने के अतिरिक्त इन दुकानदारों को छोटे मोटे सामानों की खरीद में भी चुना लगाया जा रहा था। इस मामले में कुरकुरा हाट, बकसपुर आदि कई जगहों से शिकायतें मिल रही थी और इन शिकायतों के बाद कामडारा पुलिस ने जाल बिछाना शुरू कर दिया। पुलिस के इस जाल में आज नगड़ी निवासी राहुल कुमार पिता आशिक मंडल और बिहार के लखीसराय निवासी चिंटू कुमार पिता विजय मंडल को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार करने में सफल हो गई। इन युवकों के पास से कुछ का नकली नोटों की बरामदगी भी की गई है। इसके साथ साथ खुदरा कराया हुआ पैसा, खरीदा हुआ समान और इनके द्वारा प्रयुक्त मोटरसाइकिल की बरामदगी भी की गई है। इस मामले की जानकारी देते हुए कामडारा थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने बताया कि इस गैंग में गिरफ्तार युवकों के अन्य सहयोगियों की संभावना के आलोक में गहन छापेमारी की जा रही है। उन्होंने यह जानकारी भी दी है कि गिरफ्तार दोनों अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। इस मामले में कामडारा थाना केस संख्या 60/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति की बैठक पांच जनवरी को

**गुमला।** गुमला नगर के विभिन्न बस्तियों में 5 जनवरी को आयोजित होने वाली विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की साहसिक यात्रा को लेकर दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति के तत्वाधान में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में यात्रा की सफलता के लिए विभिन्न बस्तियों में व्यापक प्रचार-प्रसार की योजना बनाई गई। बैठक में बताया गया कि 30 दिसंबर तक गुमला नगर के सभी बस्तियों में बैठक आयोजित कर दी जाएगी, जिसमें सभी महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में इस यात्रा में शामिल होने की अपील की गई। यह यात्रा महिलाओं के खिलाफ बढ़ते दुव्यवहार, छेड़खानी और लव जिहाद जैसी समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाने और महिला सशक्तिकरण को मजबूती देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए अपने योगदान का संकल्प लिया। बैठक में प्रमुख रूप से पूनम सिंह, साहिल सिंह, प्रियंका कुमारी, डॉक्टर अनुपम कुमारी, ललिता देवी, लक्ष्मी देवी, शांति देवी सहित अन्य महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

## टोटो लूटकांड : 3 गिरफ्तार, मास्टरमाइंड फरार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के टोटो में 12 दिसंबर को हुए 7 लाख की लूटपाट मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने देवरस नगर टोटो निवासी रिजवान आलम को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर सिसई निवासी प्रदीप उरांव और चामा उरांव को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस, ₹10,000 नकद और लूटे गए जेवरात बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ गुमला सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि आरोपियों ने कई दिनों तक घर की रेकी की थी। घटना में कुल 7 लोग शामिल थे, जिनमें से 4 घर में घुसे और 3 निगरानी में थे। फिलहाल, तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, लेकिन इस घटना का मास्टरमाइंड और चार अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही सभी आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## धूमधाम से मना क्रिसमस, बच्चों ने प्रभु यीशु का जन्मदिन उत्साह से मनाया




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा रोड स्थित बचपन प्राइमरी विंग में मंगलवार को क्रिसमस का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर प्ले और प्राइमरी स्कूल के बच्चों ने प्रभु यीशु की जीवनी की कहानी सुनी और क्रिसमस के गीतों पर नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किया। स्कूल की शिक्षिकाओं आस्था सिंह, मोनालिसा, खुशी, पल्लवी, चंदा और पूनम साहू ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई और बच्चों को क्रिसमस के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को प्रेम और शांति का संदेश दिया। स्कूल के निदेशक चंद्र शेखर गिरी ने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह त्योहार प्रेम, भाईचारे और शांति का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों से प्रेम और भाईचारे का भाव बनाए रखने की अपील की। साथ ही, नए सत्र के लिए स्कूल में नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जो अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला कराना चाहते हैं, वे स्कूल से संपर्क कर सकते हैं। स्कूल में 25 और 26 दिसंबर को क्रिसमस के अवसर पर अवकाश रहेगा।

# साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस पर लोगों की समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आज गुमला में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। जिले के दूरदराज के क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत कीं, जिन पर उन्होंने तत्परता से कार्रवाई के निर्देश दिए।

**प्रमुख मामले व समाधान**

▶▶सीलम नवटोली की पैरा देवी : हार्ट ऑपरेशन के बाद दवाइयों का खर्च उठाने में असमर्थता जताई। उपायुक्त ने स्वास्थ्य और कल्याण विभाग को तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

▶▶लरंगों पंचायतः ग्रामीणों ने जल मीनार की खराब गुणवत्ता पर शिकायत की। उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को जांच कर सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

▶▶चारी उरांव (गुमला): पेंशन योजना से वंचित होने की शिकायत पर उपायुक्त ने एडीएस को तुरंत लाभ दिलाने का आदेश दिया।

कार्यक्रम में जमीन विवाद, रोजगार, पेंशन, सरकारी योजनाओं का लाभ और अन्य विषयों पर कुल कई आवेदन प्राप्त हुए। कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि शेष मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस का उद्देश्य नागरिकों को राहत देना और प्रशासन पर विश्वास बढ़ाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का पारदर्शी, त्वरित और स्थायी समाधान सुनिश्चित करें।

**भरनो में जंगली हाथियों का आतंक**

## वन विभाग व पुलिस ने हाथियों को सिसई सीमा तक पहुंचाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो प्रखंड मुख्यालय के भादवा बगीचा में पहुंचे 18 जंगली हाथियों के झुंड को वन विभाग और पुलिस टीम ने हाथी भगवा दल के साथ मिलकर बीती रात सिसई प्रखंड के छारदा टुकु पतरा क्षेत्र तक पहुंचा दिया। फिलहाल हाथियों का यह झुंड वहीं डेरा जमाए हुए है।

भरनो के खरवागढ़ा इलाके में एनएच 23 (रांची-गुमला मार्ग) पर हाथियों को सुरक्षित पार कराने के लिए वन विभाग और पुलिस ने सड़क पर करीब आधा किलोमीटर तक यातायात रोक दिया। हाथियों के सड़क पार करने के बाद ही आवागमन बहाल हो सका।

हाथियों के झुंड ने जिस क्षेत्र से गुजरते हुए सिसई सीमा की ओर रुख किया, वहां किसानों की खड़ी फसलों को रौंद दिया और खाकर बर्बाद कर दिया। इससे क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। प्रभावित किसानों ने वन विभाग से जांच के बाद उचित मुआवजे की मांग की है।

सोमवार सुबह से झुंड के भरनो क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद सुरक्षा उपायों के तहत बिजली विभाग ने झुंड के विचरण वाले क्षेत्रों में करीब 12 घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद कर दी। यह कदम हाथियों को करंट से बचाने और किसी अनहोनी को रोकने के लिए उठाया गया। हाथियों के फसलों को नुकसान पहुंचाने के बाद किसानों ने वन विभाग से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

**बिरसा मुंडा रत्न सम्मान समारोह का आयोजन**

## बुनयादी उच्च विद्यालय कुरुमगढ़ के प्रधानाध्यापक हुए सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा आयोजित बिरसा मुंडा रत्न सम्मान समारोह 2024 का आयोजन गुरुवार को रांची के होटल रेडिशन ब्लू में किया गया। इस समारोह में झारखंड के विभिन्न जिलों के साथ ही अन्य राज्यों से भी उन व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हैं।समारोह के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों ने सम्मान प्राप्त करने वालों को बिरसा मुंडा रत्न अवार्ड, सर्टिफिकेट, मोमेंटो, साल और मेडल देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड की प्रसिद्ध लोक गायिका सुषमा नाग द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई। इस समारोह में विशेष रूप से चैनपुर प्रखंड के बुनयादी उच्च विद्यालय कुरुमगढ़ के प्रधानाध्यापक रवि बेक को भी सम्मानित किया गया। उन्हें स्कूल में बेहतर प्रदर्शन और छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए सराहा गया। उल्लेखनीय है कि एक समय कुरुमगढ़ में नक्सलियों का प्रभाव था, लेकिन अब इस स्कूल में शिक्षा का अलख जग रहा है और छात्रों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, रांची विधायक सीपी सिंह, रांची के पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शहदेव, पद्मश्री मधु मंसूरी, पूर्व डीआईजी सुबोध प्रसाद सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं। इस प्रकार का आयोजन न केवल उत्कृष्ट कार्यों को सराहता है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में भी प्रेरणा देता है।

**रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा में भारत रत्न दो महान विभूति**

# पं मदनमोहन मालवीय और अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** मंगलवार को रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा में भारत रत्न दो महान विभूति पं. मदन मोहन मालवीय व अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती बड़े ही सम्मान के साथ मनाया गया । प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा जी ने सभी शिक्षकों, बाल एवं कन्या भारती के मंत्रियों के साथ दीप प्रज्जवलित और पुष्पार्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किये। कार्यक्रम का संचालन कक्षा अष्टम के भैया गौरव ने संभाला और अपने मधुर वक्तव्यों से तथा कविताओं से सारे भैया बहनों को बांधे रखा। विद्यालय के अधिकतर भैया बहनों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। बहन शिवानी, बहन सोनी, बहन कात्यायनी आदि बच्चों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर आचार्य मृत्यंजय कुमार मिश्र ने पं. मदनमोहन मालवीय जी के दुरूह दुष्कर कार्यों से बच्चों को अवगत कराते हुए कहा कि परहित के कारणे मोहे न आवत लाज के अपने मूलमंत्र पर इस संघर्षशील व्यक्ति ने किस तरह और क्यों बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की। दिवस प्रमुख कौशल्या कुमारी ने अटल बिहारी वाजपेयी के दृढ़ इच्छाशक्ति से बच्चों को अवगत कराते हुए बतायी कि कितने अवरोधों के बाद भी उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित किया। इसके बाद बहन सृष्टि, बहन कुमकुम, बहन दिव्या, बहन असरिता, आदि बहनों ने अटल जी और पंडित जी के जीवनी पर बारी बारी से प्रकाश डाला। उनकी कविता 'हार नहीं मानूंगा रार नहीं ठानूंगा' बच्चों के कंठ से गूंजायमान हो रहे थे। धन्यवाद ज्ञापन देते हुए प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा ने कहा कि एक साथ दो दो महान विभूतियों की जयंती मनाना सच में एक गौरवशाली क्षण हैं। महामना ने भिक्षाटन करके जिस तरह से एक विशाल एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान की स्थापना की यह प्रेरणादाई है। अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी अटल इच्छा शक्ति के बल पर जिस तरह से विश्व के ताकतवर देशों के प्रतिबंधों का सामना करते हुए भारत के सम्मान को अक्षुण्ण बनाए रखा। हमारे लिए गौरवशाली बात है। कार्यक्रम में आचार्य ममता कुमारी, सरिता मुखर्जी, नाथू भगत, कमल सिंह, जितेंद्र कुमार साहू इत्यादि। का सहयोग सराहणीय रहा। अंत में शान्ति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### छह दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**सिसई( गुमला)।** सिसई रेफरल अस्पताल के सभागार में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत छः दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण में पहला बैच का प्रशिक्षण सोमवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन, प्रजनन और यौन से संबंधित जानकारी स्वास्थ्य, किशोरावस्था पोषण के विभिन्न आयाम, गैर संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य, यौन संक्रमण आरटीआई, व एसटीआई, और एच आई वी / एड्स , जेंडर हिंसा और नशापन, तथा परिवार नियोजन आदि विषय पर किशोर किशोरियों को प्रशिक्षण दी गई। साथ ही टी बी से संबंधित जानकारी देते हुए उसके रोकथाम को लेकर निक्षय दिवस भी मनाया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न गांव से 41 किशोर व किशोरियाँ साथ ही 10 साहियायें नियमित उपस्थित हुए । प्रशिक्षक के रुप में टाटा स्टील फाउंडेशन के मानसी परियोजना के समन्वयक- पूर्णचंद गोप, बी टी टी- बिनीता सोरेंग,एम पी डब्ल्यू -निर्मल कुजुर, ए एन एम- पार्वती व सविता मौजुद थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

तरहसी थाना काण्ड सं0–43/2019 दिनांक 25.05..2019 धारा–366 भा0द0वि0 के प्रा0अभि0 विवेक कुमार पिता रामबृक्ष साव सा0 परसाई थाना तरहसी जिला पलामू के संबंध में सूचना/ जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003

थाना प्रभारी, तरहसी :– 6203069537

पुलिस अधीक्षक, पलामू

PR 342836 Police(24-25)#D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**
**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) सुबोध मिंज, पे0–मोकुल मिंज, पता–जमौती, थाना–भण्डरिया, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भण्डरिया थाना कांड सं0–21/2023, दिनांक–06.01.2023 धारा–376, 406, 341, 323, भा0द0वि0 परि0 धारा–376, 506, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, अनुलिका कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। उक्त इश्तिहार जिसका विधिवत तामिला दिनांक–30.11.2024 को किया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, अनुलिका कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 342743 Police (24-25)D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**( चोरी गई पैशन प्रो मोटर साईकिल रंग–काला )**

रंका थाना कांड सं0–64/24 दिनांक–29.04.2024 धारा–379, भा0द0वि0 में चोरी गयी पैशन प्रो मोटर साईकिल(रंग–काला) जिसका रजि0 नं0–JH14C-1998 इंजन नं0–HA10ENCGK27283 एवं चेचिस नं0– MBLHA10AWCGK13805 का अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 342739 Police(24-25)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर**

**अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–11/2024-25/RDD/NREP/PALAMAU

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चियांकी पंचायत भवन में चाहरदिवारी एवं जीर्णोद्वार | मेदिनीनगर | 35.62636 | 72000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 01/2024-25/EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 2 | पूर्वडीहा पंचायत भवन में चाहरदिवारी एवं जीर्णोद्वार | मेदिनीनगर | 32.14561 | 66000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 02/2024-25/EE/RDD/NREP/PALAMU |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–27.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–04.01.2025 up to 5.00 PM बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–06.01.2025 पूर्वाहण 11.00 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।

09. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर, पलामू

PR 342767 NREP (24-25)_D

संपादकीय


## बढ़ती आबादी घटते पेड़ पौधे और विकास

झारखंड में बिना दीर्घकालीन योजना के किए पूर्व के विकास कार्यों ने प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर इस सुंदर प्रदेश को जितना विकृत किया है उसकी झलक मात्र ही देखने को मिल रही है क्योंकि देश की राजधानी दिल्ली जैसे हालात अभी बने नहीं हैं। मंत्रियों के लिए बने बंगलों से लेकर सड़क चौड़ीकरण के लिए हजारों पेड़ काटे गए और उसकी भरपाई के लिए ऐसे पेड़ लगाए गए जो छाया फल तो दूर छोटे आकार के कारण ऑक्सीजन भी पर्याप्त देने की स्थिति में नहीं हैं। इस आपाधापी से आज भी हमने कोई सीख नहीं ली है कि भविष्य में और चौड़ी सड़कें बनाने की जरूरत पड़ेगी तब कुछ वर्षों के बाद हमें फिर इन्हीं पेड़ों को काटने की नौबत आएगी। 1908 में जमशेदपुर शहर को टाटा स्टील ने जब बसाया तब उसकी हालत पड़ोसी चाईबासा जैसी थी पर आज भारत के औद्योगिक मानचित्र में झारखंड का प्रतिनिधित्व करता है और आज सौ वर्षों के बाद भी न तो सड़कें चौड़ी करने की मजबूरी है और न पेड़ काटने की। पूरे झारखंड में अजीब सी आपाधापी चल रही है पहले सड़क बनाओ,फिर नाली बनाने के लिए सड़क को खोदो और फिर पाइप लाइन बिछाओ तब फिर से खोदो। इस तरह सालों भर काम चलता रहेगा और हम आप सरकार से लेकर आम आदमी इसे मूक दर्शक बने देखते रहेंगे। सड़कों पर बढ़ते दबाव का बड़ा कारण तेजी से बढ़ती आबादी है जो हमारी प्राथमिकता में नहीं है क्योंकि ये भीड़ वोट बैंक के रूप में काम करती है पर भविष्य में ये समस्या भयावह रूप ले सकती है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2023 के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के भीतर देश के वनों और वृक्षों के आवरण में 1,445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है, जो पर्यावरण के लिहाज से एक सुखद खबर तो खैर है ही, इससे जलवायु संकट के मद्देनजर देश में उठाए जा रहे ठोस व सकारात्मक कदम भी रेखांकित होते हैं। जब दुनिया भर में पर्यावरण को लेकर उदासीनता फैली हो और कॉप जैसे सम्मेलनों के औपचारिकता मात्र रह जाने की बहसें छिड़ी हों, तब रिपोर्ट का यह कहना कि अब देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का करीब एक-चौथाई हिस्सा हरा-भरा हो गया है, वाकई उम्मीदें जगाता है। 1988 की राष्ट्रीय वन नीति कहती है कि पारिस्थितिकीय संतुलन व स्थिरता के लिए जरूरी है कि देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का कम से कम 33 फीसदी भाग वन क्षेत्र होना चाहिए। रिपोर्ट का यह बताना उत्साह बढ़ाने वाला है कि देश के 19 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में वन नीति में निर्धारित प्रतिशत से ज्यादा हिस्से में वन क्षेत्र हैं। दरअसल, वन क्षेत्र पर्यावरण के लिहाज से तो महत्वपूर्ण हैं ही, ये वन्यजीवों और स्थानीय समुदायों के लिए भी जीवन रेखा हैं। खासकर भारत जैसे देश में, जहां ग्रामीण आबादी काफी हद तक प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर है, वहां यह वृद्धि आर्थिक व पारिस्थितिकीय स्थिरता को भी प्रोत्साहित करने वाली है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि ज्यादा वन क्षेत्र कार्बन का ज्यादा अवशोषण कर पर्यावरण को शुद्ध करेगा और पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भारत ने 2030 तक ढाई से तीन अरब टन के अतिरिक्त कार्बन अवशोषण की प्रतिबद्धता भी जताई है। इन सबके बावजूद राज्यवार आंकड़े एक अलग ही तस्वीर पेश करते हैं। छह राज्यों को कवर करने वाले जैव विविधता के हॉट स्पॉट पश्चिमी घाट से पिछले दस वर्षों में करीब 58 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र का गायब होना चिंताजनक है।

आज की बात


# राष्ट्र निर्माण के 'अटल' आदर्श की शताब्दी

मैं जी भर जिया, मैं मन से मरूं...लौटकर आऊंगा, कूच से क्यों डरूं? अटल जी के ये शब्द कितने साहसी हैं...कितने गूढ़ हैं। अटल जी, कूच से नहीं डरे...उन जैसे व्यक्तित्व को किसी से डर लगता भी नहीं था। वो ये भी कहते थे... जीवन बंजारों का डेरा आज यहां, कल कहां कूच है..कौन जानता किधर सवेरा...आज अगर वो हमारे बीच होते, तो वो अपने जन्मदिन पर नया सवेरा देख रहे होते। मैं वो दिन नहीं भूलता जब उन्होंने मुझे पास बुलाकर अंकवार में भर लिया था...और जोर से पीठ में धौल जमा दी थी। वो स्नेह...वो अपनत्व...वो प्रेम...मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है। आज 25 दिसंबर का ये दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है।



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाए, उसने देश को एक नई दिशा, नई गति दी। 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा हुआ था। 9 साल में देश ने चार बार लोकसभा के चुनाव देखे थे। लोगों को शंका थी कि ये सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाएगी। ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले अटल जी ने, देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया। भारत को नव विकास की गारंटी दी। वो ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है। वो भविष्य के भारत के परिकल्पना पुरुष थे। उनकी सरकार ने देश को आईटी, टेलीकम्यूनिकेशन और दूरसंचार की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ाया। उनके शासन काल में ही, एनडीए ने टेक्नॉलजी को सामान्य मानवी की पहुंच तक लाने का काम शुरू किया। भारत के दूर-दराज के इलाकों को बड़े शहरों से जोड़ने के सफल प्रयास किये गए। वाजपेयी जी की सरकार में शुरू हुई जिस स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने भारत के महानगरों को एक सूत्र में जोड़ा वो आज भी लोगों की स्मृतियों पर अमिट है। लोकल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए भी एनडीए गठबंधन की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे कार्यक्रम



शुरू किए। उनके शासन काल में दिल्ली मेट्रो शुरू हुई, जिसका विस्तार आज हमारी सरकार एक वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में कर रही है। ऐसे ही प्रयासों से उन्होंने ना सिर्फ आर्थिक प्रगति को नई शक्ति दी, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों को एक दूसरे से जोड़कर भारत की एकता को भी सशक्त किया।


जब भी सर्व शिक्षा अभियान की बात होती है, तो अटल जी की सरकार का जिक्र जरूर होता है। शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले वाजपेयी जी ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था, जहां हर व्यक्ति को आधुनिक और गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले। वो चाहते थे भारत के वर्ग, यानि ओबीसी, एससी, एसटी, आदिवासी और महिला सभी के लिए शिक्षा सहज और सुलभ बने। उनकी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े आर्थिक सुधार किए। इन सुधारों के कारण भाई-भतीजावाद में फंसी देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली। उस दौर की सरकार के समय में जो नीतियां बनीं, उनका मूल उद्देश्य सामान्य मानवी के जीवन को बदलना ही रहा। उनकी सरकार के कई ऐसे अद्भुत और साहसी उदाहरण हैं, जिन्हें आज भी हम देशवासी गर्व से याद करते है। देश को अब भी 11 मई 1998 का वो गौरव दिवस याद है, एनडीए सरकार बनने के कुछ ही दिन बाद पोकरण में सफल परमाणु परीक्षण हुआ। इसे 'ऑपरेशन शक्ति' का नाम दिया गया। इस परीक्षण के बाद दुनियाभर में भारत के वैज्ञानिकों को लेकर चर्चा होने लगी। इस बीच कई देशों ने खुलकर नाराजगी जताई, लेकिन तब की सरकार ने किसी दबाव की परवाह नहीं की। पीछे हटने की जगह 13 मई को न्यूक्लियर टेस्ट का एक और धमाका कर दिया गया। 11 मई को हुए परीक्षण ने तो दुनिया को भारत के वैज्ञानिकों की शक्ति से परिचय कराया था। लेकिन 13 मई को हुए परीक्षण ने दुनिया को ये दिखाया कि भारत का नेतृत्व एक ऐसे नेता के हाथ में है, जो एक अलग मिट्टी से बना है। उन्होंने पूरी दुनिया को ये संदेश दिया, ये पुराना भारत नहीं है। पूरी दुनिया जान चुकी थी, कि भारत अब दबाव में आने वाला देश नहीं है। इस परमाणु परीक्षण की वजह से देश पर प्रतिबंध भी लगे, लेकिन देश ने सबका मुकाबला किया। वाजपेयी सरकार के शासन काल में कई बार सुरक्षा संबंधी चुनौतियां आईं। करगिल युद्ध का दौर आया। संसद पर आतंकियों ने कायरना प्रहार किया। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले से वैश्विक स्थितियां बदलीं, लेकिन हर स्थिति में अटल जी के लिए भारत और भारत का हित सर्वोपरि रहा।

जब भी आप वाजपेयी जी के व्यक्तित्व के बारे में किसी से बात करेंगे तो वो यही कहेगा कि वो लोगों को अपनी तरफ खींच लेते थे। उनकी बोलने की कला का कोई सानी नहीं था। कविताओं और शब्दों में उनका कोई जवाब नहीं था। विरोधी भी वाजपेयी जी के भाषणों के मुरीद थे। युवा सांसदों के लिए वो चचाएं सीखने का माध्यम बनतीं। कुछ सांसदों की संख्या लेकर भी, वो कांग्रेस की कुनीतियों का प्रखर विरोध करने में सफल होते। भारतीय राजनीति में वाजपेयी जी ने दिखाया, ईमानदारी और नीतिगत स्पष्टता का अर्थ क्या है। संसद में कहा गया उनका ये वाक्य... सरकारें आएंगी, जाएंगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी मगर ये देश रहना चाहिए...आज भी मंत्र की तरह हम सबके मन में गूंजता रहता है। वो भारतीय लोकतंत्र को समझते थे। वो ये भी जानते थे कि लोकतंत्र का मजबूत रहना कितना जरुरी है। आपातकाल के समय उन्होंने दमनकारी कांग्रेस सरकार का जमकर विरोध किया, यातनाएं झेली। जेल जाकर भी संविधान के हित का संकल्प दोहराया। एनडीए की स्थापना के साथ उन्होंने गठबंधन की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित किया। वो अनेक दलों को साथ लाए और एनडीए को विकास, देश की प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतिनिधि बनाया। पीएम पद पर रहते हुए उन्होंने विपक्ष की आलोचनाओं का जवाब हमेशा बेहतरीन तरीके से दिया। वो ज्यादातर समय विपक्षी दल में रहे, लेकिन नीतियों का विरोध तर्कों और शब्दों से किया। एक समय उन्हें कांग्रेस ने गद्दार तक कह दिया था, उसके बाद भी उन्होंने कभी असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। उन में सत्ता की लालसा नहीं थी। 1996 में उन्होंने जोड़-तोड़ की राजनीति ना चुनकर, इस्तीफा देने का रास्ता चुन लिया। राजनीतिक षड्यंत्रों के कारण 1999 में उन्हें सिर्फ एक वोट के अंतर के कारण पद से इस्तीफा देना पड़ा। कई लोगों ने उनसे इस तरह की अनैतिक राजनीति को चुनौती देने के लिए कहा, लेकिन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी शुचिता की राजनीति पर चले। अगले चुनाव में उन्होंने मजबूत जनादेश के साथ वापसी की।

आपकी बात

## टैक्स पेयर्स के लिए सम्मान और सुविधाएं : वक्त की मांग

हमारे देश में मिडिल क्लास की स्थिति हमेशा से अजीब रही है। यह वही वर्ग है जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, टैक्स भरता है, और हर सरकारी योजना का आधार बनता है। लेकिन विडंबना यह है कि इसे कोई विशेष लाभ नहीं मिलता। सरकार की सारी योजनाएं या तो लोअर क्लास को ऊपर उठाने के लिए होती हैं या फिर अपर क्लास की सहूलियत के लिए। मिडिल क्लास, जो ईमानदारी से टैक्स देता है और सिस्टम को टिकाए रखता है, उसके हिस्से में केवल कर्तव्य आता है, अधिकार नहीं।



कुमार संजय

आखिर क्यों न मिले मिडिल क्लास को पहचान?
मिडिल क्लास को उसकी मेहनत और ईमानदारी के लिए कुछ तो पहचान मिलनी चाहिए। वह वर्ग जो देश के बजट का बड़ा हिस्सा अपनी गाढ़ी कमाई से देता है, उसके लिए कुछ खास सुविधाएं होनी चाहिए।

**क्या हो सकता है समाधान?**

सरकार को टैक्स पेयर्स के लिए एक स्पेशल कार्ड जारी करना चाहिए। इस कार्ड के माध्यम से टैक्स पे करने वालों को निम्नलिखित लाभ मिल सकते हैं:

**▸▸सरकारी कामों में प्राथमिकता :** किसी भी सरकारी दफ्तर में काम कराने के लिए अलग काउंटर और तेज सेवाएं। पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या अन्य दस्तावेज बनाने में प्राथमिकता।

**▸▸रेलवे और हवाई यात्रा में प्राथमिकता :** टिकट बुकिंग के दौरान विशेष कोटा। लाइन में खड़े होने की आवश्यकता न हो।

**सरकारी योजनाओं में हिस्सेदारी :** टैक्स पेयर्स के लिए विशेष स्वास्थ्य योजनाएं। बच्चों की शिक्षा के लिए सब्सिडी या वाउचर्स।

**▸▸सामाजिक सम्मान :** राष्ट्रीय स्तर पर टैक्स पेयर्स के नाम प्रकाशित हों। सालाना 'सर्वश्रेष्ठ टैक्स पेयर' जैसे पुरस्कार दिए जाएं।

**इससे होने वाले फायदे**

**टैक्स चोरी कम होगी :** जब टैक्स भरने वाले को सम्मान व सुविधाएं मिलेंगी, तो लोग खुद टैक्स भरने के लिए प्रेरित होंगे।
**गर्व का अनुभव :** टैक्स पे करने वालों को यह महसूस होगा कि उनकी मेहनत व योगदान को महत्व दिया जा रहा है।
**सिस्टम में सुधार :** मिडिल क्लास का सरकारी सिस्टम में भरोसा बढ़ेगा और वे ज्यादा सक्रिय रूप से भागीदारी करेंगे।
**निष्कर्ष :** मिडिल क्लास और टैक्स पेयर्स को उनकी मेहनत और ईमानदारी का फल देना जरूरी है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उन्हें वह सम्मान और सुविधाएं दे, जिसके वे हकदार हैं। जब मिडिल क्लास को यह महसूस होगा कि उनके पैसे से केवल दूसरों का भला नहीं हो रहा, बल्कि उनके जीवन में भी सुधार आ रहा है, तब देश की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। एक मजबूत मिडिल क्लास, एक मजबूत राष्ट्र का आधार है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अलग बात

# श्याम बेनेगल का जाना नये सिनेमा का अंत

बॉलीवुड में समानांतर सिनेमा के जनक, 'मंथन' से लेकर 'वेलडन अब्बा' तक जिनके फिल्मी सफर को एक युग कहा जा सकता है, बेहद कलात्मक, बेहद संजीदा, बेहद संवेदनशील, ऐसे बेमिसाल फिल्मकार श्याम बेनेगल का 90 वर्ष की उम्र में जाना अत्यंत दुखद ही नहीं है, एक सार्थक भारतीय सिनेमा एवं गौरवशाली टेलीविजन युग का अंत है। दादा साहब फाल्के के अलावा सात राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित बेनेगल ने हिंदी सिनेमा को नसीरूद्दीन शाह, ओमपुरी, स्मिता पाटिल, अमरीश पुरी, अनंत नगा जैसे प्रख्यात कलाकार दिए। उनकी फिल्मों के साथ भारतीय सिनेमा का एक नया और अविस्मरणीय दौर शुरू हुआ, जिसने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई प्रदान की। पिता के कैमरे से 12 साल की उम्र में पहली फिल्म बनाने वाले बेनेगल ने उस समय अहसास कराया कि भारतीय सिनेमा में एक विराट प्रतिभा मोर्चा संभाल चुकी है, जिसके काम की गूंज उनकी जीवन में ही नहीं, बल्कि भविष्य में लम्बे समय तक देश और दुनिया को सुनाई देगी। जब-जब हमने बहुत ठहरकर, बहुत संजीदगी के साथ उनके काम को देखा तो अनायास ही हमें महसूस हुआ कि वे अपने आप में कितना कुछ समेटे हुए थे, अद्भुत, यादगार एवं विलक्षण। सिनेमा दर्शकों का ऐसे महान फिल्मकार की फिल्मों से अनभिज्ञ रहना इस संसार में रहते हुए भी सूर्य, चन्द्रमा एवं तारों को न देखने जैसा है। श्याम बेनेगल का जन्म 14 दिसम्बर 1934 को हैदराबाद में हुआ। हैदराबाद की ओसमानिया यूनिवर्सिटी से इकोनोमिक्स में एमए करने के बाद बेनेगल ने आगे जाकर हैदराबाद फिल्म सोसायटी की स्थापना की। उनका संबंध कोंकणी बोलने वाले चित्रपुर सारस्वत परिवार से था। उनका असली नाम श्याम सुंदर बेनेगल था। श्याम बेनेगल की शादी नीरा बेनेगल से हुई थी और उनकी एक बेटी पिया बेनेगल है, जो एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं, जिन्होंने कई फिल्मों के लिए भी काम किया है। श्याम ने बचपन में ही अपने फोटोग्राफर पिता श्रीधर बी. बेनेगल के कैमरे से पहली फिल्म शूट की थी। 1962 में उन्होंने पहली डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'घर बैठा गंगा' बनाई, जो गुजराती में थी। बेनेगल को भारत सरकार द्वारा 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उनकी सफल फिल्मों में मंथन, जुबैदा और सरदारी बेगम शामिल हैं। जिनमें जीवन के कठोर यथार्थ को बेनेगल ने सिनेमा-शिल्प में, महीन अर्थवत्ता के साथ नाटकीयता के धनीभूत आशयों में अभिव्यक्ति दी, प्रस्तुति दी है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



ललित गर्ग





बोधि वृक्ष

जैसा कि विज्ञान ने सिद्ध किया है, पदार्थ का एक कण या ऊर्जा की एक तरंग भी अविनाशी है; मनुष्य की आत्मा या आध्यात्मिक मूल तत्त्व भी अविनाशी है। पदार्थ में परिवर्तन होते हैं; आत्मा में परिवर्तनशील अनुभव होते हैं। मूल परिवर्तनों को मृत्यु कहते हैं, परन्तु मृत्यु या शरीर का परिवर्तन आध्यात्मिक मूल तत्त्व (आत्मा) को परिवर्तित या नष्ट नहीं करता।

## मृत्यु को समझना

यह शरीर आया है, और यह चला जाएगा; परन्तु इसके भीतर आत्मा रूपी मूल तत्त्व की कभी भी मृत्यु नहीं होगी। उस शाश्वत चेतना का कोई भी अन्त नहीं कर सकता। जैसा कि विज्ञान ने सिद्ध किया है, पदार्थ का एक कण या ऊर्जा की एक तरंग भी अविनाशी है; मनुष्य की आत्मा या आध्यात्मिक मूल तत्त्व भी अविनाशी है। पदार्थ में परिवर्तन होते हैं; आत्मा में परिवर्तनशील अनुभव होते हैं। मूल परिवर्तनों को मृत्यु कहते हैं, परन्तु मृत्यु या शरीर का परिवर्तन आध्यात्मिक मूल तत्त्व (आत्मा) को परिवर्तित या नष्ट नहीं करता। शरीर केवल एक वस्त्र है। आपने इस जीवन में कितनी बार अपने वस्त्र बदले हैं, फिर भी इसके कारण आप यह नहीं कहेंगे कि आप बदल गए हैं। उसी प्रकार, मृत्यु के समय, जब आप इस शरीर रूपी वस्त्र को छोड़ देते हैं तो आप बदलते नहीं हैं। आप ठीक वैसे ही रहते हैं, एक अमर आत्मा, ईश्वर की सन्तान। 'मृत्यु' एक बहुत गलत प्रयुक्त नाम है, क्योंकि मृत्यु है ही नहीं; जब आप जीवन से थक जाते हैं तब आप केवल अपने शरीर रूपी ऊपरी चोले को उतार देते हैं और सूक्ष्म जगत में वापस चले जाते हैं। भगवद्गीता। आत्मा की अमरता का सुन्दरता से और सान्त्वनापूर्ण ढंग से वर्णन करती है: यह आत्मा न तो कभी पैदा हुई थी और न ही कभी मरेगी; कोई ऐसा समय नहीं था जब यह नहीं थी; आदि और अन्त स्वप्न हैं! आत्मा अजन्मी और अमर है और सदा अपरिवर्तनशील रही है; मृत्यु ने कभी इसका स्पर्श नहीं किया, यद्यपि इसका शरीर रूपी घर मृत प्रतीत होता है! **(क्रमशः)**



श्री श्री परमहंस योगानंद

फेसबुक वॉल से




X से




**आज का दोहा**

सधा हुआ आगाज था, सधा हुआ अंदाज।
उतर रहे हैं क्यों इधर, साजिंदों के साज।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

क्रिसमस पर विशेष

# रोशनी, प्रेम व सद्भाव का पर्व है क्रिसमस

क्रिसमस पर्व पूरी दुनिया में 25 दिसम्बर को मनाया जाने ईसाई समुदाय का सबसे बड़ा त्यौहार है। यह पर्व वास्तव में केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं है बल्कि इसका एक सांस्कृतिक नजरिया भी है। यह पर्व केवल एक दिन का उत्सव नहीं है बल्कि यह पूरे 12 दिन का पर्व है, जो क्रिसमस की पूर्व संध्या से शुरू हो जाता है। हिन्दुओं में जो महत्व दीवाली का है, मुस्लिमों में जितना महत्व ईद का है, वही महत्व ईसाईयों में क्रिसमस का है। जिस प्रकार हिन्दुओं में दीवाली पर अपने घरों को सजाने की परम्परा है, उसी प्रकार ईसाई समुदाय के लोग क्रिसमस के अवसर पर अपने घरों को सजाते हैं। इस अवसर पर शंकु आकार के विशेष प्रकार के वृक्ष ह्यक्रिसमस ट्रीह्न को सजाने की तो विशेष महत्ता होती है, जिसे रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है। मान्यता है कि करीब दो हजार वर्ष पूर्व 25 दिसम्बर को ईसा मसीह ने समस्त मानव जाति का कल्याण करने के लिए पृथ्वी पर जन्म लिया था। तब पूरे रोम में धार्मिक आडम्बर चारों ओर फैले थे, रोम शासक यहूदियों पर अत्याचार करते थे, धनाढ़्य वर्ग विलासितापूर्ण जीवन व्यतीत करता था जबकि गरीबों की हालत अत्यंत दयनीय थी। चारों ओर अशांति फैली थी, भाई-भाई का शत्रु बन गया था, धर्मस्थलों के पादरी अथवा पुजारी स्वार्थसिद्धि में लिप्त थे, छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, ऊंच-नीच के बीच भेदभाव की गहरी खाई बन चुकी थी। ऐसे विकट समय में पृथ्वी पर जन्म लिया था यीशु ने। ईसाई धर्म के लोग मानते हैं कि ईसा के जन्म के साथ ही समूचे विश्व में एक नए युग का शुभारंभ हुआ था, यही कारण है कि हजारों वर्ष बाद भी उनके प्रति लोगों का वही उत्साह, वही श्रद्धा बरकरार है और 25 दिसम्बर की मध्य रात्रि को गिरिजाघरों के घड़ियाल बजते ही 'हैप्पी क्रिसमस' के उद्घोष के साथ जनसैलाब उमड़ पड़ता है, लोग एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई देते हैं और आतिशबाजी भी करते हैं। इस अवसर पर लोग गिरिजाघरों के अलावा अपने घरों में भी खुशी और उल्लास से ऐसे गीत गाते हैं, जिनमें ईसा मसीह द्वारा दिए गए शांति, प्रेम एवं भाईचारे के संदेश की महत्ता स्पष्ट परिलक्षित होती है। जिन ईसा मसीह की स्मृति में लोग क्रिसमस का त्यौहार मनाते हैं, उनका जन्म अत्यंत विकट परिस्थितियों में हुआ था। दिसम्बर के महीने की हाड़ कंपा देने वाली कड़ाके की ठंड में इसराइल के येरूसलम से 8 किलोमीटर दूर बेथलेहम नामक एक छोटे से गांव में आधी रात के वक्त खुले आसमान तले एक अस्तबल में एक गरीब यहूदी यूसुफ की पत्नी मरियम की कोख से जन्मे थे यीशु, जिनके जन्म की सूचना सबसे पहले हेरोद जैसे क्रूर सम्राट को नहीं बल्कि गरीब चरवाहों को मिली थी। माना जाता है कि ये चरवाहे उसी क्षेत्र में अपनी भेड़ों के झुंड के साथ रहा करते थे और जिस रात ईसा ने धरती पर जन्म लिया, उस समय ये लोग खेतों में भेड़ों के झुंड की रखवाली करते हुए आग ताप रहे थे। कहा जाता है कि मरियम जब गर्भवती थी तो एक रात गैबरियल नामक एक देवदूत मरियम के सामने प्रकट हुआ, जिसने मरियम को बताया कि उन्हें ईश्वर के बेटे की मां बनने के लिए चुना गया है। उन दिनों जनगणना का कार्य चल रहा था और तब यह प्रथा थी कि जनगणना के समय पूरा परिवार अपने पूर्वजों के नगर में एकत्रित होता था और वहीं परिवार के सभी सदस्यों का नाम रजिस्टर में दर्ज कराता था। यूसुफ दाऊद के कुटुम्ब तथा देश का था, इसलिए गर्भवती मरियम को साथ लेकर वह भी नाम लिखवाने अपने पूर्वजों की भूमि बेथलेहम पहुंचा। जनगणना की वजह से बेथलेहम में उस समय बहुत भीड़ थी। वहां पहुंचकर युसूफ ने एक सराय के मालिक से रूकने के लिए जगह मांगी लेकिन सराय में बहुत भीड़ होने के कारण उन्हें जगह नहीं मिली। मरियम को गर्भवती देख सराय के मालिक को उस पर दया आई और उसने उन्हें घोड़ों के अस्तबल में ठहरा दिया। वहीं आधी रात के समय मरियम ने एक अति तेजस्वी पुत्र को जन्म दिया, जिसका 7 दिन बाद नामकरण संस्कार हुआ। बालक का नाम रखा गया 'जीजस', जिसे यीशु के नाम से भी जाना गया। यहूदियों के इस देश में उस समय रोमन सम्राट हेरोद का शासन था, जो बहुत पापी और अत्याचारी था। हेरोद को जीजस के जन्म की सूचना मिली तो वह बहुत घबराया क्योंकि भविष्यवक्ताओं ने भविष्यवाणी की थी कि यहूदियों का राजा इसी वर्ष पैदा होगा और उसके बाद हेरोद राजा नहीं रह सकेगा। हेरोद ने जीजस की खोज में अपने सैनिकों की टुकड़ियां भेजी लेकिन वे जीजस के बारे में कुछ पता नहीं लगा सके। घोर गरीबी के कारण जीजस की पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था तो नहीं हो पाई पर उन्हें बाल्यकाल से ही ज्ञान प्राप्त था। गरीबों, दुखियों व रोगियों की सेवा करना उन्हें बहुत अच्छा लगता था। इतना ही नहीं, बड़े-बड़े धार्मिक नेता भी उनके सवाल-जवाबों से अक्सर चकित हो जाते थे। उन दिनों लोग मूर्तिपूजा किया करते थे और सर्वत्र धर्म के नाम पर आडम्बर फैला था।



अतुल गोयल



**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कई महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाओं का गवाह बना वर्ष 2024

- ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वर्ष 2024 गुजरने वाला है। यह वर्ष भारत के कई महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाओं का गवाह बना। यही वह वर्ष रहा, जब लोकसभा चुनाव हुए एवं 62 साल बाद देश में किसी पार्टी ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई। लोकसभा के अलावा आठ राज्यों के विधानसभा चुनाव भी इसी वर्ष हुए। इसी वर्ष देश की राजधानी दिल्ली में राजनीतिक संकट खड़ा हुआ, जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी व सीबीआई ने जेल में डलवाया। ऐसा ही कुछ झारखंड में भी हुआ। हिमाचल में भी सरकार गिराने की कोशिश हुई। तो चलिए देखते हैं वर्ष 2024 में हुई कुछ राजनीतिक घटनाओं को।

**जनवरी :** वर्ष 2024 की शुरुआत से ही लोकसभा चुनाव की हलचल तेज हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल की शुरुआत होते ही दक्षिण के राज्यों में पहुंचे। उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले कई मंदिरों में दर्शन किया। इसके साथ ही दक्षिणी राज्यों में रोड शो भी किया। कई राजनीतिक विश्लेषकों ने इसे भाजपा का मिशन दक्षिण बताया। जनवरी के मध्य में महाराष्ट्र की राजनीति को प्रभावित करने वाला एक बड़ा घटनाक्रम हुआ। शिवसेना के दोनों प्रतिद्वंद्वी गुट के विधायकों की अयोग्यता पर फैसला हुआ। अयोग्यता का फैसला महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सुनाया, जिसका आदेश उच्चतम न्यायालय ने दिया था। स्पीकर ने उद्धव गुट की दलीलें खारिज कर दीं और शिंदे गुट को असली शिवसेना माना।

महीने के अंत में बिहार में एक बार फिर नीतीश कुमार को गठबंधन बदलते देखा गया। नीतीश कुमार ने बिहार सीएम के पद से इस्तीफा देकर भाजपा के साथ नई सरकार बना ली। यह पहली बार नहीं था, जब नीतीश कुमार महागठबंधन को छोड़कर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के साथ आए। इससे पहले तीन बार जदयू ने साथी बदले थे, लेकिन दिलचस्प है कि नीतीश कुमार हर बार मुख्यमंत्री रहे। भले उनकी पार्टी के विधायकों की संख्या उनके सहयोगी से कम रही हो। जनवरी के अंत में ही झारखंड में बड़ी उठापटक हुई। अवैध जमीन घोटाले में फंसे हेमंत सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री के पद से अपना इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस गठबंधन ने सोरेन सरकार में परिवहन मंत्री चंपाई सोरेन को विधायक दल का नेता चुन लिया।


**फरवरी :** इस माह के शुरू में झारखंड बेहद चर्चा में रहा। हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद चंपाई सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बने। उनके साथ दो और मंत्रियों ने भी शपथ ली। महीने की शुरुआत में ही अपने तीसरे कार्यकाल की भविष्यवाणी करते हुए प्रधानमंत्री ने 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए यह नारा दिया था। चुनाव आयोग ने अजित पवार वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को ही असली एनसीपी करार दिया। 6 महीने से ज्यादा समय तक चली 10 से अधिक सुनवाई के बाद आयोग ने एनसीपी में विवाद का निपटारा कर दिया। फरवरी में राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने वाली सोनिया गांधी नेहरू-गांधी परिवार की तीसरी सदस्य बन गईं। इससे पहले उमा नेहरू व इंदिरा गांधी राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुनी गई थीं। फरवरी मध्य में देश की सर्वोच्च अदालत ने चुनावी बांड पर बड़ा निर्णय दिया। उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए इस पर रोक लगा दी। न्यायालय ने इलेक्टोरल बांड योजना की आलोचना की और कहा कि राजनीतिक पार्टियों को हो रही फंडिंग की जानकारी मिलना बेहद जरूरी है। माह के अंत में हिमाचल प्रदेश में सियासी उठापटक हुई। इसकी शुरुआत राज्यसभा चुनाव से हुई, जिसमें छह विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। इसके चलते बिना आवश्यक संख्या के भाजपा ने अपने प्रत्याशी हर्ष महाजन को कांग्रेस ने अभिषेक मनु सिंघवी के खिलाफ जिता लिया। क्रॉस वोटिंग से सुक्खू सरकार भी संकट में आ गई, हालांकि यह संकट बाद में टल गया।

**मार्च :** लोकसभा चुनाव से पहले देश में मार्च में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गईं। इसी कड़ी में एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ, जब चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी एनडीए में वापस आ गई। वर्ष 2014 का चुनाव दोनों दलों ने साथ मिलकर लड़ा था, लेकिन 2018 आते-आते दोनों के रास्ते अलग हो गए थे। हरियाणा में दो बड़ी राजनीतिक घटनाएं घटीं। भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी का चार साल चार महीने पुराना गठबंधन टूट गया। गठबंधन टूटने के साथ ही राज्य में नेतृत्व परिवर्तन भी हुआ। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी जगह नायब सैनी मुख्यमंत्री बनाया गया।

16 मार्च को चुनाव आयोग ने लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान कर दिया। तारीखों के ऐलान के साथ ही आम चुनाव के लिए सियासी बिगुल बज गया और राजनीतिक दल चुनाव मैदान में उतर आए। मार्च का अंत दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के लिए मुसीबत लेकर आया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली शराब नीति घोटाले मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। यह पहली बार था, जब कोई मुख्यमंत्री गिरफ्तार हुआ।

**अप्रैल :** इस महीने की शुरुआत में भी लोकसभा चुनाव की सरगर्मी रही। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 'न्याय पत्र' तो भाजपा ने 'संकल्प पत्र' के नाम से अपना घोषणा पत्र जारी किया। पहले दो चरण के लोकसभा चुनाव भी अप्रैल में हुए। इसके साथ ही नितिन गडकरी, नकुल नाथ, राहुल गांधी, शशि थरूर, हेमा मालिनी समेत कई दिग्गजों की सियासी किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। इसी महीने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनाव के लिए मतदान कराया गया।

**मई :** इस माह की बड़ी खबर रायबरेली सीट से राहुल गांधी की उम्मीदवारी की घोषणा रही। नामांकन के आखिरी दिन कांग्रेस ने रायबरेली सीट से राहुल गांधी को अपना उम्मीदवार घोषित किया। मई महीना आम आदमी पार्टी के लिए एक राहत भी लेकर आया, जब दिल्ली शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिल गई। दिल्ली के सीएम को यह राहत सुप्रीम कोर्ट की तरफ से मिली। तीसरे, चौथे, पांचवें व छठे चरण के लोकसभा चुनाव भी मई में कराए गए। इसमें अमित शाह, राजनाथ सिंह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, राहुल गांधी, स्मृति ईरानी, उमर अब्दुल्ला, मेनका गांधी, धर्मेंद्र यादव, मनोहर लाल, चिराग पासवान, डिंपल यादव, असदुद्दीन ओवैसी, सुप्रिया सुले और सुनेत्रा पवार जैसे बड़े चेहरों की सीटों पर भी मतदान हुआ।



**जून :** इस माह की शुरुआत सातवें चरण के लोकसभा चुनाव से हुआ। इस चरण में पीएम मोदी, कंगना रनौत, अनुराग ठाकुर, चरणजीत सिंह चन्नी की सीटों पर मतदान हुआ। सातवें चरण के मतदान के साथ ही 1 जून को अलग-अलग मीडिया चैनलों और सर्वे एजेंसियों की तरफ से एग्जिट पोल जारी किए गए। सभी सर्वे में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया। 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आए जिसने एग्जिट पोल के अनुमानों को धता बताते हुए नतीजों ने चौंकाया। भाजपा बहुमत से दूर 240 सीटों तक ही पहुंच पाई। वह एनडीए के सहयोगी दलों की मदद से 293 तक पहुंची। वहीं, विपक्षी गठबंधन इंडिया ने 240 सीटों के साथ कड़ी टक्कर दी। नतीजों के बाद 9 जून को नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। लोकसभा चुनाव 2024 से साथ अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के विधानसभा चुनाव के परिणाम आए। आंध्र प्रदेश में वाईएसआर की जगह टीडीपी-भाजपा-जन सेना पार्टी के गठबंधन की सरकार बनी और चंद्रबाबू नायडू सीएम बने। ओडिशा में बीजू जनता दल की जगह भाजपा की सरकार बनी और मोहन चरण मांझी को राज्य की कमान मिली। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने अपनी सत्ता को बरकरार रखा और पेमा खांडू फिर मुख्यमंत्री बने। सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने अपनी सरकार बरकरार रखी और प्रेम सिंह तमांग राज्य के मुखिया बने।

**जुलाई :** इस माह के शुरू में झारखंड में एक बार फिर नेतृत्व परिवर्तन हुआ। चंपाई सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया, और जेल से छूटे हुए हेमंत सोरेन ने तीसरी बार राज्य के सीएम पद की शपथ ली। इसी महीने सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। इनमें सबसे ज्यादा चार सीटें पश्चिम बंगाल की रहीं। वहीं, हिमाचल प्रदेश की तीन, तो उत्तराखंड की दो सीटों पर भी वोट डाले गए। लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद पहली बार चुनाव हुए। केंद्र की सत्ताधारी भाजपा को इस चुनाव में नुकसान हुआ। वहीं, विपक्षी गठबंधन को 13 में से 10 सीटों पर जीत मिली। हिमाचल और मध्य प्रदेश एक-एक सीट पर भाजपा और बिहार में एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते। हिमाचल में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर भी चुनाव जीतने में सफल रहीं।

**अगस्त :** इस माह के शुरू में संसद में पेश हुआ वक्फ संशोधन विधेयक बहुत चर्चा में रहा। कांग्रेस व सपा समेत कई विपक्षी दलों ने इस विधेयक का विरोध किया। सरकार का कहना रहा कि इस विधेयक के जरिए वक्फ बोर्ड को मिली असीमित शक्तियों पर अंकुश लगाकर बेहतर और पारदर्शी तरीके से प्रबंधन किया जाएगा। सरकार ने बाद में इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की सिफारिश कर दी। इसी महीने आप को एक बड़ी राहत मिली जब दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सर्वोच्च अदालत ने जमानत दे दी।

अगस्त में ही कर्नाटक का मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) भूमि घोटाला चर्चा में रहा। इसमें मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती बीएम और अन्य पर आरोप लगे। माह के मध्य में चुनाव आयोग ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की। 5 अगस्त 2019 को केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद से जम्मू कश्मीर उपराज्यपाल के प्रशासन के आधीन था। झारखंड में चुनाव से पहले सियासी उठापटक हुई। कभी झामुमो की तरफ से राज्य के मुख्यमंत्री रहे चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने झामुमो में खुद का अपमान होने की बात कह कर पार्टी से अलग राह तलाश ली।

**सितंबर :** यह माह आम आदमी पार्टी के लिए बड़ी राहत वाला रहा, जब 'आप' के प्रमुख व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई। दिल्ली शराब घोटाला मामले में जेल में बंद केजरीवाल जेल से बाहर आ गए। 'आप' नेता को यह राहत सुप्रीम कोर्ट ने दी। केजरीवाल से पहले 'आप' के कई बड़े नेताओं को इसी मामले में जमानत मिल चुकी थी, जिसमें मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, विजय नायर भी शामिल हैं। 'एक देश, एक चुनाव' पर बनी कोविंद समिति की रिपोर्ट को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी भी सितंबर में मिली। विधि मंत्रालय के 100 दिवसीय एजेंडे के हिस्सा के रूप में कैबिनेट के सामने रिपोर्ट पेश की थी, जिसे कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हुए। सितंबर में दो चरण में राज्य में मतदान कराया गया।

**अक्टूबर :** इस माह के शुरू में हरियाणा व जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे चर्चा में रहे। हरियाणा में सत्ताधारी भाजपा ने फिर चुनाव जीती और हरियाणा के गठन के बाद पहली बार भाजपा ऐसी पार्टी बन गई, जिसने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई। नायब सिंह सैनी दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने। वहीं, जम्मू कश्मीर की सत्ता में 10 साल बाद नेशनल कांफ्रेंस की वापसी हुई। फारुख अब्दुल्ला की नेशनल कांफ्रेंस ने कांग्रेस के साथ गठबंधन में बहुमत हासिल किया। कुछ निर्दलीय व अन्य दलों के विधायकों ने भी सरकार को समर्थन दिया। केंद्र शासित प्रदेश की कमान उमर अब्दुल्ला ने संभाली।

अक्टूबर के मध्य में चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र व झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। इसके साथ ही देश भर में 14 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और दो राज्यों की दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव भी तय कर दिया। इसमें राहुल गांधी द्वारा खाली की गई वायनाड लोकसभा और अखिलेश यादव की करहल सीट भी शामिल रही। इस महीने की सबसे बड़ी सियासी घटना कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की लोकसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारी भी रही। प्रियंका ने मां सोनिया गांधी, भाई राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी में वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए पर्चा भरा।

**नवंबर :** इस माह में महाराष्ट्र व झारखंड ज्यादा चर्चा में रहे। झारखंड में 13 व 20 नवंबर को दो चरण में विधानसभा चुनाव हुए। 20 तारीख को ही महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए सभी 288 सीटों पर मतदान कराया गया। 23 नवंबर को झारखंड व महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले महागठबंधन ने भाजपा नीत एनडीए को हराकर बहुमत पाया। उधर, महाराष्ट्र में एक बार फिर महायुति सरकार की सरकार जीती। नवंबर में ही केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे आए। कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने बड़ी जीत दर्ज की। करीब साढ़े तीन दशक का खुद का राजनीतिक अनुभव बताने वाली प्रियंका पहली बार चुनावी राजनीति में दाखिल हुई और पहले ही चुनाव में सफलता हासिल की।

इसी महीने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव की हलचल भी तेज हो गई। आम आदमी पार्टी ने 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में छह नाम ऐसे हैं, जो बीते 25 दिन के अंदर ही कांग्रेस या भाजपा से 'आप' में आए थे। पार्टी ने वर्ष 2020 में हारे तीन उम्मीदवारों पर भी फिर से भरोसा जताया। महीने के अंत में हेमंत सोरेन की ताजपोशी चर्चा के केंद्र में रही। वह चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने। इसके साथ ही उनकी चौथी पारी शुरू हो गई। झारखंड के इतिहास में ऐसा पहली बार है।

**दिसंबर :** इस माह सबसे ज्यादा चर्चा में महाराष्ट्र व संसद का शीतकालीन सत्र रहा। महाराष्ट्र में 23 नवंबर को नतीजे आने के बाद 11 दिनों तक मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर चक्कर चलता रहा। एकनाथ शिंदे के नाराज होने की खबरें चर्चा में रहीं। मुंबई से दिल्ली तक की बैठकों, दांव पेंच के बीच संघ के दबाव के बाद मजबूर हो मोदी-शाह को मानना पड़ा कि देवेंद्र फडणवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। 5 दिसंबर को फडणवीस ने तीसरी बार महाराष्ट्र की सत्ता संभाली। उनकी कैबिनेट में एकनाथ शिंदे व अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

इसी माह संसद के हंगामेदार शीतकालीन सत्र भी चर्चा में बना रहा। दिसंबर में ही विधानसभा प्रत्याशियों की 'आप' की दूसरी, तीसरी व चौथी सूची भी चर्चा में रही। तो, ये रही बीत रहे वर्ष 2024 की कुछ राजनीतिक यादें। इसके साथ ही आप सबको भी बीत रहे वर्ष के साथ ही, आ रहे वर्ष की भी बहुत-बहुत शुभकामनाएं!

# वार्षिक राशिफल 2025

## तुला

वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि मेष राशि वालों के लिए नया वर्ष 2025 कैसा रहने वाला होगा ?

### राशि नामाक्षर- रा,री,रू,रे,रो,ता,ती,तू,ये

### नौकरी और व्यवसाय

कार्य व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ सामान्य रहेगा। परंतु मई के बाद समय बहुत अच्छा हो रहा है वर्ष के आरंभ में आप परिश्रम के बल पर कार्य क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे। राशि से अष्टम भाव में देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपके व्यवसाय में उतार-चढ़ाव के योग बनाते रहेंगे। किंतु वर्ष के मध्य के पश्चात देव गुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से नवम भाव पर होगा जो की बहुत अनुकूल रहेगा। शनि का गोचर मार्च के बाद राशि से छठे भाव पर रहेगा इसलिए नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए यह शनि कुछ कठिनाई उपस्थित करेगा। किंतु देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपके लिए सहायक बना रहेगा और आने वाली समस्याओं के हल भी आपको समय-समय पर मिलते रहेंगे।

**आर्थिक राशिफल :** आर्थिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल रहेगा। द्वितीय स्थान पर गुरु एवं शनि ग्रह के संयुक्त दृष्टि प्रभाव से आप आर्थिक बचत करने में सफल रहेंगे। रत्न आभूषण इत्यादि का भी लाभ प्राप्त होगा। अचल संपत्ति के साथ-साथ वाहनादि का सुख इस वर्ष प्राप्त होगा। वर्ष के मध्य के पश्चात देव गुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से नवम भाव पर होगा इसलिए आर्थिक मामलों में यह स्थिति आपके लिए और ज्यादा अनुकूल रहेगी। शनि का गोचर मार्च से आपके छठे भाव पर होगा इसलिए अगर कहीं पर कोई धन काफी लंबे समय से रुका हुआ है या आपको नहीं मिल पा रहा है तो वह मिलने की आशा इस वर्ष बनेगी।

**पारिवारिक राशिफल :** पारिवारिक रूप से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल रहेगा। चतुर्थ एवं द्वितीय स्थान पर गुरु की दृष्टि प्रभाव से आपके परिवार में सुख शांति का वातावरण वर्ष के मध्य तक बना रहेगा। घरेलू वातावरण अच्छा रहेगा। वर्ष के आरंभ से मार्च तक का समय सप्तम भाव पर शनि की दृष्टि प्रभाव में रहेगा इसलिए जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा। मार्च के बाद शनि का गोचर परिवर्तित होगा और जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार भी होगा। राहु का गोचर वर्ष के मध्य के पश्चात आपके पंचम भाव पर होगा इसलिए आपसी रिश्तों में तनाव की स्थिति बन सकती है।

**स्वास्थ्य राशिफल :** वर्ष का प्रारंभ स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से अनुकूल नहीं रहेगा। अष्टम भाव पर गुरु के कारण आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। यदि पहले से कोई बीमारी है तो परहेज रखने की आवश्यकता रहेगी। वर्ष के मध्य के पश्चात देव गुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से नवम भाव पर होगा और वह पांचवीं दृष्टि से आपकी राशि को देखेंगे इसलिए स्वास्थ्य में आशातीत सुधार होगा।

**प्रेम राशिफल :** प्रेम संबंधों के मामले में वर्ष की शुरुआत से मार्च तक का समय अच्छा रहेगा। पंचम भाव के स्वामी शनि का गोचर आपकी राशि से छठे भाव पर होगा जो प्रेम संबंधों में परेशानियां खड़ी करेगा। वर्ष के मध्य के पश्चात पंचम भाव में राहु के गोचरीय प्रभाव के कारण प्रेम संबंधों में परेशानियां दिखाई देती हैं विश्वास की कमी की वजह से प्रेम संबंधों में असफलता की भी संभावनाएं इस वर्ष बनेगी।

*उपाय- वर्ष का प्रारंभ माता भगवती के मंदिर में एक नारियल और चुनरी चढ़ा कर करें। केला या पीली वस्तुओं का दान करें। शुक्रवार के दिन 10 वर्ष से कम आयु की कन्याओं को खीर का प्रसाद खिलाएं।*

## वृश्चिक

वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि वृषभ राशि वालों के लिए नया वर्ष 2025 कैसा रहने वाला होगा?

### राशि नामाक्षर- तो,ना,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

### नौकरी और व्यवसाय

कार्य व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल रहेगा। सप्तम स्थान के गुरु के प्रभाव से आप अपने व्यापार में उन्नति करेंगे। आपको कार्य क्षेत्र में मित्र सहयोगी वह जीवनसाथी का भी सहयोग प्राप्त होगा। यदि आप साझेदारी में कार्य कर रहे हैं तो अपने साझेदार से संतुष्ट रहेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों के लिए वर्ष के मध्य तक का समय विशेष रूप से अनुकूल रहेगा। यदि नौकरी में कोई परिवर्तन करना चाहते हैं तो राहु और केतु का गोचर आपके लिए सहायक सिद्ध होगा। वर्ष के मध्य के पश्चात देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से अष्टम भाव पर कुछ नए व्यापारिक अनुबंध आपको दे सकता है। शनि का गोचर मार्च तक आपके लिए विशेष रूप से अनुकूल नहीं है मार्च के बाद शनि का गोचर आपकी राशि से पंचम भाव पर होगा।

**आर्थिक राशिफल :** आर्थिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ उत्तम रहेगा। एकादश एवं द्वितीय स्थान पर गुरु के दृष्टि प्रभाव से आपके धनागम में निरंतरता बनी रहेगी। और आप इच्छित बचत करने में सफल रहेंगे। आप निष्ठा के साथ धनार्जन में लगे रहेंगे और आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में आपको पत्नी एवं बड़े भाई का सहयोग भी प्राप्त होगा। 29 मार्च के पश्चात शनि का गोचर आपकी पंचम भाव पर होगा और शनि की दृष्टि आपके एकादश भाव पर होगी आमदनी की स्थितियां पहले से कुछ बेहतर होती नजर आ रही हैं। राहु और केतु का गोचर वर्ष के मध्य तक आमदनी के कुछ नए स्रोत बने का भी संकेत दे रहा है।

**पारिवारिक राशिफल :** पारिवारिक रूप से यह वर्ष सामान्य रहेगा। वर्ष के आरंभ में राशि से सप्तम भाव पर गुरु के प्रभाव से जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। यदि आप अविवाहित हैं तो विवाह हो सकता है। आपकी सामाजिक पद व प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। वर्ष के आरंभ से मार्च तक का समय शनि का गोचर आपकी राशि से चतुर्थ भाव पर होगा इसलिए पिछले काफी समय से शनि की ढैया के प्रभाव से जो व्यक्तिगत जीवन में मानसिक तनाव के दौर से आप गुजर रहे थे मार्च के पश्चात शनि की ढैया के प्रभाव से मुक्त होने के बाद मानसिक रूप से आपको प्रसन्नता की प्राप्ति होगी।

**स्वास्थ्य राशिफल :** स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से यह वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा अनुकूल रहेगा। वर्ष का प्रारंभ राशि स्थान पर गुरु एवं शनि ग्रह के संयुक्त दृष्टि प्रभाव से होगा। दृष्टि प्रभाव से आपके मन में अच्छे विचार आएंगे।आप कार्यो को सकारात्मक रूप से करेंगे। वर्ष के मध्य के पश्चात अष्टम भाव में गुरु का गोचर और चतुर्थ भाव में राहु का गोचर कुछ मानसिक परेशानियां दे सकता है।

**प्रेम राशिफल :** प्रेम संबंधों के मामले में पिछले वर्ष की अपेक्षा यह वर्ष ज्यादा अच्छा रहेगा। वर्ष के मध्य तक पंचम भाव में राहु का गोचर आपके लिए प्रेम संबंधों के मामले में ज्यादा शुभ नहीं रहेगा। आपकी राशि पर बृहस्पति की दृष्टि प्रभाव से प्रेम संबंधों में आए हुए परेशानियों का हल आप शांतिपूर्वक खोज लेंगे। किंतु आपके साथी के साथ सामंजस्य की कमी वर्ष के मध्य तक बनी रहेगी।

*उपाय- वर्ष की शुरुआत श्री हनुमान जी के मंदिर में दर्शन पूजन के साथ करें। नित्य प्रति सूर्य नमस्कार करें और सूर्य को जल चढ़ाएं। गुरुवार के दिन पीली वस्तुएं जैसे केला या बेसन के लड्डू दान करें।*

## धनु

वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं मिथुन राशि वालों के लिए नया वर्ष 2025 कैसा रहने वाला होगा?

### राशि नामाक्षर- ये,यो,भा,भी,भू,धा,फा,ढ,भे

### नौकरी और व्यवसाय

कार्य व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ सामान्य रहेगा। आपके कार्य क्षेत्र में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। गुरु ग्रह का गोचर अनुकूल नहीं होने के कारण आप अपने कार्यों का अंजाम तक पहुंचने में कठिनाई का अनुभव करेंगे। इसलिए आप अपनी शक्ति व सामर्थ्य के अनुसार कार्य करते रहें। नौकरी करने वाले जातकों का स्थानांतरण घर से दूर हो सकता है यह सारी स्थितियां वर्ष के मध्य तक रहेंगी।वर्ष के मध्य के पश्चात आपकी राशि के स्वामी बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से सातवें भाव पर होगा और विपरीत स्थितियों में सुधार होगा। राहु और केतु का गोचर भी वर्ष के मध्य के पश्चात आपके तृतीय और नवम भाव पर प्रारंभ हो जाएगा और विपरीत स्थितियों से आपको छुटकारा दिलाएगा।

**आर्थिक राशिफल :** वर्ष के आरंभ में व्यापारिक अनुकूलता नहीं होने के कारण आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं रहेगी। मई के बाद एकादश स्थान पर गुरु ग्रह के दृष्टि प्रभाव से धनागम में वृद्धि होगी। आप बचत कर आर्थिक स्थिति को सुधारने में सफल रहेंगे। पैतृक संपत्ति से भी कुछ लाभ की संभावना इस वर्ष बनेगी और आर्थिक रूप से आपको इससे लाभ होगा। देवगुरु बृहस्पति जहां संचित धन में वृद्धि करेंगे वहीं आपके जीवन में भौतिक सुख सुविधाओं के साधनों में भी वृद्धि करेंगे यदि आप वाहन या मकान लेने के इच्छुक हैं तो इस वर्ष आपकी यह इच्छा पूरी हो सकती है।

**पारिवारिक राशिफल :** पारिवारिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल नहीं है। चतुर्थ स्थान के राहु आपके परिवार में कुछ विषम परिस्थितियां उत्पन्न कर सकते हैं जिससे आपका पारिवारिक माहौल खराब हो सकता है। माता के साथ आपके वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। माता को स्वास्थ्य संबंधित कुछ परेशानी भी हो सकती है। वर्ष के मध्य के पश्चात देव गुरु बृहस्पति का गोचर सप्तम भाव में होने से जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। 29 मार्च के पश्चात शनि का प्रभाव आपके चतुर्थ भाव पर होगा इसलिए मार्च से मई तक का कालखंड आपके पारिवारिक जीवन के लिए विशेष रूप से अच्छा नहीं रहेगा।

**स्वास्थ्य राशिफल :** स्वास्थ्य की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ उत्तम नहीं रहेगा। छठे स्थान का गुरु पिछले कुछ समय से छोटी-मोटी बीमारियों से आपको प्रभावित कर रहे हैं ऐसे में स्वास्थ्य का ख्याल रखना जरूरी होगा। वर्ष के मध्य के पश्चात देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से सातवें भाव पर होगा और उनका दृष्टि प्रभाव आपकी राशि पर पड़ेगा जिससे स्वास्थ्य की स्थितियों में सुधार होगा।

**प्रेम राशिफल :** प्रेम संबंधों के मामले में वर्ष की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रहेगी। शनि के गोचर परिवर्तन के बाद प्रेम संबंधों के मामले में सुधार देखने को मिलेगा। इस वर्ष कुछ नए प्रेम संबंध बनेंगे तो कुछ पुराने प्रेम संबंधों में कुछ अलगाव की भी स्थिति बन सकती है। ऐसी स्थिति में आपको प्रेम संबंधों के मामले में सजग रहना होगा और साथी के साथ सामंजस्य और विश्वास को कायम रखने की जरूरत इस वर्ष रहेगी।

*उपाय- वर्ष की शुरुआत भगवान विष्णु के मंदिर में दर्शन पूजन के साथ करें। शनिवार के दिन शाम को सरसों के तेल का दीपक पीपल के वृक्ष के नीचे जलाएं। पीले फल व पीली वस्तुओं का दान करें अथवा गाय को खिलाएं।*



ओलंपिक मेडलिस्ट

## मनु भाकर को मिल सकता है खेल रत्न

**खेल मंत्रालय नॉमिनेट करने की तैयारी में**

पेरिस ओलंपिक्स में 2 ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली शूटर मनु भाकर को सरकार मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड दे सकती है। खेल पुरस्कारों के लिए शॉर्ट लिस्ट किए गए खिलाड़ियों में मनु भाकर का नाम नहीं था। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने मनु भाकर का नाम खेल रत्न के लिए नहीं भेजा था, लेकिन इस पर विवाद के बाद अब एसोसिएशन नॉमिनेशन के लिए खुद खेल मंत्रालय के पास पहुंची है। खेल मंत्रालय भी अब खुद मनु के नॉमिनेशन की तैयारी कर रहा है। मंत्रालय आर्टिकल 5.1 और 5.2 के तहत मनु को नॉमिनेट कर सकता है। नियम में कहा गया है कि अगर खिलाड़ी खेल रत्न के लिए दी गई गाइडलाइंस को पूरा करता हो तो वो खुद ही अपना नाम अवॉर्ड के लिए भेज सकता है। इसके अलावा मंत्रालय के पास भी ऐसे 2 नाम भेजने के अधिकार होते हैं। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा- 'अभी नाम तय नहीं हुए हैं और एक हफ्ते में पुरस्कारों का खुलासा हो सकता है। खेल मंत्री एक या दो दिन में इस पर फैसला लेंगे। फाइनल लिस्ट में मनु का नाम होने की पूरी संभावना है।

### मनु के पिता ने नाराजगी जताई थी

*कुछ दिन पहले मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि खेल रत्न की नॉमिनेशन लिस्ट में मनु भाकर का नाम नहीं है। इस पर मनु भाकर के पिता ने नाराजगी जाहिर की। मनु के पिता ने कहा कि मनु ने अवॉर्ड के लिए आवेदन किया था, लेकिन उसे नजरअंदाज किया गया। भारत में ओलिंपिक खेलों की अहमियत नहीं है। देश के लिए खेलने और पदक जीतने का क्या फायदा, जब सम्मान के लिए हाथ फैलाना पड़े। वह पिछले दो-तीन साल से लगातार सारे पुरस्कारों के लिए आवेदन कर रही है और मैं इसका गवाह हूं। इसमें खेल रत्न, पद्मश्री और पद्म भूषण सम्मान शामिल है। इसके बाद खेल मंत्रालय बैकफुट पर आ गया।*



### अंडर-19 महिला विश्व कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम घोषित

# निकी प्रसाद करेंगी अगुवाई

**● रिजर्व खिलाड़ी : नंधना एस, इरा जे, अनादी टी**

एजेंसी

**मुंबई।** आगामी महिला विश्व कप के लिए भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान कर दिया है। 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व निकी प्रसाद करेंगी। भारत मौजूदा अंडर-19 महिला चैंपियन है और इस बार भी खिताब बचाने का प्रयास करेगा। एशिया कप विजेता टीम की कप्तान निकी प्रसाद की अगुवाई में टीम इंडिया अपने अभियान को आगे बढ़ाएगी। निकी की कप्तानी में हाल ही में भारत ने मलेशिया के कुआलालंपुर में पहला अंडर-19 महिला एशिया कप खिताब जीता। दिलचस्प बात यह है कि अंडर-19 महिला विश्व कप भी मलेशिया में 18 जनवरी से 2 फरवरी, 2025 तक आयोजित होगा। 2023 में, शैफाली वर्मा की कप्तानी में भारत ने दक्षिण अफ्रीका में हुए पहले अंडर-19 महिला विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था।

एशिया कप की विजेता टीम से वैष्णवी एस को मुख्य टीम में शामिल किया गया है, जबकि नंधना एस को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है। टीम में सानिका चालके उप-कप्तान होंगी, और कमलिनी व भाविका अहीर को विकेटकीपर के रूप में चुना गया है। टूर्नामेंट में 4 ग्रुप हैं, और हर ग्रुप में 4 टीमें होंगी। भारत को ग्रुप ए में मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ रखा गया है। भारत के ग्रुप मैच कुआलालंपुर के बायुएमास ओवल स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत अपना पहला मैच 19 जनवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगा।
ग्रुप स्टेज के बाद हर ग्रुप से 3 टीमें सुपर सिक्स के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर सिक्स में 12 टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। ग्रुप 1 में ग्रुप ए और ग्रुप डी की टॉप 3 टीमें होंगी। जबकि ग्रुप 2 में ग्रुप बी और ग्रुप सी की टॉप 3 टीमें शामिल होंगी।

सुपर सिक्स में, टीमें अपने पिछले पॉइंट्स, जीत और नेट रन-रेट के साथ आगे बढ़ेंगी। हर टीम सुपर सिक्स में 2 मैच खेलेगी। सुपर सिक्स के दो ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 31 जनवरी, 2025 को होंगे। टूर्नामेंट का फाइनल 2 फरवरी, 2025 को खेला जाएगा।

**भारत की टीम** निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके (उप-कप्तान), जी तृषा, कमलिनी जी (विकेटकीपर), भाविका अहीर (विकेटकीपर), ईश्वरी आवसरे, मिथिला विनोद, जोशिता वी जे, सोनम यादव, परिणीता सिसोदिया, केसरी दृष्टि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस।

### चैंपियंस ट्रॉफी का पूरा शेड्यूल जारी

## दुबई में होगा भारत-पाक मुकाबला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल के शुरुआत में फरवरी और मार्च के बीच खेली जाएगी। आईसीसी ने पहले ही यह साफ कर दिया था कि यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के तहत होगा। इसमें भारत अपने मैच किसी दूसरे देश में खेलेगा। हुआ भी कुछ ऐसा ही है।

**'पाक में केजेडएफ के संपर्क में थे तीनों आतंकी', पंजाब के डीजीपी गौरव यादव का दावा**

: चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में 8 टीमों के बीच कुल 15 मुकाबले होंगे। सभी टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप-ए में हैं। उनके साथ बाकी दो टीमें न्यूजीलैंड और बांग्लादेश हैं। जबकि ग्रुप-बी में साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और इंग्लैंड को रखा गया है। सभी मैच दिन-रात के होंगे।

### चैंपियंस ट्रॉफी का फुल शेड्यूल

- **19 फरवरी-** पाकिस्तान बनाम न्यूज़ीलैंड, कराची
- **20 फरवरी-** बांग्लादेश बनाम भारत, दुबई
- **21 फरवरी-** अफगानिस्तान बनाम साउथ अफ्रीका, कराची
- **22 फरवरी-** ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, लाहौर
- **23 फरवरी-** पाकिस्तान बनाम भारत, दुबई
- **24 फरवरी-** बांग्लादेश बनाम न्यूज़ीलैंड, रावलपिंडी
- **25 फरवरी-** ऑस्ट्रेलिया बनाम साउथ अफ्रीका, रावलपिंडी
- **26 फरवरी-** अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड, लाहौर
- **27 फरवरी-** पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश, रावलपिंडी
- **28 फरवरी-** अफगानिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया, लाहौर
- **1 मार्च-** साउथ अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, कराची
- **2 मार्च-** न्यूज़ीलैंड बनाम भारत, दुबई
- **4 मार्च-** सेमीफाइनल-1, दुबई
- **5 मार्च-** सेमीफाइनल-2, लाहौर
- **9 मार्च-** फाइनल, लाहौर (भारत के फाइनल में पहुंचने पर दुबई में खेला जाएगा)
- **10 मार्च-** रिजर्व डे

● **ग्रुप ए - पाकिस्तान, भारत, न्यूज़ीलैंड, बांग्लादेश**
● **ग्रुप बी - साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड**



### भारत और ऑस्ट्रेलिया ने 2-2 बार यह खिताब जीता

चैम्पियंस ट्रॉफी का पिछला सीजन 2017 में हुआ था, जब पाकिस्तान ने फाइनल में भारतीय टीम को हराकर खिताब जीता था। अब अगले सीजन में कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें मेजबान पाकिस्तान समेत भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड, साउथ अफ्रीका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी का पहला सीजन 1998 में हुआ था। तब से अब तक 8 सीजन हो चुके हैं। अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी का 9वां सीजन होना है। 8 में से सबसे ज्यादा भारत और ऑस्ट्रेलिया ने 2-2 बार यह खिताब जीता है। भारतीय टीम ने पहली बार 2002 में श्रीलंका के साथ संयुक्त रूप से यह खिताब जीता था।

## अश्विन की जगह तनुष भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई के स्पिन-बॉलिंग ऑलराउंडर तनुष कोटियन को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल किया गया है। कोटियन मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे। तनुष 26 दिसंबर को चौथे (मेलबर्न) टेस्ट में टीम के साथ जुड़ेंगे। 26 वर्षीय कोटियन फिलहाल अहमदाबाद में मुंबई के लिए विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे हैं। वह टीम में हाल ही में रिटायर हुए रविचंद्रन अश्विन की जगह लेंगे। कोटियन पहले भारत-ए टीम का हिस्सा थे, जिसने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। तनुष कोटियन का करियर मुंबई के तनुष कोटियन ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अब तक 33 मैचों में 101 विकेट लिए हैं। कोटियन ने बल्लेबाजी में 2 शतक और 13 अर्धशतक के चलते 1525 रन बनाए हैं। लिस्ट ए के 20 मुकाबलों में तनुष के नाम 20 विकेट और 90 रन हैं। वहीं 33 टी20 में 6.39 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 33 विकेट लिए हैं और 87 रन बनाए हैं। विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने सोमवार को हैदराबाद के खिलाफ 39 रन बनाए। साथ ही 2 विकेट भी लिए। भारत-ए के लिए खेलते हुए उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ मेलबर्न में ही 44 रन बनाए थे। पहले रिपोर्ट्स की मानें तो स्पिनर अक्षर पटेल, अश्विन की जगह टीम का हिस्सा होने वाले थे।



## प्रो कबड्डी दिग्गज अनूप कुमार, अजय ठाकुर मेलबर्न रेड के लिए करेंगे वापसी

**मेलबर्न।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) पहली बार ऑस्ट्रेलिया में "पीकेएल मेलबर्न रेड" इवेंट के जरिए कबड्डी का जादू दिखाने जा रही है। यह ऐतिहासिक आयोजन शनिवार को जॉन केन एरीना में होगा, जो पीकेएल सीजन 11 के फाइनल से एक दिन पहले आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट में जबरदस्त कबड्डी मुकाबले देखने को मिलेंगे, जहां चार दमदार टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें पीकेएल ऑल स्टार मेवरिक्स, पीकेएल ऑल स्टार मास्टर्स और प्रो कबड्डी ऑल स्टार्स शामिल होंगी, जो भारत के बेहतरीन कबड्डी खिलाड़ियों की टीमें हैं। इनके साथ मुकाबला करेगी ऑस्ट्रेलिया की स्टार-स्टडेड टीम ऑसी रेडर्स। यह अनोखा इवेंट कबड्डी का रोमांच बढ़ाने वाला होगा। अजय ठाकुर, प्रदीप नरवाल, अनूप कुमार, राकेश कुमार, मनिंदर सिंह और सचिन तंवर जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस इवेंट में भाग लेंगे। दर्शकों को सीमाओं से परे एक रोमांचक और जबरदस्त मुकाबले की उम्मीद है।

### अस्पताल में भर्ती कांबली बोले

## बेहतर महसूस कर रहा हूं बेड पर गाना गाया, वी आर द चैंपियन... वी विल बैक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली ने मंगलवार को कहा कि वे अब अच्छा महसूस कर रहे हैं। कांबली ने हॉस्पिटल के बेड पर 'वी आर द चैंपियन...वी विल बैक' गाना भी गाया। उन्होंने लोगों को नसीहत दी कि शराब न पिएं, ये आपके परिवार को पसंद नहीं आएगा। 52 साल के पूर्व क्रिकेटर ने कहा- 'मैं इसे (क्रिकेट) कभी नहीं छोडूंगा, क्योंकि मुझे याद है कि मैंने कितने शतक और दोहरे शतक लगाए हैं। मैं सचिन तेंदुलकर का आभारी हूं, क्योंकि उनका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहा है। कांबली को 21 दिसंबर की देर रात तबीयत बिगड़ने पर ठाणे के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



मेडिकल रिपोर्ट से पता चला कि उनके ब्रेन में क्लॉटिंग है। वे हाल ही में कोच रमाकांत आचरेकर कार्यक्रम में नजर आए थे। उनका सचिन तेंदुलकर के साथ वीडियो भी वायरल हुआ था। कांबली को साल 2013 में दिल का दौरा भी पड़ चुका है। तब तेंदुलकर ने उनकी हार्ट सर्जरी कराई थी। कांबली के स्वास्थ्य की लगातार निगरानी की जा रही कांबली का इलाज कर रहे डॉ. विवेक त्रिवेदी ने कहा कि कांबली के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा रही है। हमारी टीम मंगलवार को अतिरिक्त मेडिकल जांच करेगी। त्रिवेदी ने यह भी कहा कि अस्पताल प्रभारी एस सिंह ने फैसला किया है कि हमारे हॉस्पिटल में कांबली का जीवनभर मुफ्त इलाज किया जाएगा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## सेंसेक्स में 67.30 और निफ्टी में 25.80 अंक की हुई गिरावट

**● क्रिसमस के कारण आज बंद रहेगा शेयर बाजार**

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को सपाट बंद हुआ है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 67.30 अंक गिरकर 78,472.87 और निफ्टी 25.80 अंक गिरकर 23,727.65 पर था। शेयर बाजार में लार्जकैप के साथ मिडकैप भी सीमित दायरे में बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 35 अंक गिरकर 57,057.90 पर था। हालांकि, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 44 अंक या 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,732.65 पर बंद हुआ। बाजार के सपाट बंद होने की वजह क्रिसमस की छुट्टी को माना जा रहा है। इसके कारण विदेशी निवेशकों की भागीदारी कम हो गई है। क्रिसमस के कारण शेयर बाजार बुधवार को बंद रहेगा और अगला कारोबारी सत्र गुरुवार (26 दिसंबर) को है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में ऑटो, एफएमसीजी, प्राइवेट बैंक और कंजप्शन इंडेक्स सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, मेटल, एनर्जी और सर्विसेज इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में पावरग्रिड, एसबीआई, इंफोसिस, टाइटन, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील और मारुति सुजुकी टॉप लूजर्स थे। वहीं, टाटा मोटर्स, आईटीसी, नेस्ले इंडिया, एनटीपीसी, टीसीएस, जोमैटो, एक्सिस बैंक, एमएंडएम, कोटक महिंद्रा बैंक और सन फार्मा टॉप गेनर्स थे।

### भारत में तेजी से बढ़ रहे उद्योग

# लॉजिस्टिक व इंडस्ट्रीयल स्पेस की बढ़ रही है मांग

### पीएलआई योजना के बाद देखी गई है इंडस्ट्रीयल लीजिंग वॉल्यूम में वृद्धि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में लॉजिस्टिक्स और इंडस्ट्रीयल रियल एस्टेट स्पेस में वार्षिक लीजिंग वॉल्यूम लगातार तीसरे वर्ष 50 मिलियन स्क्वायर फीट (एमएसएफ) से अधिक होने की संभावना है। मंगलवार को आई कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अक्टूबर तक पहले ही टॉप आठ रियल एस्टेट बाजारों में लीजिंग वॉल्यूम 41 मिलियन स्क्वायर फीट को पार कर चुका था।

जब से सरकार ने वर्ष 2020 में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की है, तब से इंडस्ट्रीयल लीजिंग वॉल्यूम में वृद्धि देखी गई है। इसके अलावा, रिटेल और ई-कॉमर्स की वजह से भी वेयरहाउसिंग सेक्टर में तीव्र गतिविधि को बढ़ावा मिला है।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 के लिए, हाल के वर्षों में देखी गई मजबूत इंडस्ट्रीयल एक्टिविटी के साथ खपत के आधार पर विस्तार देखा जा रहा है। इस विस्तार के साथ मांग का एक नया सामान्य स्तर बने रहने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग फर्मों द्वारा अपनाई गई चीन+1 रणनीति का भी लाभार्थी है।



इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेज वृद्धि, थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स ऑपरेटर्स की मजबूती और रिटेल इंडस्ट्री लॉजिस्टिक और इंडस्ट्रीयल स्पेस की मांग को बढ़ा रहे हैं। ये कारक 2025 के लिए भी मांग बढ़ाने में अहम होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु जैसे शहरों में हाल के वर्षों में अच्छी लीजिंग वॉल्यूम देखी गई है, जबकि दूसरे शहरों में पॉजिटिव आउटलुक दिखाई देता है। कुशमैन एंड वेकफील्ड के लॉजिस्टिक्स और इंडस्ट्रीयल और अहमदाबाद के प्रबंध निदेशक अभिषेक भूटानी ने कहा, हमें उम्मीद है कि 2025 में लॉजिस्टिक्स और इंडस्ट्रीयल स्पेस की मांग मजबूत रहेगी, जिसे भारत के बढ़ते खुदरा उपभोग आधार और निरंतर मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ का सपोर्ट मिलेगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि अगले 2-3 वर्षों में बाजार में 25 मिलियन वर्ग फीट ग्रेड-ए वेयरहाउसिंग सप्लाई आएगी, जो मुंबई, पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु में प्रमुख परियोजनाओं के साथ पश्चिम और दक्षिण भारत में केंद्रित होगी।

## कंपनी का ध्यान 'डिजिटल विकास' पर है केंद्रित

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने अक्टूबर में सबसे अधिक नेट वायरलेस ग्राहक जोड़े हैं। वहीं, इस महीने के दौरान 1.93 मिलियन मोबाइल ग्राहक जोड़े गए। कंपनी ने कहा कि वह भारत के डिजिटल विकास को सपोर्ट करने और मजबूत कनेक्टिविटी सॉल्यूशन उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, दूरसंचार सेवा प्रदाता ने अक्टूबर में 19,28,263 वायरलेस यूजर्स जोड़े, जो एक मील का पत्थर है।

### क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने जारी की रिपोर्ट

## घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में 6.1 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवंबर महीने में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 144.9 लाख होने की उम्मीद है, जबकि अक्टूबर में यह संख्या 136.6 लाख थी। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए के अनुमान के अनुसार, नवंबर में सालाना आधार पर 13.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि नवंबर 2023 में यह 127.4 लाख थी और नवंबर 2019 में कोरोना से पहले के 129.5 लाख से 11.9 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष 2024-25 के आठ महीनों के दौरान घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 1,074.9 लाख रही, जो कि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 6.7 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2019-20 के पहले आठ महीनों में कोरोना-पूर्व स्तर 957 लाख से 12.3 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा, वित्त वर्ष 2024-25 के पहले सात महीनों में भारतीय कैरियर के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 190.3 लाख रही, जो कि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 15.9 प्रतिशत अधिक है और कोविड-पूर्व स्तर 131 लाख से 45.4 प्रतिशत अधिक है।

## सेल को संचार उत्कृष्टता के लिए मिले आठ पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार

**नई दिल्ली।** पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) की ओर से स्टील ऑथरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को आठ राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। यह पुरस्कार रायपुर में आयोजित एक सम्मेलन में दिए गए। इस्पात मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर बताया कि सेल को ये पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 रायपुर में आयोजित 46वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन में दिए गए। यह सम्मेलन यहां 20-22 दिसंबर के दौरान आयोजित हुआ था। मंत्रालय ने कहा कि सेल को विभिन्न श्रेणियों में मान्यता दी गई है। मंत्रालय के मुताबिक सेल ट्रैक के लिए ई-न्यूजलेटर, कॉरपोरेट फिल्म (अंग्रेजी), सेल गौरव दिवस समारोह के लिए सर्वश्रेष्ठ संचार अभियान (आंतरिक सार्वजनिक), सेल समाचार के लिए हाउस जर्नल (अंग्रेजी), इस्पात संयंत्र प्रौद्योगिकियों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ पीआर कार्यक्रम, हरित इस्पात को बढ़ावा देने के लिए कॉरपोरेट अभियान में सोशल मीडिया का सर्वश्रेष्ठ उपयोग, कॉरपोरेट वेबसाइट तथा वार्षिक रिपोर्ट के लिए पुरस्कृत किया गया है।



### राज्यपाल ने 'परंपरागत स्वशासन व्यवस्था' में लोगों से किया संवाद, कहा

# राजभवन के द्वार सभी नागरिकों के लिए हमेशा खुले हैं, समस्या बताएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया में आयोजित 'परंपरागत स्वशासन व्यवस्था' में वर्चुअल माध्यम से लोगों से संवाद किया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि झारखण्ड की जनजातीय संस्कृति में पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था का एक विशिष्ट महत्व है। मानकी-मुण्डा, पाहन, प्रधान, मांझी जैसी व्यवस्थाएं न केवल जनजातीय संस्कृति का संरक्षण करती हैं, बल्कि ग्रामीण समाज की सामान्य समस्याओं का समाधान भी प्रदान करती हैं। उन्होंने



कहा कि ग्रामीण जनजातीय समुदाय का इस परंपरागत व्यवस्था पर सदियों से अटूट विश्वास रहा है और इसे और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने पेसा अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा कि इस अधिनियम के तहत पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को विशेष शक्तियां प्रदान की गई हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि झारखंड राज्य में अभी तक पेसा नियमावली लागू नहीं हो सकी है और इस दिशा में उन्होंने राज्य सरकार को स्मरण कराया है। आशा है कि नई सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी। राज्यपाल ने जनजातीय समाज को जागरूक करने, समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए नागरिकों से नियमित संवाद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि हमारी जनजातीय स्वशासन व्यवस्थाएं प्रभावी ढंग से कार्य करें, तो डायन प्रथा जैसी कुप्रथाओं से जनजातीय समाज को मुक्ति दिलाने में यह सहायक हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामवासी तक पहुंचना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए वे सदैव तत्पर हैं। राज भवन के द्वार सभी नागरिकों के लिए हमेशा खुले हैं। उन्होंने कहा कि अपनी समस्याओं को लेकर वे लोग कभी भी उनसे संपर्क कर सकते हैं।

# सीएम से मिलकर आर्च बिशप और बिशपों ने दी क्रिसमस की बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आर्च बिशप राजीव सतीश टोप्पो (एनडब्ल्यूजीईएल चर्च इंडिया), विशप निस्तार कुजुर (एनडब्ल्यूजीईएल चर्च), बिशप (जीईएल चर्च) ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री को क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक राजेश कच्छप,सुजीत कुजूर (15 सूत्री सदस्य रांची जिला), तारा तिर्की, सुजीत टोप्पो, राजीव एक्का, रवि बारला एवं विकास तिर्की उपस्थित रहे। इस अवसर पर समस्त झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की गई। मौके मुख्यमंत्री ने भी राज्य की समस्त जनता एवं पूरे मसीही समुदाय को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दी।

### झारखंडवासियों के लिए की प्रार्थना



## राज्यपाल से मिले केंद्रीय सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से केंद्रीय पंचायती राज सचिव विवेक भारद्वाज ने राज भवन में भेंट की। मौके पर श्री भारद्वाज ने झारखंड राज्य में पेसा नियमावली को लागू करने पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का ध्यान आकृष्ट कराया।



## मारांग बुरु बाहा बोंगा पर्व को राजकीय महोत्सव घोषित करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मरांङ बुरू संस्थान के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मारांग बुरु, पंचायत-मधुबन, प्रखंड-पीरटांड़, जिला-



गिरीडीह में मनाए जाने वाले मारांग बुरु बाहा बोंगा पर्व को राजकीय महोत्सव घोषित करने से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आदिवासी संस्कृति के अनुरूप आयोजित मारांग बुरु बाहा बोंगा पर्व की विशेषताओं से अवगत कराया।

## एक वर्ष तक अटल जयंती शताब्दी वर्ष मनाएगी भाजपा : आदित्य साहू

### 25 दिसंबर को बूथों पर मनेगा सुशासन दिवस

- *सभी जिलों में अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर होगी संगोष्ठी लगेगी प्रदर्शनी*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा अटल जी की 100वीं जयंती वर्षगांठ को शताब्दी वर्ष के रूप में मनाएगी। यह बात भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। श्री साहू ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को झारखंड की जनता युगों तक याद रखेगी। झारखंड अलग राज्य यह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की ही देन है। श्री साहू ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी एक राजनेता ही नहीं बल्कि प्रखर वक्ता और कवि थे। जिनकी कविताएं जन जन को प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति के क्षितिज में वे सदैव अजात शत्रु बने रहे। विपक्षियों ने भी उनके संबोधन को हमेशा ध्यान से सुना। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल जी जनसंघ और भाजपा के संस्थापक रहे। उन्होंने अपने अथक परिश्रम से एक विशाल संगठन खड़ा किया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने गांव,गरीब , किसान पिछड़ा सभी को मुख्यधारा में जोड़ने केलिए लगातार प्रयास किए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांवों को मुख्यधारा से जोड़ा। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, सर्वशिक्षा अभियान, पोखरण परीक्षण जैसे अनेक कल्याणकारी और ऐतिहासिक कार्य से नई पीढ़ी को परिचित कराने केलिए भाजपा शताब्दी वर्ष में कार्यक्रम करेगी। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को राज्य के सभी बूथों पर अटल जी के चित्र पर कार्यकर्ता पुष्पांजलि करते हुए अटल जी को याद करेंगे। सभी जिलों में संगोष्ठी का आयोजन होगा तथा अटल जी के साथ कार्य करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से उनके अनुभव भी सुने जाएंगे। प्रदेश कार्यालय में अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी करेंगे। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।

## मंत्रियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात, दी क्रिसमस की बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड कैबिनेट के मंत्रियों ने मुलाकात की। सभी मंत्रियों ने एक साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को क्रिसमस की बधाई दी। प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने वाले मंत्रियों में संजय प्रसाद यादव, राधा कृष्ण किशोर, चमरा लिंडा, रामदास सोरेन, शिल्पी नेहा तिर्की, योगेंद्र प्रसाद यादव



और सुदिव्य सोनू मौजूद रहे। बता दें कि आज झरखंड मंत्रालय में मंत्रिमंडल की बैठक रखी गई है। कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

## सीएम हेमंत को महाकुंभ में आने का मिला न्योता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और कारागार मंत्री सुरेश राही ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन को महाकुंभ में आने का न्योता दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की ओर से महाकुंभ का प्रतीक चिन्ह और पवित्र गंगाजल भी भेंट किया।



## मृत होमगार्ड के आश्रितों को अनुकम्पा पर होगा नवनामांकन

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी सहमति

**खबर का असर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड होमगार्ड से जुड़ी समस्याओं और उनके अवैध नियुक्तियों पर राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार लगातार सवाल उठाते रहा है। इस क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरन का एक बड़ा फैसला आया है। दरअसल, 2014 के नियमावली लागू होने के बाद कर्त्तव्य के दौरान मृत गृह रक्षकों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नवनामांकन किया जाता था, परंतु नियमवाली 2014 लागू होने के पूर्व अर्थात 2000 ई से 2014 के बीच अनुकम्पा के आधार पर नवनामांकन संबंधी प्रावधान नहीं थे।

हेमंत सरकार ने दिनांक 15.11.2000 से झारखण्ड गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली, 2014 के लागू होने के पूर्व कर्त्तव्य के दौरान मृत गृहरक्षकों के आश्रितों को मानवीय आधार पर एवं विशेष परिस्थिति में नियमों को शिथिल किया गया है। इस मामले में अनुकंपा के आधार पर एकबारगीय व्यवस्था के तहत होमगार्ड के रूप में नवनामांकन के प्रस्ताव एवं तत्संबंधी कैबिनेट के अनुमोदन के लिए संलेख प्रारूप पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सहमति दी है। इस संबंध में झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं होमगार्ड डीजी अनिल पलटा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से उन होमगार्ड जवानों के आश्रितों को फायदा मिलेगा जिनकी मृत्यु वर्ष 2014 से पहले हुई थी।

## भाजपा शासित राज्यों में बेटियों पर हो रहा अत्याचार : कांग्रेस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा शासित राज्य गुनहगारों के पनाहगाह बने हुए हैं। बेटियों पर अत्याचार की सीमाएं पार कर गई है और भाजपा सरकारों के मुखिया मुकदर्शक बने हुए हैं। उक्त आरोप प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने गुजरात के भरूच में झारखंड की मासूम बेटी के साथ हुये अत्याचार और उसके बाद उसकी मृत्यु पर गुजरात सरकार पर लगाते हुए कहा। उन्होंने कहा कि गुजरात में हुई घटना ने मानवीय संवेदना को झकझोर दिया है। प्रदेश कांग्रेस इस घटना से मर्माहत है और पीड़िता के परिवार के साथ पूरी तरह खड़ा है।गुजरात की घटना से साबित हो गया है कि भाजपा शासन काल में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। भाजपा नेताओं की संवेदना मृत हो चुकी है।गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा से महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाओ की खबरें लगातार आ रही है,परंतु सरकार अपराधियों पर लगाम लगाने पर नाकाम रही है। गुजरात के मुख्यमंत्री और अधिकारी किस कदर संवेदनहीन है इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि झारखंड से मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने वहां की समाज कल्याण मंत्री से मिलने हेतु संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई। यहां तक की अधिकारियों ने भी प्रतिनिधि मंडल को कोई तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा कि गुजरात में आंकड़े डराने वाले हैं पिछले 5 वर्षों में गुजरात से 40000 से अधिक महिलाएं गायब है परंतु सरकार इसकी कोई खोज खबर नहीं ले रही है।

## क्रिसमस पर चर्चो में हुई पुण्य रात-अर्द्धरात्रि की पवित्र मिस्सा-आराधना

### - देर रात चर्च में उमड़े मसीही विश्वासी, सभी चर्च में की गई आकर्षक विद्युज सज्जा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** क्रिसमस आधारित कैरोल के साथ रविवार को क्रिसमस पर्व का आगाज हुआ। मंगलवार की शाम से कैरोल सर्विस के साथ क्रिसमस पूर्व धार्मिक विधि पूरी की गई। जो पुण्य रात की विशेष मिस्सा व आराधना तक चली। क्रिसमस को लेकर रांची के सभी चर्च को आकर्षक रूप से सजाया गया था। आंतरिक सज्जा के अलावा बाहर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी। कहीं, क्रिसमस ट्री से सजाया गया था तो कही यीशु मसीह के जन्म की झांकी को चरनी के माध्यम से प्रदर्शित की गई। क्रिसमस को लेकर सभी ईसाई बहुल मोहल्लों में भी सजावट की गई। साथ ही लोग नागपुरी, हिंदी व अंग्रेजी में क्रिसमस आधारित गीतों को बजा रहे है। इसके अलावा रांची के बाजारों में भी काफी उल्लास दिखा। दोपहर और शाम में लोग जन्म पर्व की तैयारी के लिए अपने जरूरत की सामग्री खरीदने के लिए बाजारों में उमड़े। जिससे बाजारों में रौनक भी काफी थी। साथ ही ग्राहकों को रिझाने के लिए कई दुकानदारों से अपने दुकानों के बाहर क्रिसमस आधारित चिंह क्रिसमस ट्री, स्टार, सांता क्लॉज के टेडी से भी सजावट किए थे। दिन भर खरीददारी करने के बाद जैसे ही शाम हुई। लोग सपरिवार चर्च की तरफ रुख किए और आध्यात्मिक तौर पर ईसा मसीह के जन्म उत्सव बनाने के लिए धार्मिक अनुष्ठानों में शरीक हुए। ठंड होने पर मसीहियों के उल्लास में किसी तरह की कमी नहीं रही। शाम से ही रांची के बड़े हिस्से में क्रिसमस का उल्लास देखने को मिला और पूरी रांची क्रिसमस के माहौल में ढल गई।

### धरा पर आए प्रभु यीशु, जगत में बिखरी खीस्तीय ज्योति



**रांची।** चर्च कलीसियाओं ने मंगलवार को क्रिसमस की पूर्व रात्रि में पुण्यरात की धर्मविधि पूर्ण की। मौके पर प्रभु यीशु मसीह का जगत में उद्धारकर्ता के रूप में जन्म लेने के लिए उनका स्वागत किया गया। इस दौरान विशेष मिस्सा-आराधना व अन्य धार्मिक अनुष्ठान हुए। मध्य रात्रि में 12:00 बजे चर्च के घंटे बजने लगे और इन घंटों ने संदेश दिया कि प्रभु धरा पर आ चुके हैं, उनका जन्म धरती पर हो चुका है। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को हैप्पी क्रिसमस, खुश जन्म पर्व कहकर अभिवादन किया और हाथ मिलाकर बधाई दी। इसके साथ ही रांची सहित झारखंड में क्रिसमस का उल्लास और उमंग बिखर गया। अर्द्धरात्रि में राज्य के सभी चर्च में धर्मविधि में बड़ी संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित थे। संत मरिया महागिरजाघर में आर्चबिशप विंसेंट आइंद, जीईएल चर्च में मॉडरेटर मॉर्शल केरकेट्टा, संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च में बिशप बीबी बास्के और एनडब्ल्यू जीईएल चर्च में आर्चबिशप राजीव सतीश टोप्पो ने क्रिसमस के संदेश दिए। इस मौके पर चर्च में आकर्षक सजावट की गई थी। राज्य सरकार द्वारा भी सभी चर्च परिसर के बाहर आकर्षक विद्युत सजा की गई थी।

### झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने निकाला अंबेडकर सम्मान मार्च

# अमित शाह की बर्खास्तगी की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के तत्वावधान में मंगलवार को अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया। ओल्ड हाईकोर्ट बिल्डिंग के प्रवेश द्वार पर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद कांग्रेस भवन से रांची डीसी कार्यालय तक मार्च किया गया। समापन के बाद अमित शाह की बर्खास्तगी की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम प्रेषित ज्ञापन उपायुक्त कार्यालय में दिया गया।

मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि अमित शाह की बाबा साहब पर टिप्पणी ने संविधान के ढांचे को महत्वहीन बना दिया है, जो समाज को समान भागीदारी के उनके अधिकार को मान्यता देता है। अंबेडकर जी की अध्यक्षता में तैयार संविधान एक विरासत है जो भारत के लोकतंत्र को मजबूती देता है। स्वतंत्रता संग्राम के बड़े विभूतियों में से एक बाबा साहब का अपमान कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। गृह मंत्री की टिप्पणी




को भाजपा प्रमुख तथा प्रधानमंत्री छोटी घटना मानते हैं, जिससे साफ होता है कि ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित समुदाय के अपमान की कीमत पर भाजपा अपनी मंशा देश में लागू करना चाहती है। संविधान बदलने के अपने एजेंडे को लागू करने की दिशा में उठाया गया यह उनका कदम और साजिश है।

अंबडेकर सम्मान मार्च में कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, डॉ रामेश्वर उरांव, राजेश ठाकुर, सुरेश बैठा, बंधु तिर्की, राजीव रंजन प्रसाद, रविंद्र सिंह, संजय लाल पासवान, कुमार गौरव, केएन त्रिपाठी, राकेश सिन्हा, सतीश पाल मुजनी, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, आभा सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, डॉ एम तौसीफ, अजय नाथ शाहदेव, शान्तनु मिश्रा, आलोक दूबे, राजेश सिन्हा सन्नी, कृतिका त्रिपाठी, सुरेन्द्र सिंह, केदार पासवान, कुमार राजा, राकेश किरण महतो, राजेश गुप्ता, अभिलाष साहु, राजन वर्मा, टाना भगत आदि शामिल थे।

### संविधान की मूल प्रस्तावना में ही भारत के लोकतंत्र की आत्मा है

केशव महतो कमलेश ने कहा, वंचितों, पिछड़ों, दलित, अनुसूचित जनजातियों, सामान्य नागरिक के अधिकारों का समावेशी ग्रंथ का नाम संविधान है। जिसके मूल प्रस्तावना में ही भारत के लोकतंत्र की आत्मा है। इसके विभिन्न अनुच्छेदों में संघीय शासन प्रणाली का व्यवस्थित रूप बाबा साहब ने देश को दिया। आश्चर्यजनक है कि जिन गृह मंत्री पर संविधान की रक्षा का भार है, वही संविधान के जनक का अपमान कर रहे हैं।

## रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने बांटे कंबल

**रांची।** कड़ाके की ठंढ को देखते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने कंबल वितरण कार्यक्रम शुरू किया है। प्रथम चरण में खिजरी प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र नचलदाग पंचायत के नुन्जु गांव में गरीब एवं जरूरतमंदों को 160 कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने कहा की सर्दी के मौसम में गरीब एवं असहाय लोग ठंढ से परेशान रहते हैं। सम्मेलन द्वारा विगत कई वर्षों से जनसेवा की तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कंबल वितरण किया जा रहा है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गो के लिए मदद पहुंचाना है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में समानता और सहयोग के भावना को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम न सिर्फ सर्दियों में राहत प्रदान करता है बल्कि यह समाज के प्रति दायित्व का पालन भी है। इस तरह की गतिविधियों से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन ने कहा कि कंबल वितरण का कार्यक्रम सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर चलता रहेगा। कंबल जरूरतमंदों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रहे हैं। कंबल वितरण का यह कार्यक्रम न केवल ठंड से बचाव में मदद करता है बल्कि यह लोगों में सामाजिक सहयोग और जिम्मेदारी की भावना भी उत्पन्न करता है। कार्यक्रम मे रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, उपाध्यक्ष पवन पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, अनिल कुमार अग्रवाल, बबलू हरित, सुनील पोद्दार, मुन्नी देवी, गोपाल पाहन, विश्वनाथ कुमार, आरती कुमारी, सविता कुमारी आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

## पृष्ठ एक के शेष

**पलामू में विकास और योजनाओं का...**

प्रवेश के लिए तैयारी कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह सकारात्मक कदम भविष्य में प्रेरणा स्रोत बनेगा। उन्होंने सुशासन की दिशा में सभी जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को मिलकर काम करने का आह्वान किया। पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि गुड गवर्नेंस का उद्देश्य गरीबों और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वालों तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, सिंचाई और लाइवलीहुड जैसे क्षेत्रों में बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र, चियांकी के कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने पलामू में नवाचारित कृषि के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने वर्षा जल संचयन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सिंचाई के साधन उपलब्ध होने से किसानों की स्थिति में सुधार हो सकता है। कार्यक्रम में पलामू के प्रमंडलीय आयोग बालकृष्ण मुंडा, नगर आयुक्त जावेद हुसैन और जिले के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**रघुवर दास ने दिया इस्तीफा...**

रूप में कार्य कर रहे राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति ने पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का गवर्नर नियुक्त किया है। अजय कुमार भल्ला ने केंद्रीय गृह सचिव के रूप में भी कार्य किया है। उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवा दी है। उन्हें प्रशासनिक सुधारों में योगदान और दक्षता के लिए पहचाना जाता है। उनके अनुभव के कारण उन्हें कई बार सेवा विस्तार भी दिया जा चुका है।

# महाकुंभ : डोम सिटी में मिलेंगी पांच सितारा होटल की सुविधाएं

एजेंसी

**महाकुंभ नगर।** अध्यात्म की संगम नगरी प्रयागराज में होने वाले 2025 महाकुंभ को लेकर एक तरफ जहां युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं, तो वहीं देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए भी कई नए प्रयोग किए जा रहे हैं। चाहे वह शहर का सुंदरीकरण हो या मंदिरों का। साथ ही, इसके तहत प्रदेश में पहली बार जमीन से लगभग 15 फीट ऊपर डोम (गुंबद) सिटी बसाने की तैयारी चल रही है। यहां से देश-दुनिया से आने वाले पर्यटक महाकुंभ का नजारा ले सकेंगे। पर्यटन विभाग महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के साथ आकर्षक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। इसी क्रम में नैनी के अरैल तट पर, झुंसी व परेड ग्राउंड में सिटी बसाई जा रही है।

यहां पर्यटकों के रहने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं वाले कॉटेज होंगे। इनका काम जोर-शोर के साथ चल रहा है। डोम सिटी में सुरक्षा के साथ-साथ कई आधुनिक सुविधाओं के साथ लग्जरी होटल जैसी सुविधा होगी। एक स्टार्टअप इवोलाइफ स्पेस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अमित जौहरी ने इस मौके पर आईएएनएस से खास बातचीत में बताया, यह डोम सिटी पर्यटन विभाग के सहयोग से बनाई जा रही है। भारत में इस तरह की सिटी पहली बार है, जहां 360 डिग्री 100 प्रतिशत पॉलीकार्बोनेट सिटी के डोम हैं। यह बुलेटप्रूफ और फायरप्रूफ दोनों हैं और 24 घंटे कुंभ को रहकर निहार सकता है। यह इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि लोग यहां रहकर कुंभ को निहार सकते हैं। सरकार ने कुंभ के लिए बहुत अच्छे प्रयास किए हैं, जिनको आप डोम सिटी से आराम से 360 डिग्री के नजारे पर देख सकते हैं।

## पर्यटकों को आकर्षित व रोमांचित करेगी डोम सिटी





हम ऊपर डोम और नीचे लग्जरी वुडन कॉटेज बना रहे हैं जहां पांच सितारा सुविधाएं भी मिलेंगी। एक टेंट और डोम में रहने का अंतर काफी बड़ा होगा। डोम सिटी के तहत आने वाले लोगों के लिए पिकअप और ड्रॉप, एसी वाले कमरे, खाने-पीने की पूरी सुविधा, किंग साइज बेड, फर्श पर कालीन जैसी सुविधाएं होंगी। कुल 220 डोम और वुडेन कॉटेज शामिल हैं। एक रात्रि के लिए डोम की कीमत 1 लाख 10 हजार रुपए रखी गई है। वुडेन कॉटेज के लिए यह कीमत 81 हजार रुपए है। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ एक तरफ आस्था का केंद्र है, तो दूसरी तरफ यह आकर्षण का भी केंद्र है। नागा-अघोरी, साधु-संतों को तो लोग करीब से देखने-जानने आते ही हैं। दिन ढलने के बाद यहां का नजारा कुछ अलग ही होता है। कई किलोमीटर तक तंबुओं का यह शहर चकाचौंध रोशनी से भी लोगों को आकर्षित करता है। इसी को ध्यान में रखकर डोम सिटी बनाई जा रही है, जो पर्यटकों को आकर्षित व रोमांचित भी करेगी।

### तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की हुई समीक्षा

# अमित शाह बोले, प्रगति की नियमित निगरानी की जाए

- केंद्रीय गृह मंत्री ने बैठक में तकनीक के इस्तेमाल पर दिया बल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के साथ तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अखिल भारतीय स्तर पर सीसीटीएनएस 2.0, एनएएफआईएस, जेलों, अदालतों, अभियोजन और फॉरेंसिक के आईसीजेएस 2.0 के साथ एकीकृत करने के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। इसमें केंद्रीय गृह सचिव, एनसीआरबी के निदेशक, गृह मंत्रालय और एनसीआरबी और एनआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

गृह मंत्री ने एनसीआरबी से आईसीजेएस 2.0 में नए आपराधिक कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान करने को कहा। अमित शाह ने कहा कि प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में ई-साक्ष्य, न्याय श्रुति, ई-साइन और ई-समन जैसे एप्लीकेशन का उपयोग किया जाना चाहिए। तकनीक के इस्तेमाल पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पूर्व-निर्धारित समय सीमा के अनुसार जांच अधिकारियों के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों को अलर्ट भेजने से जांच प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गृह मंत्रालय और एनसीआरबी के अधिकारियों की एक टीम को राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में तकनीकी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में वृद्धि करने और हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए वहां का दौरा करना चाहिए।

अमित शाह ने अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (सीसीटीएनएस) और अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) की प्रगति की नियमित आधार पर निगरानी करने और परियोजना को गति प्रदान करने के लिए राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ नियमित संवाद पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अज्ञात शवों और व्यक्तियों की पहचान के लिए बायोमेट्रिक का उपयोग किया जाना चाहिए।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि एनसीआरबी को जांच अधिकारियों और आपराधिक न्याय प्रणाली के अन्य हितधारकों के लाभ के लिए डाटा समृद्ध मंच बनाना चाहिए। उन्होंने नए आपराधिक कानूनों और राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस) के तकनीकी कार्यान्वयन में एनसीआरबी के प्रयासों की सराहना की।

## भगदड़ मामले में अभिनेता अल्लू अर्जुन से पुलिस ने की पूछताछ

एजेंसी

**हैदराबाद।** संध्या थिएटर में भगदड़ में एक महिला की मौत के मामले में पुलिस ने अभिनेता अर्जुन अल्लू से साढ़े तीन घंटे तक पूछताछ की। उनके साथ अल्लू के पिता अल्लू अरविंद, चाचा चंद्रशेखर रेड्डी और बन्नी वासु भी थे। अभिनेता अल्लू अर्जुन पुलिस की पूछताछ के अपने पिता फिल्म निमार्ता अल्लू अरविंद के साथ मंगलवार दिन में 11.05 बजे चिक्कडपल्ली पुलिस स्टेशन पहुंचे। उनके साथ अल्लू अर्जुन के चाचा चंद्रशेखर रेड्डी और बन्नी वासु भी थे। सेंट्रल जोन के डीसीपी आकांक्ष यादव ने एसीपी रमेश और इंस्पेक्टर राजुनाईक की मौजूदगी में उनसे दिन में 02.47 बजे तक संध्या थिएटर में भगदड़ की घटना के घटनाक्रम को लेकर पूछताछ की। पूछताछ के बाद अल्लू अर्जुन सीधे जुबली हिल्स स्थित अपने आवास पर पहुंच गए। ज्ञात हो कि विगत 4 दिसंबर की रात को अल्लू अर्जुन हैदराबाद में स्थित संध्या थिएटर में पुष्पा-2 का प्रीमियर शो देखने गए थे। तभी वहां अधिक भीड़ के बीच भगदड़ मचने से रेवती नाम की एक महिला की मौत हो गई थी और उनका बेटा श्रीतेज घायल हो गया था। इस मामले में चिक्कडपल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार भी किया था, लेकिन अल्लू को हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई थी।



# यात्रियों ने गटक ली 1.8 लाख की शराब

**सूरत-थाईलैंड फ्लाइट में शराब की बिक्री ने तोड़े सारे रिकॉर्ड**

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वैसे तो गुजरात कई तरह के मॉडल के लिए चर्चित हो गया है। लेकिन, अब शराब गटकने के लिए भी नामी होता जा रहा है। कहने के लिए तो महात्मा गांधी के गुजरात में नया राज्य गुजरात बनने के समय से ही शराब बंदी है। लेकिन, पीने वालों को सुविधा के अनुसार हर तरह का ब्रांड मिल ही जाता है।



गुजरात सरकार ने बीते वर्ष गिफ्ट सिटी में शराबबंदी को हटाते हुए शराब पीने की छूट दे दी। इसके बाद गिफ्ट सिटी दुनिया भर की सुर्खियों में आ गई। गुजरात सरकार के अनुसार गिफ्ट सिटी में 1 मार्च से लेकर 25 जून 2024 तक कुल 650 लीटर शराब की बिक्री हुई। इसमें कुल में से 450 लीटर बीयर थी। आंकड़ों के मुताबिक 1 मार्च के बाद से केवल 500 कर्मचारियों ने शराब उपभोग परमिट के लिए आवेदन किया है। उन्हें यह लाइसेंस जारी किए गए हैं। सरकार के अनुसार गिफ्ट सिटी में 24,000 से अधिक लोग कार्यरत हैं। सरकार ने बताया है कि 1 मार्च से केवल 250 आगंतुक परमिट जारी किए गए हैं। सरकार ने निषेध विभाग ने 1 मार्च से शराब की बिक्री और खपत पर डाटा इकट्ठा करना शुरू किया था।

### दाम तीन गुना होने से बिक्री कम

गिफ्ट सिटी लाइसेंस के साथ शराब पीने की छूट मिलने के बाद भी कम बिक्री हुई है। विभाग के अनुसार कम सेल के पीछे का बड़ा कारण है गिफ्ट सिटी के भीतर बेची जाने वाली शराब की कीमत राज्य भर में परमिट दुकानों की तुलना में तीन गुना अधिक होना। दूसरा बड़ा कारण है कि होस्ट को हर समय विजिटर के साथ रहने की शर्त है। यहां पर होस्ट से मतलब है कि गिफ्ट सिटी में काम करने वाला कर्मचारी। इसलिए विजिटर ने भी शराब पीने दिलचस्पी नहीं दिखाई है। इसके चलते गिफ्ट सिटी में शराबबंदी की छूट को काफी ठंडा रिस्पांस मिल रहा है। लेकिन, जहां यह सब शर्त नहीं है, वहां तमाम गुजराती पी कर उलट जाने की स्थिति तक दारू गटकने लगे हैं। प्रमाण है सूरत से थाईलैंड जाने वाली फ्लाइट में दारू बिक्री के सारे रिकॉर्ड टूट जाना। जो डाटा सामने आया है, उसके अनुसार गुजरात के सूरत से थाईलैंड जाने वाली फ्लाइट में शराब की बिक्री ने सारे रिकॉर्ड ही तोड़ दिए। फ्लाइट के अंदर मौजूद यात्रियों ने इतनी मात्रा में शराब पी ली कि स्टॉक ही खत्म हो गया। इसके बाद तो एयरलाइंस को शराब परोसने से मना करना पड़ा।

### फ्लाइट में शराब का स्टॉक खत्म हो गया, बाद में नहीं दी गई

यह मामला एयर इंडिया की फ्लाइट का है। शुक्रवार को एयर इंडिया की बोइंग 737 मैक्स एयरक्राफ्ट सूरत से थाईलैंड के लिए उड़ान भर रही थी। सूरत से थाईलैंड की दूरी करीब 4 घंटे की है और इस फ्लाइट में 175 यात्री सवार थे। इसके अलावा 6 क्रू मेंबर्स भी थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस फ्लाइट के अंदर यात्रियों ने 15 लीटर शराब पी ली और उसकी कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रुपए थी। फ्लाइट में शराब का स्टॉक खत्म हो गया और बाद में क्रू मेंबर्स ने शराब परोसने से मना कर दिया। हालांकि, कुछ अधिकारियों का कहना है कि शराब का स्टॉक नहीं खत्म हुआ था, जैसा सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि एयरलाइन ने शराब खत्म होने की बात जानबूझकर कही, ताकि फ्लाइट में यात्रा के दौरान यात्री अनियंत्रित ना हो पाएं।

### क्या है नियम

बता दें कि पिछले कुछ महीनों में फ्लाइट में यात्रियों द्वारा क्रू मेंबर्स के साथ अभद्र व्यवहार के कई मामले सामने आए हैं। कई बार यात्री नशे में होते हैं। ऐसे में एयर इंडिया के नियम के अनुसार किसी भी यात्री को 100एमएल से ज्यादा शराब नहीं परोसी जाती है। लेकिन, यदि यात्री दो ड्रिंक के बाद भी खुद पर पूरी तरह से नियंत्रण रखे और दुर्व्यवहार न करें, तो उसे एक्स्ट्रा शराब दी जा सकती है।

### किस शराब की कितनी कीमत

एयर इंडिया एक्सप्रेस में शराब के दाम रीजनेबल ही हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट में सिवास रीगल के 50 मिलीलीटर मिनिएचर की कीमत 600 रुपये है। वहीं, रेड लेबल और बकार्डी व्हाइट रम और बीफईटर जिन और बीरा लेगर के 330 मिलीलीटर की कीमत 400 रुपये है। सूरत से थाईलैंड जाने वाली फ्लाइट में सिवास रीगल और बीरा की अधिक डिमांड पाई गई, जो यात्रियों को परोसी गई।

## मशहूर गायक शान की बिल्डिंग में लगी आग

**मुंबई ।** मुंबई में पिछले कुछ दिनों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई है। इस बीच, मंगलवार सुबह बांद्रा पश्चिम के फॉर्च्यून एन्क्लेव में एक आवासीय इमारत की सातवीं मंजिल पर भीषण आग लग गई। इसी बिल्डिंग की ग्यारहवीं मंजिल पर बॉलीवुड के मशहूर प्लेबैक सिंगर शान का घर है। कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है कि आग लगने के वक्त शान घर में थे या नहीं। इस आग के बाद बिल्डिंग में मौजूद 80 साल की महिला को सांस लेने में दिक्कत के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्निशमन विभाग ने आग बुझाने और वहां रहने वाले लोगों को बचाने के लिए 10 गाड़ियां भेजीं।

## बांग्लादेशियों को चिह्नित कर उन्हें जल्द से जल्द देश से निकालने का काम होना चाहिए : गिरिराज सिंह

एजेंसी

**बेगूसराय।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को स्पष्ट लहजे में कहा कि जितनी जल्दी हो बांग्लादेशियों को चिह्नित कर देश से बाहर निकालने का काम होना चाहिए। बेगूसराय के सांसद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने यहां पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा, मैं तो कहता हूं जितना जल्दी से जल्दी हो सके, बांग्लादेशियों को चिह्नित करके उन्हें निकालने का काम होना चाहिए। क्योंकि, आज वे अराजकता का माहौल पैदा कर रहे है, सद्भावना के दुश्मन बन गए हैं। ये लोग अराजकता फैला रहे हैं। सद्भावना को बिगाड़ रहे हैं और गजवा-ए-हिंद की आवाज लगा रहे हैं। यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की तरह अगर महाराष्ट्र की सरकार ने भी ऐसा कहा है, तो गलत नहीं है। सरकार को यह काम करना चाहिए। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने राजद के अध्यक्ष लालू यादव को कथित तुष्टिकरण की टोपी पहनकर सेक्युलरवादी नेता बताया। उन्होंने कहा कि जब हमने हिंदू स्वाभिमान यात्रा निकाली थी, तब तेजस्वी यादव के पेट में दर्द शुरू हो गया।



## इजरायल के रक्षा मंत्री ने हूती ग्रुप को चेतावनी दी

**यरुशलम।** इजरायल ने पहली बार माना है कि उसने हमास नेता इस्माइल हानिया की तेहरान में हत्या करवाई थी। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने एक कार्यक्रम में हूती ग्रुप को चेतावनी देते हुए यह बात कही। कैट्ज ने कहा, हम हूती ग्रुप पर कठोर हमला करेंगे, उनके रणनीतिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाएंगे और उनके नेताओं का सिर कलम करेंगे, ठीक वैसे ही जैसे हमने तेहरान, गाजा और लेबनान में हानीया, सिनवार और नसरल्लाह के साथ किया था।

## फ्रांस में नई सरकार का गठन, बायरू कैबिनेट में दो पूर्व पीएम भी शामिल

**पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री फ्रेंकोइस बायरू ने नई सरकार का गठन किया है। इस सरकार में उन्होंने देश के दो पूर्व प्रधानमंत्री मैनुअल वाल्स और एलिजाबेथ बोर्न को अपने मंत्रिमंडल में जगह दी है। यह जानकारी एलिसी (राष्ट्रपति भवन) से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। समाचार एजेंसी सिंहुआ के मुताबिक, बायरू ने नई सरकार में 14 पूर्ण मंत्रालयों के साथ गठबंधन किया है।

## प्रधानमंत्री ने बजट पर सुझाव के लिए अर्थशास्त्रियों के साथ की बैठक



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली में जाने-माने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 पर उनके विचार और सुझाव जानने के लिए एक बैठक की। दरअसल, बजट से पहले हमेशा हर क्षेत्र के विषेषज्ञों की राय ली जाती है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जाने-माने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ-साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम, देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन, अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला, डीके जोशी समेत अन्य विशेषज्ञ शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि अगामी केंद्रीय बजट के संदर्भ में आर्थिक विशेषज्ञों के विचार एवं सुझाव जानने के लिए यह बैठक आयोजित की गई। वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी, 2025 को लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगी।

## पाक की सैन्य अदालत के फैसले पर अमेरिका ब्रिटेन ने उठाया सवाल

**वॉशिंगटन।** अरसे से सवालों के घेरे में रहे पाकिस्तान की सैन्य अदालत को लेकर अमेरिका और ब्रिटेन ने एकबार फिर सवाल उठाया है। एकदिन पहले सोमवार को पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने इमरान खान के 25 समर्थकों को दो-दस साल की सजा सुनाई। इन्हें वर्ष 2023 में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हुए प्रदर्शनों के दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने का आरोपी बनाया गया था। पाकिस्तान की सैन्य अदालत के सोमवार के फैसले को लेकर अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वाशिंगटन इसे लेकर बहुत चिंतित है कि 9 मई 2023 को विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए एक सैन्य कोर्ट ने पाकिस्तानी नागरिकों को सजा सुनाई है। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि, सैन्य अदालतों में नागरिकों पर मुकदमा चलाने में पारदर्शिता, स्वतंत्र जांच का अभाव है।

## राष्ट्रपति कल 17 बच्चों को प्रदान करेंगी पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार



- दिल्ली के भारत मंडपम में मनाया जाएगा वीर बाल दिवस
- पीएम भी होंगे शामिल, सुपोषित पंचायत योजना का करेंगे शुभारंभ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 दिसंबर 2024 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए चयनित बच्चों को पुरस्कृत करेंगी। इन पुरस्कारों की सात श्रेणियों में असाधारण उपलब्धियों के लिए 14 राज्यों से 17 बच्चों को चुना गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए चयनित 14 राज्यों से 17 बच्चों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुरस्कार देंगी। इन पुरस्कारों की सात श्रेणियों में असाधारण उपलब्धियों के लिए 14 राज्यों से सात लड़के और दस लड़कियों को चुना गया है। इसके तहत प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, प्रमाणपत्र और प्रशस्ति पत्र पुस्तिका मिलेगी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री एक सुपोषित पंचायत योजना का शुभारंभ भी करेंगे और मार्चपास्ट को हरी झंडी दिखाएंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी उद्घाटन भाषण देंगी। इस कार्यक्रम में पीएमआरबीपी पुरस्कार विजेताओं और गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ लगभग 3,500 बच्चे शामिल होंगे।

## गाजा युद्धविराम समझौते की कोशिशों में प्रगति : नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के साथ बंधकों को छुड़ाने के लिए संघर्ष विराम समझौते के प्रयासों में 'प्रगति हुई है'। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि समझौता होने में कितना समय लगेगा। सोमवार को इजरायली संसद नेसेट (इजरायल की संसद) में बोलते हुए नेतन्याहू ने कहा, मुझे नहीं पता कि इसमें कितना समय लगेगा। उन्होंने सभी को घर वापस लाने तक हर संभव तरीके से काम जारी रखने की बात कही। इससे पहले सोमवार को विदेश मंत्री गिदोन सार ने नेसेट की विदेश मामलों और रक्षा समिति की एक बैठक के दौरान इस समझौते के कुछ हिस्सों की जानकारी दी थी।



# अटल जी देश-समाज बनाने के लिए करते थे राजनीति : राजनाथ

- उनके पदचिह्नों पर चलकर मोदी ने भी प्रारंभ की स्वास्थ्य संबंधी अनेक योजनाएं

एजेंसी



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे, तब अटल जी संसद में नेता प्रतिपक्ष थे। उस समय संयुक्त राष्ट्र संघ के फोरम पर जेनेवा में भारत का पक्ष प्रस्तुत करना था, तब नरसिम्हा राव ने कहा कि यह कार्य प्रभावी ढंग से केवल अटल जी ही कर सकते हैं। अटल जी जेनेवा गए। अटल जी का व्यक्तित्व विलक्षण था। यह ऐसे लोग होते हैं, जो राजनीति कुछ प्राप्त करने, कद ऊंचा करने के लिए नहीं, बल्कि देश-समाज बनाने के लिए करते थे। रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मंगलवार को दिलकुशा लॉन, कैंटोमेंट लखनऊ में 'अटल स्वास्थ्य मेला' का शुभारंभ किया। राजनाथ सिंह ने अटल जी से जुड़े संस्मरण भी सुनाए। रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि अटल जी ने प्रधानमंत्री रहते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक योजनाएं प्रारंभ कीं। मोदी जी भी उन्हीं के पदचिह्नों पर चल रहे हैं। देश में 40 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। इसके तहत अब 70 वर्ष से ऊपर हर किसी काा पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज होगा। जनऔषधि केंद्रों पर भी 50 से 80 फीसदी सस्ती दवाएं प्राप्त हो रही हैं। लोगों को इन केंद्रों की जानकारी देनी चाहिए। हमारी सरकार आने के बाद मोदी जी के नेतृत्व में 22 एम्स को स्वीकृति दी गई थी। इसमें 12 से अधिक एम्स बनकर तैयार हो गए, 4 पर कार्य चल रहा है। 2014 में देश में 387 मेडिकल कॉलेज थे, अब इनकी संख्या 780 हो गई है। एमबीबीएस की सीटें पहले 50 हजार थीं, अब 1.20 लाख पहुंच गई हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि यूपी में भी योगी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार स्वास्थ्य कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि कल अटल जी की आयु के 100 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। पूरे देश में जन्मशताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। दुनिया के कई देशों में रहने वाले भारतीय भी अपने देश में अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष को मना रहे हैं। पूरा विश्व-देश उनके कृतित्व व व्यक्तित्व से प्रभावित रहा, लेकिन लखनऊ वाले अपेक्षाकृत अधिक परिचित हैं।

## 39 साल से बंद पड़े जैन मंदिर का जीर्णोद्धार कराएगा जैन समाज

एजेंसी

**मुरादाबाद।** आखिरकार सुरक्षा के भरोसे के बाद उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में 39 साल से बंद पड़े जैन मंदिर को भी अब खोल दिया गया है। जैन समाज के लोग अब इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराएंगे। इसकी साफ-सफाई की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान के पति ने ली है। वर्ष 1985 में डकैती और तोड़फोड़ के बाद समुदाय के लोग यहां से पलायन कर गए थे। पाकबड़ा थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने मंगलवार को बताया कि रतनपुर कलां गांव में बना जैन मंदिर 39 वर्षों से बंद पड़ा था। अब इसे खोला दिया गया है। क्षेत्रीय चौकी इंचार्ज ने गांव के प्रधान पति को मंदिर परिसर की साफ-सफाई कराने को कहा है। उन्होंने बताया कि रतनपुर कलां स्थित जैन मंदिर का हाल जानने के लिए सोमवार को जैन समाज के कई लोग यहां आए थे। इन्हीं लोगों में रतनपुर कलां गांव में जन्मे महानगर निवासी प्रदीप जैन उनके भतीजे आशू जैन भी थे। पैतृक गांव और मंदिर की दशा को देखकर दोनों की आंखें की भर आईं थी। इसके बाद जैन समाज के लोग पुलिस चौकी पहुंचे और मंदिर को अपने स्वरूप में लाने के चौकी प्रभारी से बातचीत की। पुलिस ने ग्राम प्रधान के पति नजाकत को मौके पर बुलाया और कहा कि मंदिर परिसर में साफ-सफाई कराएं।